# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

गुरुवार

12 सितंबर 2024

आपकी आवाज




अगर हमारी सरकार बनी तो हम लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री में देंगे: तेजस्वी 2



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का किया शुभारंभ, बोले...

# हमारा सपना दुनिया की हर डिवाइस में हो इंडियन मेड चिप

- बोले पीएम- भारत का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम सिर्फ भारत नहीं, बल्कि ग्लोबल चैलेंजेस को सॉल्यूशंस देगा
- भारत का फोकस स्टूडेंट्स-प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर
- भारत की नीतियों के कारण बहुत कम समय में इस क्षेत्र में हुआ 1.5 ट्रिलियन रुपए से ज्यादा का इन्वेस्टमेंट





**केटी न्यूज/ग्रेटर नोएडा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उप्र के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि हम सेमीकंडक्टर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत फोकस कर रहे हैं। भारत के लिए चिप का मतलब सिर्फ टेक्नोलॉजी भर नहीं है, हमारे लिए यह करोड़ों एस्पिरेशंस को पूरा करने का माध्यम है। भारत का फोकस अपने स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर है। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपए से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में भारत में हो चुके हैं। भारत इस क्षेत्र में 360 डिग्री एप्रोच के साथ काम कर रहा है। हमारी सरकार भारत में पूरे सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रही है। पीएम ने कहा कि इस साल लाल किले से कहा था कि हमारा सपना है कि दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो। सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए जो भी जरूरी होगा भारत वो सब करने वाला है। भारत का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम सिर्फ भारत के नहीं बल्कि ग्लोबल चैलेंजेस को भी सॉल्यूशंस प्रोवाइड करेगा।

### पीएम बोले... आज का भारत पूरी दुनिया को भरोसा देता है

पीएम मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का 8वां देश है जहां ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से जुड़ा यह भव्य आयोजन हो रहा है। कह सकता हूं कि आप सही समय पर सही जगह पर हैं। 21वीं सेंचुरी के भारत में द चिप्स आर नेवर डाउन और सिर्फ इतना ही नहीं, आज का भारत दुनिया को भरोसा देता है, व्हेन द चिप्स आर डाउन, यू कैन बेट ऑन इंडिया। पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर की दुनिया से जुड़े आप लोगों का नाता डायोड्स से जरूर पड़ता है। डायोड में एनर्जी सिर्फ एक डायरेक्शन में जाती है, लेकिन भारत की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में स्पेशल डायोड लगे हुए हैं। यहां हमारी एनर्जी दोनों डायरेक्शन में जाती है। यह भी बहुत रोचक है। आप इनवेस्ट करते हैं और वैल्यू क्रिएट करते हैं, वहीं सरकार आपको स्टेबल पॉलिसी और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस देती है। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड सर्किट से जुड़ी हुई है। भारत भी आपको एक इंटीग्रेटेड इकोसिस्टम देता है।

### डिजाइनिंग की दुनिया में 20% टैलेंट का योगदान भारत का

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के डिजाइनर्स और उनके जबर्दस्त टैलेंट को तो आप भलीभांति जानते हैं। डिजाइनिंग की दुनिया में 20 प्रतिशत टैलेंट का योगदान भारत करता है और इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। हम 85 हजार टेक्नीशियंस, इंजीनियर्स और आरएंडडी एक्सपर्ट्स की सेमीकंडक्टर वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं। भारत का फोकस अपने स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर है। हाल ही में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की पहली बैठक हुई है। इस फाउंडेशन से भारत के रिसर्च इकोसिस्टम को एक नई दिशा भी मिलेगी, नई ऊर्जा भी मिलेगी। इसके अलावा भारत में वन ट्रिलियन रुपए का स्पेशल रिसर्च फंड भी बनाया गया है। ऐसे इनीशिएटिव से सेमीकंडक्टर और साइंस सेक्टर में इनोवेशन का दायरा बहुत ज्यादा बढ़ने वाला है। आज भारत में डेटा सेंटर की डिमांड लगातार बढ़ रही है, यानि ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को ड्राइव करने में भारत बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है।

### आज भारत बड़े पैमाने पर ग्रीन ट्रांजिशन कर रहा है

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के लिए चिप का मतलब सिर्फ टेक्नोलॉजी भर नहीं है, हमारे लिए यह करोड़ों एस्पिरेशंस को पूरा करने का माध्यम है। आज भारत चिप का बहुत बड़ा कंज्यूमर है। इसी चिप पर हमने दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्ड किया है। भारत में लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित करने में आज यह छोटी सी चिप बड़े काम आ रही है। कोरोना जैसे महासंकट में जब दुनिया के मजबूत से मजबूत बैंकिंग सिस्टम भी चरमरा गए तब भारत में बैंक बिना रुके चल रहे थे। भारत का यूपीआई हो, रूपे कार्ड हो, डिजिलॉकर से लेकर डिजीयात्रा तक अलग-अलग तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन गए हैं। आज भारत आत्मनिर्भर होने के लिए हर सेक्टर में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ा रहा है। आज भारत बड़े पैमाने पर ग्रीन ट्रांजिशन कर रहा है।

### भारत में 360 डिग्री एप्रोच के साथ हो रहा काम

पीएम मोदी ने कहा कि एक पुरानी प्रचलित कहावत रही है 'ले द चिप फॉल, व्हेयर दे में' यानी जो चल रहा है उसे वैसे ही चलने दिया जाए। आज का यंग और एस्पिरेशनल भारत इस भावना पर नहीं चलता। आज के भारत का मंत्र है इंक्रीजिंग द नंबर्स ऑफ चिप्स प्रोड्यूस इन इंडिया और इसलिए हमने सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सारे कदम उठाए हैं। भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने के लिए 50 परसेंट सपोर्ट भारत सरकार दे रही है। हमारी राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर और मदद कर रही हैं। भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपए से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में भारत में हो चुके हैं। आज कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम भी एक अद्भुत योजना है। इसके तहत फ्रंट एंड फैब्स, डिस्प्ले फैब्स, सेमीकंडक्टर पैकेजिंग, कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स, सेंसर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट दिया जा रहा है। यानी भारत में 360 डिग्री एप्रोच के साथ काम हो रहा है। हमारी सरकार भारत में पूरे सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रही है।

### आज का युग सिलिकॉन डिप्लोमेसी का है

क्रिटिकल मिनरल्स को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि क्रिटिकल मिनिरल्स के डॉमेस्टिक प्रोडक्शन और इसके ओवरसीज एक्विजिशन के लिए हमने कुछ दिन पहले क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा की है। क्रिटिकल मिनरल्स को कस्टम ड्यूटी से छूट देना हो, ब्लॉक्स की, माइनिंग की ऑक्शन हो, इन सब पर तेजी से काम हो रहा है। इतना ही नहीं, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस में एक सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर बनाने में भी काम कर रहे हैं। हम आईआईटी के साथ पार्टनरशिप कर रहे हैं, ताकि हमारे इंजीनियर्स न सिर्फ अभी के लिए हाईटेक चिप बनाएं, बल्कि नेक्स्ट जेन चिप पर भी रिसर्च करें। हम इंटरनेशनल कोलाबरेशन को भी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने ऑयल डिप्लोमेसी का नाम सुना है, आज का युग सिलिकॉन डिप्लोमेसी का युग है। इसी साल भारत इंडो पैसिफिक इकॉनमिक फ्रेमवर्क की सप्लाई चेन काउंसिल का वाइस चेयर चुना गया है।

### भारत सेमीकंडक्टर चिप और उनके फिनिश गुड्स भी बनाएगा

पीएम मोदी ने कहा कि एक दशक पहले हम मोबाइल फोन्स के बड़े इंपोर्टर्स में एक थे और आज हम दुनिया के नंबर 2 प्रोड्यूसर और एक्सपोर्टर हैं। अभी एक ताजा रिपोर्ट आई है कि आज भारत 5जी हैंडसेट्स का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट बन चुका है। आज भारत का इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर 150 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा का हो चुका है और अब तो हमारा लक्ष्य और भी बड़ा है। इस दशक के अंत तक हम अपने इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर को 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। इससे भारत के युवाओं के लिए करीब 6 मिलिनयन यानी 60 लाख जॉब्स क्रिएट होंगी। हमारा लक्ष्य है कि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग का 100 प्रतिशत काम भारत में ही हो यानी भारत सेमीकंडक्टर चिप भी बनाएगा और उनके फिनिश गुड्स भी बनाएगा। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हो, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हो या सेमीकंडक्टर हो। हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते हैं जो संकट के समय भी रुके नहीं, ठहरे नहीं, निरंतर चलती रहे।

## अगर 20 सीटें और आ जाती तो ये सब जेल में होते: खड़गे

### कांग्रेस के अध्यक्ष ने भाजपा पर बोला हमला

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। अनंतनाग की रैली में खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अगर 20 सीटें और आ जाती तो ये सब जेल में होते। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कहां गए 400 पार वाले लोग। वो लोग महज 240 सीटों पर ही सिमट कर रह गए।

खड़गे ने कहा कि अगर हमारी 20 सीटें और गई होती तो ये सारे के सारे लोग जेल में होते। ये लोग जेल में ही रहने के लायक हैं। इतना ही नहीं खड़गे ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी भाषण बहुत देती है, लेकिन काम और कथनी में बहुत ही ज्यादा फर्क है। बीजेपी चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन कमजोर नहीं होगा। हमने संसद में अपनी ताकत दिखाई है। हम उसी ताकत के साथ आगे बढ़ेंगे। खड़गे ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन देख भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है, इसलिए वह जम्मू-कश्मीर की लिस्ट बार-बार बदल रही है। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि बीजेपी के लोग इंडिया गठबंधन की एकता को देखकर डर गए हैं। अभी हम राहुल गांधी और फारूक अब्दुल्ला जब हम एक हो गए तब बीजेपी और भी घबरा गई है और डर गई है।



### बीजेपी की नौकरियों का वादा जुमला

बीजेपी के 5 लाख नौकरियों वादे वाले पर खड़गे ने कहा कि यह एक जुमला है। उन्होंने पहले भी यही बात कही थी। उन्होंने हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, क्या उन्होंने दिया। उन्होंने 2 करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, 10 साल बीत गए, जो लोग यहां 1 लाख लोगों को भर्ती नहीं कर सके, वे 5 लाख नौकरियां कैसे देंगे। झूठ बोलने वालों पर भरोसा न करें। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों से यह अपील करता हूं कि वे उन लोगों को वोट दें जो सच बोलते हैं और आजादी के बाद से उनके साथ हैं।

## रामानुजगंज में ज्वेलरी शॉप से 5 करोड़ के सोने की लूट

**एजेंसी/रामानुजगंज**

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में स्थित सोने-चांदी की दुकान से दिनदहाड़े लूटपाट हो गई। बदमाशों ने दुकान से 5 करोड़ रुपए के सोने लूट लिए। इसके साथ ही बदमाशों ने दुकान के संचालक पर कट्टे की बट से हमला कर लहुलुहान कर दिया। ज्वेलरी शॉप में घुसते ही बदमाशों ने पहले दुकान संचालक पर जोरदार हमला किया फिर 15 मिनट में सोना लूटकर भाग निकले। इस हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया है। इस दौरान बदमाशों ने दुकान संचालक के सिर पर जोरदार वार किया था। इस हमले से संचालक खून से लथपथ हो गए थे। बदमाशों ने इतना भयंकर हमला किया था कि वार से संचालक की जान भी जा सकती थी। इतना ही नहीं बदमाशों ने संचालक को गोली से मार देने की धमकी दी थी। जिसके बाद संचालक सहम गया। संचालक को डरता देख बदमाश सोने को बैग में भरने लगे और करोड़ों का सोना लूटकर फरार हो गए।





जानकारी के मुताबिक, रामानुजगंज के नगर पालिका चौक में स्थित राजेश ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। दोपहर करीब 2 बजे बाइकसवार तीन युवक दुकान पहुंचे थे। दुकान के अंदर घुसकर बदमाशों ने कट्टा निकाल लिया और संचालक राजेश सोनी सहित कर्मचारियों को कब्जे में लिया था। बदमाशों ने कट्टे की बट से राजेश सोनी पर हमला किया और दुकान सहित लॉकर मे रखे सोने के जेवरात निकलवाए। इसके बाद सभी जेवरात को बैग में डालकर बदमाश बाइक से फरार हो गए।

दुकान के संचालक राजेश सोनी वार्ड क्रमांक-8 के पार्षद भी हैं। रामानुजगंज में उनकी सबसे बड़ी ज्वेलरी शॉप है। राजेश सोनी ने ज्वेलरी शॉप की ब्रांच बलरामपुर में भी खोली है। वे बलरामपुर ज्वेलरी शॉप संभालते हैं। वहीं रामानुजगंज के ज्वेलरी शॉप का काम उनकी बहन सीमा सोनी देखती हैं। बताया जा रहा है कि, रामानुजगंज के दुकान में ही स्टॉक का पूरा सोना रखा हुआ था। संचालक के मुताबिक, दुकान से लुटेरे करीब 8 किलो सोना लूट ले गए हैं।

## सुरक्षाबलों ने जैश ए मोहम्मद के दो आतंकियों को किया ढेर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षाबलों को आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया है। ये दोनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के टॉप कमांडर थे। इनके पास से हथियार व गोला-बारूद बरामद हुई है। जम्मू रीजन में मौजूद आतंकियों की तलाश और खात्मे के लिए सुरक्षाबलों की टीमें अलग-अलग इलाकों में लगातार ऑपरेशन चला रही है। इन ऑपरेशन को भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीमें अंजाम दे रही है। इसी कड़ी में कठुआ में भी ऑपरेशन चलाया जा रहा था। बुधवार को खंडारा इलाके में आतंकियों की मौजूदगी का इनपुट मिलने पर सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी शुरू की। इस दौरान आतंकियों ने खुद को घिरता देख फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दो आतंकी ढेर हो गए।

## एनआईए की विशेष अदालत ने अवैध धर्म परिवर्तन मामले में 12 दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये मोहम्मद उमर गौतम और मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत 12 लोगों को बुधवार को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनायी। अदालत ने सभी को मंगलवार को दोषी करार दिया था और बुधवार को सजा का ऐलान किया गया। अदालत द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने मोहम्मद उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी, इरफान शेख, सलाउद्दीन जैनुद्दीन शेख, प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा, कौशर आलम, फराज वाबुल्लाशाह, धीरज गोविंद राव जगताप, सरफराज अली जाफरी, काजी जहांगीर और अब्दुल्ला उमर को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

आदेश के मुताबिक, मामले में बाकी चार अभियुक्तों मोहम्मद सलीम, राहुल भोला, मन्नू यादव तथा कुणाल अशोक चौधरी को 10-10 वर्ष की कैद और 50-50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनायी गयी। उप निरीक्षक विनोद कुमार ने 20 जून 2021 को इस मामले में लखनऊ के एटीएस थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।







### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आरक्षण पर की गई टिप्पणी पर केंद्रीय गृह मंत्री ने किया पलटवार

# भाजपा के रहते कोई आरक्षण खत्म नहीं कर सकता: शाह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर अपनी टिप्पणी के कारण घिर गए। अमेरिका में उन्होंने आरक्षण को लेकर बयान दिया था, जिस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर कांग्रेस के आरक्षण विरोधी चेहरे को सामने ला दिया है। उन्होंने कांग्रेस सांसद पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक भाजपा है तब तक न तो कोई आरक्षण खत्म कर सकता है और न ही कोई देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकता है। बता दें कि राहुल गांधी ने अमेरिका के जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि जब भारत निष्पक्ष देश होगा, तब कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जो अभी नहीं है। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूँ कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता।

वहीं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने विदेश दौरे के दौरान जिस तरह की भ्रामक, निराधार और तथ्यहीन बातें कर रहे हैं, वह बेहद शर्मनाक और भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं। उन्होंने कहा है कि भारत में सिख समाज को गुरद्वारों में पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, उन्हें उनके पंथ के अनुरूप व्यवहार करने से रोका जा रहा है। यह बात एकदम बेबुनियाद और सच्चाई से कोसों दूर है।



### राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया

अमित शाह ने कहा, देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जेकेएनसी के देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है। भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गाँधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है।

# तेजस्वी का ऐलान... अगर हमारी सरकार बनी तो हम लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री में देंगे

- समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर बोला हमला
- डबल इंजन भाजपा और एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है



**केटी न्यूज/पटना**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा है कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम बिहार वासियों को 200 यूनिट बिजली फ्री में देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता बिजली के महंगे बिल देते देते थक चुकी है। इसलिए हमलोगों ने यह तय किया है कि जनता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जाएगी ताकि उनको परेशानी का सामना न करना पड़े। समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन भाजपा और एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है। बिहार की जनता महंगी बिजली बिल तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त है। हमारी सरकार आने पर 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार बिहार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है उसने साफ कह दिया है कि बिहार को वह कोई मदद नहीं कर सकते विशेष राज्य का दर्जा नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि गत लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने घोषणा की थी कि अगर महा गठबंधन की सरकार बनती है तो सभी लोगों को 200 यूनिट बिजली फ्री में दी जाएगी। वह अपनी पुरानी बात पर अडिग है आगामी विधानसभा चुनाव में अगर बिहार में सरकार बनती है तो वह 200 यूनिट बिजली फ्री में लोगों को उपलब्ध कराएंगे।

### बिहार सरकार आखिर और कितनी नरबलि लेती रहेगी?

तेजस्वी यादव ने कहा कि हाल के दिनों में सत्ता संरक्षित व संपोषित अपराधियों द्वारा अनेक नेताओं सहित सैंकड़ों लोगों की निर्मम हत्या की गयी है और तीन सांसदों को 'धमकी मिली है। मुख्यमंत्री अपराध और बदहाल विधि व्यवस्था को लेकर बिल्कुल ही बेखबर और बेफिक्र है। अपराधियों के तांडव पर सरकार और एनडीए के नेताओं की चुप्पी उनके द्वारा गुंडों/बदमाशों को दिए जा रहे संरक्षण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बिहार की डबल इंजन सरकार अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए आखिर और कितनी नरबलि लेती रहेगी?

## राज्य में गुंडाराज का आभार करने निकले हैं तेजस्वी: सांसद अरुण

**गया।** बोधगया के महाबोधी सांस्कृतिक केंद्र में बुधवार को लोक जनशक्ति पार्टी की कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने आए जमुई सांसद अरुण भारती ने तेजस्वी यादव पर जमकर हमला किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव राज्य में गुंडाराज और जंगलराज का आभार करने निकले है। उन्हें अभार यात्रा नहीं बिहारवासियों से माफी मांगे। जमुई सांसद अरुण भारती ने कहा कि तेजस्वी यादव जंगलराज के समय में उनकी पार्टी और उनके गुंडे द्वारा किए गए कृत्य का आभार करने के लिए निकले हैं। जब उनको मौका मिला था बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता के तौर पर अपने जिम्मेदारियों को निभाने का तो उस समय तो पूरे सदन तक



गायब रहें। प्रतिपक्ष नेता होने के नाते कई कमेटियों के सदस्य होते हैं। लेकिन, वह कभी नहीं गए। वैसे कमिटी में जाकर राज्यवासियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए आवाज उठाना चाहिए था। अपना कर्तव्य पूरा करते नही है। सांसद अरुण भारती ने कहा कि बिहार में उन्होंने क्या ऐसा कर दिया? किस चीज के लिए आभार करेंगे? क्या वह अपने शासनकाल में वारदातों के लिए लोगों का आभार जताएंगे? राजद के नेताओं द्वारा देख लेंगे कहकर धमकाया जा रहा है। वह कह रहे हैं कि जेल में 90 प्रतिशत हमारे लोग ही भरे हुए हैं। जेल में भी देख लेंगे की बात करते हैं। उन्होंने पूछा कि वह किस चीज का आभार करने निकले हैं? एसी बस में बैठकर खाना खायेंगे। अपनी गलतियों के लिए माफी मांगे। जंगलराज और गुंडाराज के लिए माफी मांगे। अपने दायित्वों को पूरा नहीं करने के लिए माफी मांगे। खुद इस्तीफा देकर अपनी पार्टी के योग्य को चुने उम्मीदवार जो अपने दायित्वों को निभा सकता है। ऐसे लोगों का आभार व्यक्त करें।

## मोदी की रैली में ब्लास्ट करने वाले चार आरोपियों को नहीं होगी फांसी

**पटना हाई कोर्ट ने फांसी की सजा उम्रकैद में बदली**

**केटी न्यूज/ पटना**

पटना के गांधी मैदान में पीएम मोदी की रैली में बम ब्लास्ट करने वाले चार आरोपियों को अब फांसी नहीं होगी। उनकी सजा को उम्रकैद में बदल दिया गया है। इस हमले में पटना हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने चार आरोपियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। हालांकि जिन दो आरोपियों को उम्र कैद की सजा दी गई थी, उनकी सजा वैसी ही रहेगी। गांधी मैदान बम ब्लास्ट मामले में सिविल कोर्ट ने हैदर अली, मोजीबुल्लाह, नोमान और इम्तियाज को फांसी की सजा दी थी। वहीं पटना हाईकोर्ट ने उमर और अजहरुद्दीन की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। हाई कोर्ट के फैसले की जानकारी देते हुए पीड़ित पक्ष के वकील इमरान गनी ने बताया कि फांसी की सजा को उम्र कैद में तब्दील किया गया है, जबकि उम्र कैद की सजा पाने वाले दो आरोपियों की सजा को बरकरार रखा है.

**गांधी मैदान में कब हुए थे बम धमाके?:** 27 अक्तूबर 2013 को पीएम मोदी पटना के गांधी मैदान में हुंकार रैली को संबोधित करने पहुंचे थे। उस दौरान पहला धमाका पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 10 पर मौजूद सुलभ शौचालय के पास हुआ था। इसके बाद गांधी मैदान और उसके आस-पास 6 जगहों पर बम धमाके हुए। इस धमाकों में 6 लोगों की मौत हो गई और 89 लोग घायल हुए थे। इस मामले में बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने तत्कालीन गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे से एनआईए जांच की मांग की थी।

साल 2014 में NIA ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। 187 लोगों ने कोर्ट में गवाही दी थी। पटना की निचली अदालत ने इम्तियाज आलम, नुमान अंसारी, हैदर अली और मोजिबुल्ला अंसारी को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। इसके बाद सभी दोषियों ने पटना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### पटना में कब-कहां हुए थे सीरियल ब्लास्ट

**पहला धमाका :** सुबह 9:30 बजे : पटना जंक्शन के प्लेटफार्म नम्बर 10 के शौचालय में

**दूसरा :** सुबह 11:40 बजे : गांधी मैदान के बाहर उद्योग भवन के पास

**तीसरा :** दोपहर 12:05 बजे : गांधी मैदान के बाहर रीजेंट सिनेमा के पास

**चौथा :** दोपहर 12:10 बजे : गांधी मैदान में बापू की प्रतिमा के पास

**पांचवां :** दोपहर 12:15 बजे : गांधी मैदान स्थित ट्विन टावर के पास

**छठा :** दोपहर 12:20 बजे : गांधी मैदान के पश्चिमी हिस्से में स्टेट बैंक के पास

**सातवां :** दोपहर 12:45 बजे : गांधी मैदान के बाहर चिल्ड्रेन पार्क के पास

**खगड़िया में आयोजित कार्यक्रम में राजद पर जमकर बरसे डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी**

# बिहार में अपराध, गुंडाराज व भ्रष्टाचार का प्रतीक है लालू एंड फैमिली: सम्राट

- उपमुख्यमंत्री सम्राट बोले- समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने का दिया गया है निर्देश

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी बुधवार को हवाई मार्ग द्वारा खगड़िया पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर स्थानीय कोशी कॉलेज के मैदान में दोपहर 11:50 में उतरा। जहां से वे समाहरणालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक शामिल होने के लिए रवाना हो गए। उनके द्वारा सात निश्चय योजना सहित खगड़िया में चल रहे योजनाओं की जानकारी अधिकारियों से ली गई। करीब तीन घंटे बैठक करने के बाद उन्होंने समाहरणालय परिसर में मीडिया से बात की। उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए एक सवाल के जवाब में लालू यादव पर बड़ा हमला किया।

गौरतलब है कि डिप्टी सीएम के साथ खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के अलावा कई विधायक बैठक में मौजूद रहे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव के कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के सवाल पर लालू यादव को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता जानती है किसे वोट करना है। बीते लोकसभा चुनाव में एनडीए का बिहार में 75 फीसदी स्ट्राइक रेट रहा है। उन्होंने लालू यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि लालू यादव अपराध, गुंडाराज और भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं। अपने 15 वर्ष के कार्यकाल में बिहार में कोई विकास नहीं किया।

डिप्टी सीएम ने कहा कि समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में काम हो रहा है। सात निश्चय पार्ट-2 चल रहा है। जो योजना यहां पूरी नहीं हो पाई हैं, उसको लेकर हमने जिला प्रशासन से कहा है कि तेजी से इसको आगे बढ़ाएं। शहर के मुख्य सड़क स्टेशन रोड सहित बाय पास के निर्माण को लेकर जल्द टेंडर जारी होगा। इसके लिए नगर विकास विभाग, पीडब्लूडी और इरीगेशन डिपार्टमेंट को निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं, खगड़िया में नए मेडिकल कॉलेज और इंडस्ट्री की स्थापना को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई है। वहीं, उनके द्वारा खगड़िया शहर के बायपास और स्टेशन रोड सहित मथुरापुर केबिन ढाला के पास निर्माण होने वाले आरओबी स्थल का भी निरीक्षण किया गया।



### उम्मीदवार अनुसेवकों ने किया हंगामा

जानकारी के मुताबिक, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी जिस समय अधिकारियों से बैठक कर सभागार से बाहर निकले, उस समय काफी तादाद में उम्मीदवार अनुसेवक अपनी मांग पत्र को लेकर उनसे मिलने की कोशिश करने लगे। लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण वे लोग डिप्टी सीएम के काफिले के पास नहीं पहुंच सके। उसके बाद उम्मीदवार अनुसेवकों ने हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, डिप्टी सीएम के काफिले के पास मौजूद जिलाधिकारी अमित कुमार पांडेय द्वारा उन उम्मीदवार अनुसेवकों को हाथ पकड़ पीछे धकेल दिया गया।

### राहुल और उनकी पार्टी कभी आरक्षण की समर्थक नहीं रही



राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा बुधवार को दिल्ली से पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उपेंद्र कुशवाहा ने सभी दलों के नेताओं का आभार जताया, जिन्होंने उन्हें राज्यसभा भेजा। साथ ही राहुल गांधी के आरक्षण पर दिए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उपेंद्र कुशवाहा ने विधानसभा चुनाव में सीटों के नए फामूर्ले पर अपने बयान को दोहराते हुए कहा कि एनडीए लोकसभा में हुए अनुभवों से सीख लेकर विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर मजबूती से उतरेगी। इसके साथ ही कुशवाहा ने राहुल गांधी के आरक्षण पर दिए बयान पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल और उनकी पार्टी आरक्षण के कभी समर्थक नहीं रहे हैं, और अब विदेश में जाकर उन्होंने सच्चाई जाहिर कर दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि अब लालू यादव और तेजस्वी यादव इस मुद्दे पर क्या प्रतिक्रिया देंगे?

## जनसुराज पार्टी में मेरी कोई भूमिका नहीं होगी: प्रशांत किशोर

**पटना।** दो अक्टूबर 2022 को हमने जन सुराज अभियान की घोषणा की थी और अब दो अक्टूबर 2024 को पार्टी का विधिवत गठन होगा। मेरी इसमें कोई भूमिका नहीं होगी, केवल पार्टी का रणनीतिकार रहूंगा। यह घोषणा जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को सुपौल में की। पीके ने कहा कि अगले साल मार्च से जुलाई के बीच हम बिहार के प्रत्येक पंचायत को विकसित करने का रोडमैप लोगों के सामने रखेंगे। लेकिन जिन मुफ्तखोरों को बिना काम किए एक-दूसरे का खौफ दिखा कर लोगों का वोट लेने की आदत है, वहीं लोग मुझे बी टीम बताते हैं। मैं जनता का बी टीम हूं और उन्हें ए टीम बना कर ही दम लूंगा।

पीके ने कहा कि बीते 30 साल में बिहार को बर्बाद कर दिया गया और इसके जिम्मेवार सीधे तौर पर लालू-नीतीश हैं। लेकिन, इससे भी बड़ी जिम्मेवार भाजपा और कांग्रेस की है, जिन्होंने केंद्र की सत्ता में बिहार के कुछ सांसदों का समर्थन पाने के लिए बिहार और बिहार के बच्चों का सौदा कर लिया। 1995 और उसके बाद लालू यादव को दोबारा पूर्ण बहुमत नहीं मिली, लेकिन मनमोहन सिंह जैसे प्रधानमंत्री को भी बिहार का जंगलराज और बदहाली नहीं दिखा। वहीं भाजपा भी अन्य राज्यों में पार्टी को तोड़ कर और विधायक खरीद कर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा भी बिहार में 80 सीट के बाद भी शांत बैठी है। नीतीश कुमार से भी बड़े पलटीमार तो ये लोग हैं।

## समस्तीपुर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 10 लोग गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

समस्तीपुर में पुलिस ने सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। एक होटल के कमरे से चार लड़कियों के अलावा छह लड़कों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लड़कियों में एक शहर के कोचिंग की छात्रा का ड्रेस पहन रखी है। सभी युवक और युवतियों को नगर पुलिस अपने हिरासत में ले गई है।

पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। उधर पुलिस ने होटल के उक्त कमरों को सील कर दिया है, जिस कमरे से सभी लड़के और लड़कियां आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ी गई है। मामला शहर के स्टेशन रोड स्थित अमित होटल की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि नगर थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के स्टेशन रोड स्थित अमित होटल में सेक्स रैकेट चल रहा है। सूचना मिलते ही मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की टीम ने होटल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान होटल के कमरे से चार लड़कियों के अलावा छह लड़के आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि सभी लड़के और लड़कियां स्थानीय हैं। होटल में लंबे समय से चल रहे इस सेक्स रैकेट की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने टीम का गठन कर छापेमारी की। इसमें सफलता हाथ लगी।

## सीतामढ़ी में ग्रामीण चिकित्सक की पीट-पीट कर हत्या, आक्रोश

**केटी न्यूज/पटना**

सीतामढ़ी में बुजुर्ग ग्रामीण चिकित्सक की पीट-पीट कर हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना सहियारा थानाक्षेत्र के शाहपुर शीतलपट्टी पंचायत के वार्ड-14 बदुरी गांव की है। मृतक की पहचान थानाक्षेत्र के शाहपुर शीतलपट्टी पंचायत के वार्ड-14 बदुरी गांव निवासी दिवंगत चंद्रदेव सिंह के बेटे अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ऊर्फ हरि सिंह के रुप में की गई है। बताया जा रहा है कि पट्टेदारी को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। घटना को लेकर घायल अमन कुमार सिंह ने बताया कि उनके पट्टेदारों ने लाठी-डंडे लेकर घर पर धावा बोल दिया, जिसमें खुद उनकी बांह टूट गई। वहीं, अमन के पिता हरि सिंह बुरी तरह घायल हो गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

गांव में शव पहुंचते ही पुलिस के खिलाफ ग्रामीण आक्रोशित हो गए और टेंपो पर लदे शव को एनएच पर रखकर सिंगरहिया चौक जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर सहियार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस वाहन को अपने घेरे में ले लिया और हत्या में शामिल आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई ग्रामीण कार्य विभाग की बैठक**

# सरकार अपने द्वारा बनायी सड़कों का निरीक्षण करेगी

**केटी न्यूज/पटना**

सरकारी ठेकेदार अब सावधान हो जाएं। बिहार सरकार अपने द्वारा बनायी गई सड़कों का अब निरीक्षण करेगी। इतना ही नहीं 15 दिनों के अंदर इस निरीक्षण का रिपोर्ट भी तैयार कर लिया जाएगा। बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा खुद इसे देखेंगे। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि नौ साल बाद फिर से मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना की शुरूआत हो रही है। इसके तहत एक हजार पुल बनाए जाएंगे। इसके अन्तर्गत 100 मीटर तक के लम्बाई के पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग एवं 100 मीटर से अधिक लम्बाई वाले पुल का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा कराया जायेगा।



मंत्री ने कहा कि राज्य में कुल निर्मित लगभग 1,17,000 किमी सड़क में से वर्तमान में लगभग 31,000 कि०मी० पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर है एवं सतत रुप से पूर्व से निर्मित सड़क पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हो रही हैं। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना सीमित (लगभग 10,000 किमी मात्र) रूप से लागू था जिस कारण इसमें संशोधन की आवश्यकता महसूस की गयी। ठेकेदार सड़कों का मेंटनेंस ठीक से रहे हैं या नहीं इसकी भी लगातार जांच करवाई जाएगी। मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि वर्ष 2025 तक लगभग 23000 किमी पथों का उन्नयन और नवीनीकरण किये जाने का लक्ष्य है।

इधर, सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी बसावटों तक सड़क-सम्पर्कता सुनिश्चित कराने तथा ग्रामीण सड़कों के बेहतर रख-रखाव के सीएम नीतीश कुमार के निर्देश पर बुधवार दोपहर मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग की एक उच्च स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव सहित इस विभाग के सभी वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि अधीन लगभग 65 हजार किमी ग्रामीण पथों का अनुरक्षण सुनिश्चित कराने के निदेश दिये गये।



# सात निश्चय योजना पार्ट-2 में बक्सर सूबे में पहुंचा दूसरे स्थान पर, पहले था पांचवें नंबर पर

- बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में राज्य में प्रथम आया बक्सर
- सात निश्चय व सात निश्चय-2 के क्रियान्वयन में जुलाई की रैंकिंग जारी



## हर माह होती है सात निश्चय योजना की समीक्षा, हर योजना पर मिलता है नंबर

उप विकास आयुक्त ने बताया कि 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा, जो दो अक्टूबर तक चलाया जाना है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने प्रखंड अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाने एवं कार्यक्रम का सफल आयोजन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि सात निश्चय योजना पार्ट-2 में डीआरसीसी स्तर पर चलने वाले स्टूडेंट क्रेडिट, युवा कौशन आदि का निगरानी स्वंय जिलाधिकारी अपने स्तर से देखते है। और कार्य की समीक्षा करते है। ताकि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं हो। इस कारण यह योजना सदैव अव्वल रहती है।

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार विकास मिशन द्वारा सात निश्चय एवं सात निश्चय-2 की चिन्हित योजनाओं में उपलब्धि के आधार पर माह जुलाई 2024 का रैंकिंग जारी किया गया। जिसमें बक्सर जिला को बिहार राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जिला निबंधन परामर्श केन्द्र बक्सर द्वारा संचालित योजनाओं में बक्सर जिला को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में प्रथम स्थान, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भता योजना में चौथा स्थान तथा कुशल युवा कार्यक्रम में 12वां स्थान प्राप्त हुआ है। समेकित रैंकिंग के लिए सात निश्चय एवं सात निश्चय-2 की अन्य योजनाओं की प्रगति का अनुश्रवण सम्मिलित है, जिसमें जल संसाधन विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग अंतर्गत हर खेत तक सिंचाई का पानी, नगर परिषद ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन शहरी, नगर परिषद हर घर नल का जल (शहरी) का अनुरक्षण, ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रामीण), पंचायती राज विभाग अंतर्गत सभी गांवों में सोलर स्ट्रीट लाईट, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल अंतर्गत हर घर नल का जल (ग्रामीण) का अनुरक्षण उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय एवं सात निश्चय-2 की चिन्हित योजनाओं का वरीय पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक विभागों में कार्य योजना बना कर प्रथम स्थान प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। कचरा अवशिष्ठ के निष्पादन पर प्रशासन की ओर से पूरा ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। ताकि हर पंचायत में बने।

## नप ने ताड़का नाला के पास अतिक्रमणकारियों को भेजा नोटिस

**बक्सर।** नगर में एक बार फिर नगर परिषद अतिक्रमण कारियों पर अभियाने चलाएगा। इस क्रम में नप कार्यपालक पदाधिकारी ने बुधवार को रामरेखाघाटे स्थिते ताड़को नाला के पास अतिक्रमण पायो गया। जिन्हें अपने अतिक्रमण को हटाने के लिऐ नोटिसे जारी किया गयो है। विभागीय जानकारी के अनुसार 19 अतिक्रमणकारियों को नोटिसे जारी किया गयो हैं। यदि निर्धारित समय से अतिक्रमण नहीं हटाते है तो उनके अतिक्रमण पर नगर परिषद का बुलडोजरे चलेगा।

## खबरें फटाफट

### नप ने जन शिकायतों के लिए जारी किया टॉले फ्री नंबर

**बक्सर।** नगर परिषद क्षेत्र में नागरिक सुविधा से संबंधित जन शिकायत को लेकरे टॉले फ्री हेल्प लाइन नंबर जारी कियो है। जिसका शुभारंभ किया गयो है। इसके माध्यम से नगर के लोगों की शिकायत त्वरित गति से होगी। हेल्पे लाईने सेल के माध्यम से नगर परिषद के शिकायत निवारण एवं सुझाव के लिए शुभारंभ किया गयो है। टॉले फ्री नंबर 18008434411 पर अपनी शिकायतों के लिए 24 घंटे व सप्ताह के सातों दिन कार्यरते रहेगा। शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर परिषद चेयरमैने कमरूने निशा, उप चेयरमैन इशरत बानो, कार्यपालक पदाधिकारी बक्सर आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में कियो गया। इस मौके पर ईओ आशुतोष गुप्ता ने बताया कि नगर परिषद के लोगों को अब उनकी समस्याओं का निदान त्वरित गति से होगा। इसके लिऐ टॉले फ्री हेल्प लाइन नंबर जारी किया गयो है। जिसपर नगर वासी इन शिकायतों मृत जानवर से सम्बंधित, धार्मिक व पूजा स्थलों के साफ-सफाई से सम्बंधित, सार्वजनिक स्थलों के साफ-सफाई से सम्बंधित, स्ट्रीटे लाईटे एवं हाई मास्ट से संबंधित, जल आपूर्ति एवं पाइपे लाईने लिकेजे से संबंधित, डोर-टू-डोर कचरा संग्रह से संबंधित, सार्वजनिक

## आरोप: तत्कालीन सीएस की देखरेख में चलते थे कई अवैध नर्सिंग होम

# पूर्व सीएस की कार्य अवधि में लगे गंभीर आरोप, जिलाधिकारी ने गठित की जांच टीम

- डीडीसी ने कहा-सभी साक्ष्यों पर रखी जा रही है पूरी नजर, जांच के दौरान रखी जाएगी पारदर्शिता
- जांच टीम में डीडीसी डॉ महेंद्र पाल व अपर समार्हता संजय कुमार शामिल

**केटी न्यूज/बक्सर**





सेवानिवृति के दिन यानी 31 अगस्त 2024 को सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिन्हा पर गंभीर आरोप लगे है। इस कारण उनका वेतन भुगतान पर डीएम ने रोक लगा दी है। सिविल सर्जन पर लगे आरोपों की जांच के लिए जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने दो सदस्यीय टीम गठित की है। जिसमें डीडीसी डॉ महेंद्र पाल व अपर समार्हता सह जिला लोक निवारण शिकायत पदाधिकारी संजय कुमार शामिल है। टीम ने अपनी जांच प्रक्रिया शुरू भी कर दी है। पीजीआरओ संजय कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम मनीष कुमार से लंबी पूछताछ की। इसके साथ ही सिविल सर्जन कार्यालय के लिपिक सहित अन्य कर्मियों से भी पूछताछ की है। परंतु इस संबंध में कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सारी स्थिति खुलकर सामने आयेगी। जांच टीम हर पहलू पर जांच करने में जुटी हुई है। इसके लिए सभी साक्ष्यों को देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर इन लगे आरोपों व जांच टीम गठित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के महकमें में हड़कंप मच गया है। सभी अपने को बचाने में जुटे है।

### समानता सिक्युरिटी एंड इन्टेलिजेंस सर्विसेज प्रा लि ने लगाये आरोप

समानता सिक्युरिटी एंड इन्टेलिजेंस सर्विसेज प्रा लि ने आवेदन पत्र के माध्यम से शिकायत किया गया है कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा गार्ड एवं साफ-सफाई की एजेंसी के रूप में बीएमएसआईसीएल के चयन में मनमानी की गई है। जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में लिये गये निर्णय का सिविल सर्जन ने नियमों का अनुपालन नहीं किया था। साथ ही उल्लेखित है कि कायार्देश निर्गत करने के बाद भी उनकी एजेंसी के साथ एकरारनामा नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर उदय आदित्य ने डीएम को आवेदन दिया था। एजेंसी के निदेशक उदय आदित्य का कहना है कि समानता सिक्युरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज प्रा. लि. आईसीएल ने चयनित किया था। 5 अगस्त 2024 को स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में मेरी एजेंसी को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा एवं साफ-सफाई का कायार्देश निर्गत करने एवं एकरारनामा हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था। सभी प्रक्रिया करने के बाद भी मनमर्जी तरीके से मेरी एजेंसी को दरकिनार कर दिया गया। वहीं मित्रलोक कॉलोनी बक्सर शम्भूनाथ चौधरी ने आवेदन देकर यह आरोप लगाया है कि सीएस सुरेश चंद्र सिन्हा ने नियमों के विपरीत डॉक्टर का स्थानान्तरण किया है। डॉ श्याम बाबू रजक पूर्व में इटाढ़ी स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत थे। इन पर वित्तीय गबन का आरोप लगा था। अबतक इनके विरूद्ध कारवाई नहीं की गई है। पुनः इनका स्थानांतरण कर दिया गया।

### अवैध क्लीनिक का संचालन

शंभुनाथ चौधरी ने यह भीआरोप लगाया है कि जिले में 100 से ज्यादा आनाधिकृत क्लिनिक संचालित हो रहे हैं। परन्तु तत्कालीन सीएस ने इन सभी को संरक्षण दिया था। आम लोगों की जान का खतरा की संभावना हमेशा बना रहता है। साथ ही शहर के चरित्रवन स्थित शील हॉस्पिटल में शराब पार्टी के बाद जब यह ज्ञात हुआ। कि यह अस्पताल अवैध रूप से संचालित है। तब सिविल सर्जन द्वारा आनन-फनन में खाना-पुर्ति के नाम पर पचास हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है कि सदर अस्पताल में कार्यरत कई डॉक्टर जो बायोमैट्रिक के हिसाब से कार्य नहीं कर रहे थे। अस्पताल से गायब रहते थे। उनके वेतन में कटौती तत्कालीन अस्पताल उपाधीक्षक डॉ आरके गुप्ता ने किया था। परंतु उनके हटते ही बकाया वेतन का भुगतान कर दिया था। सभी डॉक्टरों का वेतन अपडेट कर दिया गया है। ऐसे में यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर किस नियम के तहत वेतन का भुगतान कर दिया गया है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

शिकायतकताओं के आवेदन का अवलोकन कर लिया गया है। आवेदन के आलोक में जांच की जा रही है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से साक्ष्य प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कई बिन्दुओं पर अभी तक साक्ष्य प्राप्त नहीं हो पाया है। जांच प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है।

**डीडीसी डॉ महेंद्र पाल**

## एक नजर

### उपभोक्ता आयोग ने सेवा में त्रुटि पर एलआईसी पर लगाया ब्याज के साथ जुर्माना





**बक्सर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने एक मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम ( एलआईसी ) की सेवा में त्रुटि पाते हुए उसे 5 लाख 52 हजार 960 रूपए का जुमार्ना तथा परिवाद दायर करने से फैसले की तिथि पर छह प्रतिशत की दर से ब्याज तथा क्षतिपूर्ति के तौर पर 25 हजार रूपए व वाद खर्च के रूप में छह हजार का भारी भरकम जुर्माना लगाया है। यह मामला उपभोक्ता आयोग में वर्ष 2018 में दर्ज हुआ था। जिसमें परिवादी संतोष कुमार ने एलआईसी पर अपनी पत्नी के नाम से खोली गई एक पॉलिसी में बीमा का लाभ नहीं दिया था। परिवादी के अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी ने बताया कि परिवादी की पत्नी के नाम से प्रीमियम की पहली किश्त के रूप में 55,296 जमा किया गया था। जिसके बाद पॉलिसी लेने वाली इंद्रावती देवी बीमार पड़ गई तथा इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद उक्त पॉलिसी के नामिनी सह परिवादी ने बीमा के लिए एलआईसी में क्लेम किया था। जहां पहले तो उसे बीमा का लाभ देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में यह कहते हुए एलआईसी ने बीमा का लाभ देने से मना कर दिया कि आपकी पत्नी को पहले से कैंसर था। इसके बाद पीड़ित ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। जहां सेवानिवृत न्यायाधीश सह चेयरमैन उपभोक्ता आयोग वेद प्रकाश सिंह एवं सदस्य राजीव सिंह की खंडपीठ ने विपक्षियों की सेवा में त्रुटि पाते हुए न्यायालय ने सभी कागजातों का बारीकी से अवलोकन करने के बाद अपने फैसले में कहा है कि विपक्षियों ने परिवादी के 1 लाख के बीमा की राशि का भुगतान कर दिया, लेकिन बड़ी राशि का भुगतान नहीं किया जो उसकी सेवा में त्रुटि दशार्ता है। बहस के दौरान परिवादी के अधिवक्ता विष्णुदत्त द्विवेदी ने राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग द्वारा पारित आदेश के अलावा आंध्र प्रदेश उपभोक्ता आयोग द्वारा उपभोक्ताओं के पक्ष में दिए हुए फैसले को दाखिल करते हुए न्यायालय से निवेदन किया था कि उक्त फैसले परिवाद पत्र से पूरी तरह मेल खाता है। जिसको आधार बनाते हुए फैसला सुनाया गया।

### माले नेता का. सुनील चंद्रवंशी की हत्या के खिलाफ माले ने विरोध मार्च निकाला





**डुमरांव।** भाजपा-जदयू सरकार में राजनितिक कार्यकर्ताओ को बनाया जा रहा निशाना माले नेता सुनील चंद्रवंशी के हत्यारो को जल्द गिरफ्तारी को लेकर शहर में भाकपा माले ने विरोध दिवस मनाते हुए जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान माले कार्यकताओं व नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। विदित हो कि अरवल जिला के भाकपा माले नेता सुनिल चंद्रवंशी की हत्या के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत भाकपा माले कार्यकताओं ने डुमरांव में विरोध मार्च निकाला। भाकपा(माले) अरवल जिला कमिटी सदस्य का. सुनील चंद्रवंशी, 55 वर्ष की हत्या अपराधियों ने 10 सितंबर 24 को शाम 7.30 बजे कर दी थी। वे मोटरसाइकिल से करपी से अपने गांव छक्कन बिगहा लौट रहे थे। इमामगंज बाजार और कोचहसा गांव के बीच अवस्थित राइस मिल के नजदीक घात लगाए अपराधियों से गोली चलाकर उनकी हत्या कर दी। माले नेताओं ने विरोध दिवस मनाते हुए भाजपा, जदयू गठबंधन सरकार में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि आय दिन राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं हो रही हैं। वहीं पुलिस के जांच के नाम पर कोरम पूरा कर रही है। पुलिस का यह कहना होता है कि अनुसंधान चल रहा है। विरोध मार्च का नेतृत्व डुमरांव प्रखण्ड सचिव कन्हैया पासवान, माले नेता संजय शर्मा, खेग्रामस के ज़िला सचिव नारायण दास, नगर सचिव कृष्णा राम, मानरूप पासवान, युवा नेता शैलेन्द्र पसवान, चंदेश सिंह, भगवान दास, शिवजी राय आदि कर रहे थे। विरोध मार्च में माले कार्यक्रता हत्यारो को गिरफ्तार करो , और स्पीडी ट्रायल चला कर सजा दो, भाजपा जदयू सरकार अपराधियो को संरक्षण देना बंद करो, माले नेता सुनिल चंद्रवंशी की हत्या क्यों, नीतीश कुमार जवाब दो, बिहार में अपराध रोकने में विफल मुख्यमंत्री इस्तीफा दो जैसे नारे लगाकर अपनी मांगों की आवाज बुलंद कर रहे थे। फिर कामरेड सुनील चंद्रवशी अमर रहें का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।

# राजपुर में कार के साथ भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/राजपुर**



राजपुर पुलिस ने निकृष कठजा पथ पर छापेमारी के दौरान एक लग्जरी कार के साथ भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब की खेप के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वही, बाइक, लग्जरी कार व शराब को जब्त कर लिया गया। एसडीपीओ धीरज कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की यूपी से एक लग्जरी कार पर शराब की खेप बिहार में पहुंचाई जा रही है। जिसकी सूचना पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ टीम गठित कर गुप्त तरीके से संबंधित इलाके में नाकेबंदी कर जांच शुरू कर दी गई। इसके बाद निकृष कठजा मुख्य पथ पर पुलिस पहुंच कर वहां रात को तलाशी कर रही थी। तभी इस रास्ते से उत्तर प्रदेश के तरफ से आ रही एक बाइक को रोका गया। जिस पर दो लोग सवार थे। पुलिस को देखते ही यह दोनों बाइक छोड़ कर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पूछताछ की गई। जिनसे भारी मात्रा में शराब की खेप लेकर आ रही कार की जानकारी दी गई। इनके बताने के अनुसार कुछ देर बाद एक लग्जरी कार आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर उस पर सवार दो व्यक्ति गाड़ी रोककर भागने लगे। जिसमें से पुलिस ने खदेड़ कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जबकि, दूसरा अंधेरे का फायदा उठा भाग गया। डीएसपी ने बताया कि उक्त कार से पकड़ा गया तस्कर रोहतास जिला निवासी नटवार थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पिता शेषनाथ सिंह है, जबकि, बाइक सवार युवक डिहरी गांव निवासी श्याम सुंदर पासवान पिता नंद पासवान एवं मनु कुमार पिता लालवृक्ष चौधरी है। वही, फरार कार चालक राजू कुमार है जो सासाराम के लालगंज का रहने वाला है। इसके खिलाफ पुलिस द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार तस्करों के पास से 14 कॉर्टन में बंद ग्रीन व्हिस्की, रॉयल चौलेंज सेलेक्ट प्रीमियम एवं अन्य विदेशी शराब सहित कुल 137 लीटर शराब, एक लग्जरी गाड़ी, एक बाइक को बरामद किया गया है।

# संदेहास्पद परिस्थिति में जवान की मौत, बाथरूम की खिड़की से लटका मिला शव

- दो दिन पहले हुई थी मौत, एसएफएल टीम ने लिया जांच नमूना
- जवान की पहचान सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के मटिहानी निवासी के रूप में हुई

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के हरियाणा फार्म स्थित बी सैप कैंप परिसर में एक जवान की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है। उसकी मौत दो दिन पहले ही हुई थी, शव से दुर्गंध आने के बाद साथी जवानों को इस बात की जानकारी हुई। बुधवार को उसका शव कैंप के बाथरूम की खिड़की से लटका मिला। जवानों ने इसकी जानकारी कैंप कमांडेंट अजय कुमार पांडेय को दी जबकि कमांडेंट ने स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डुमरांव थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा है। वही एसएफएल की टीम भी मौके पर पहुंच साक्ष्य इकट्ठा किए है। मृत जवान की पहचान सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी इन्द्रशेखर प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र अजय कुमार राय के रूप में हुई है। वह 2008 बैच का सिपाही था तथा 4 दिन पहले ही छुट्टी बिता गांव से लौटा था। उसने आत्महत्या क्यों कि इस मामले में बी सैप प्रबंधन कुछ जानकारी नहीं दे रहा है, जबकि डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने मामला की पुष्टि करते हुए बताया कि अभी जांच चल रही है। इस घटना के बाद बी सैप कैंप परिसर में हड़कंप मच गया है। गौरतलब हो कि इसके पहले भी इस कैंप परिसर में जवानों के आत्महत्या करने के मामले सामने आए हैं। जवानों द्वारा लगातार आत्महत्या किए जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## शहर के नेहरू स्मारक हाई स्कूल में हुई विज्ञान के शिक्षकों की एकदिवसीय कार्यशाला, जिले भर विज्ञान विषय के शिक्षकों ने लिया भाग

# शिक्षक विज्ञान विषय सरल तरीके से पढ़ाएं, बच्चों में बढ़ेगी दिलचस्पी : डीईओ

- इंस्पायर अवार्ड मानक में विज्ञान शिक्षक की लापरवाही काफी चिंताजनक

**केटी न्यूज/बक्सर**



विज्ञान विषय से अक्सर बच्चें भागते है। क्योंकि उन्हें वह समझ में नहीं आता है। ऐसे में शिक्षकों का दायित्व बन जाता है कि बच्चों के मनोभाव को समझते हुए उन्हें आसान व सरल भाषा में समझाये। जब बच्चों की रूचि इसमें होने लगती है। तब वह आसानी से विज्ञान विषय को समझने लगते है। उक्त बातें जिला शिक्षा पदाधिकारी शारिक अशरफ ने विज्ञान कार्याशाला के दौरान नेहरू स्मारक विद्यालय में कहीं। उन्होंने कहा कि विज्ञान शिक्षक विद्यार्थी विकास में अपने योगदान को सुनिश्चित करें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अपने दायित्व के प्रति जवाबदेह हो।इस कार्यशाला में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नाजिश अली ने भी विज्ञान शिक्षक को विद्यार्थी विकास केप्रति प्रेरित किया ,साथ ही साथ समाज ,स्कूल के विकास के बहुमुखी फायदे बताएं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इंस्पायर अवार्ड मानक में विज्ञान शिक्षक की लापरवाही को चिंताजनक माना , साथ ही साथ जवाबदेही तय करने की बात भी कहीं ,जिन विज्ञान शिक्षक इंस्पायर अवार्ड मानक में अपने कर्तव्य का बोध कर्तव्य नहीं निभाएंगे ,उन पर कड़ी कार्रवाई की बात भी स्पष्ट रूप से कहीं , पुणे के वैज्ञानिकों ने 55 विज्ञान शिक्षक को इसके लिए प्रशिक्षित भी किया था। शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी इस कार्यशाला में सहयोगी की भूमिका में रहे, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डुमरांव के उप प्राचार्य नवनीत कुमार सिंह ने इंस्पायर अवार्ड मानक पर विद्यार्थियों के नवाचार में समस्या समाधान पर विस्तृत बातें कहीं । नवाचार को जिला ,राज्य और देश स्तर तक कैसे अग्रसारित कर सकते हैं ,इन पर बातें हुई ,प्रोजेक्ट विधि के माध्यम से बहुत सारी बातें कही गई। जिला तकनीकी टीम इंस्पायर अवार्ड के सदस्य , बिहार मैथमेटिकल सोसायटी जिला बक्सर के सदस्य भी उपस्थित रहे । मंच संचालन एम के शशि ने निभाया। कार्यशाला के सफल संचालन में सुरेंद्र सिंह ,डॉक्टर मनीष कुमार शशि , कुंदन राय, जितेंद्र प्रसाद, अजय कुमार, उदय झा ,शिल्पम इत्यादी कार्यशाला में शामिल रहे।




# अनुमंडल अस्पताल के बंद पड़े मदर केयर यूनिट में शिफ्ट हुआ डेंगू वार्ड

- दस बेड की होगी व्यवस्था, जांच के लिए किट भी उपलब्ध
- मदर केयर यूनिट बनने के दो साल बाद तक पड़ा था बंद, विधानसभा में उठा था सवाल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल अस्पताल के नये भवन (मदर चाइल्ड केयर यूनिट) में डेंगू मरीजों के लिए दस बेड का वार्ड तैयार किया गया हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिले निदेर्शों के बाद इस दिशा में कवायद शुरू हो गयी हैं। बेडो के वार्ड में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। फिलहाल यहां डेंगू का कोई मरीज नहीं मिला हैं। लेकिन, इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के स्तर से तैयारी पूरी कर ली गयी हैं। पिछले साल डेंगू के दो मामले सामने आये थे। इस बार पूर्व में ही स्वास्थ्य विभाग ने अपनी कमर कस ली हैं। अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि इस अस्पताल में दस बेड का वार्ड पहले से बना हैं। जिसको नये भवन में शिफ्ट किया गया हैं। हर बेड मेडिकेटेड मच्छरदानी लगायी गयी हैं। मरीजों के जांच के लिए किट भी उपलब्ध हैं। प्रारंभिक जांच एटिजन किट से होगी और उसमें पुष्टि होने के बाद एलाईजा किट से जांच की जायेगी। यदि इसमें भी पुष्टि होती हैं तो मरीज को डेंगू संक्रमित माना जायेगा और इलाज शुरू होगा। अस्पताल डेंगू मरीजो के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। दवा भी उपलब्ध हैं। वैसे




मरीजों के प्लेटलेट्स पर विशेष नजर रखी जाती हैं।

**डेंगू के लक्षण:** डेंगू में कई तरह के लक्षण दिखते हैं। शुरूआत में यह बुखार की तरह होता है। संक्रमित मच्छर के काटने पर करीब 5 से 10 दिनों के बाद इसके लक्षण दिखाई देत हैं। इसमें तेज बुखार होने के साथ ही सिर दर्द भी होता है। मांसपेशियों और हड़ी या जोड़ों में दर्द, आंख के पिछले वाले हिस्से में दर्द, त्वचा पर चकता या लाल रंग का दाना उभरता है। ज्यादातर मामलों में लोग ठीक हो जाते हैं। ज्यादा समस्या होने पर प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। मरीजों को रेफर करने की भी व्यवस्था हुई है। इसके लिए मरीजों को एम्बुलेंस की सुविधा उपलबध करायी जाती है।

**दिन में काटता है डेंगू का मच्छर:** डेंगू का मच्छर लोगों को दिन में काटता है। डेंगू का संक्रमण होने के बाद दर्द निवारक दवा का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके कई साइड इफेक्ट भी होते हैं। इसकी वजह से प्लेटलेट्स घट जाता है। डेंगू का शिकार होने पर प्लेटलेट्स की जांच कराई जाती है। डेंगू मच्छर साफ पानी में भी पनपता है। खाली कंटेनर, टायर, कूलर, गमला आदि जगहों पर पानी में डेंगू का मच्छर पनपता है इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत हैं। विदित हो कि यह भवन पिछले दो साल से बनकर तैयार है। परंतु बंद पड़ा था। स्वास्थ्य विभाग इसी शुरू करने के लिए डॉक्टर के नहीं होने का रोना रोता था। इस संबंध में विधानसभा में सवाल उठाया गया। सवाल उठाये जाने के बाद दो डॉक्टरों का तबादला भी अनुमंडल अस्पताल में कर दिया गया। बावूजद यह सेंटर बंद पड़ा हुआ है। इसमें मदर केयर युनिट खोलने की कोई पहल नहीं की जा रही है।

# धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**केटी न्यूज/केसठ**

धारा प्रवाहित बिजली की तार की चपेट में आने से एक गधे ने दम तोड़ दिया। घटना केसठ प्रखंड अंतर्गत रामपुर गांव की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार कि शाम रामपुर गांव निवासी ददन रजक गधे को ले कर घर जा रहे थे। ऊपर से घर में बिजली के लिए धारा प्रवाहित बिजली तार गुजरा हुआ था। जिस पर बिजली का तार टूटकर गधे पर गिर पड़ा। इसके चपेट में आने से मौके पर ही दम तोड़ दी। पीड़ित व्यक्ति ने बताया की गधे की कीमत लगभग 50 हजार रुपए से अधिक था। इससे परिजनों में काफी शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर जुट गए। वही मुखिया प्रतिनिधि द्वारा इसकी सूचना बिजली विभाग को दी और मुवावजा देने की बात कही। उन्होंने बताया की ये बिजली विभाग की घोर लापरवाही है। जो जर्जर तार को रिपेयर कर काम चला रही है। जबकि उन्हें जर्जर तार को तत्काल बदल देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा की बिजली विभाग के एक मिस्त्री के द्वारा जहा जहा बिजली के जर्जर तारों को रिपेयर किया जा रहा है, इस काम में वे लापरवाही कर रहे है। उन्होंने करवाई करने की मांग किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अक्सर बिजली कंपनी की लापरवाही से दूसरे जान जा रही है।

## जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने की जलापूर्ति योजनाओं में अनुश्रवण एवं रख रखाव की समीक्षा

# जिलाधिकारी बोले... जल्द शुरू कराएं केशोपुर जल शोध संयत्र से जलापूर्ति



- डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई नल जल योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में नल जल योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में ग्रामीण वार्डों में संचालित जलापूर्ति योजनाओं में अनुश्रवण एवं रख रखाव की समीक्षा विस्तार से की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर द्वारा बताया गया कि पंचायती राज विभाग से हस्तांतरित 1140 योजनाओं में से 1097 योजनाओं को क्रियाशील किया गया है। शेष 43 योजनाओं में कार्य शेष है। इन 43 योजनाओं में निविदा का कार्य अंतिम चरण पर है, जिसके बाद शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र कार्य कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में 15वीं वित के माध्यम से प्रत्येक माह अनुरक्षक को दो हजार रुपए की दर से एवं 2500 रुपए की दर से औसतन विद्युत प्रभार का भुगतान किया जाना है। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी, को निर्देश दिया कि 25 सितंबर 2024 तक सभी प्रकार के लंबित विपत्र का भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे। केशोपुर बहुग्रामी जलापूर्ति योजना, सिमरी की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि योजना का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति विभाग स्तर पर लंबित है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विभाग से समन्वय स्थापित कर लक्षित लगभग सभी 37 हजार घरों में शुद्ध गंगाजल की आपूर्ति यथाशीघ्र करना सुनिश्चित करेंगे। ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके। इस कार्य में किसी तरह का विलंब नहीं किया जाए।

# आंगनबाड़ी के लिए चिन्हित जमीन को कराएं अतिक्रमणमुक्त : डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर के सभाकक्ष में की गई। बैठक में डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित अंचलाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र के लिए चिह्नित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा चिन्हित जमीन पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कई ऐसे मामले सामने आ रहे है जिसमें यह पता चल रहा है कि आंगनबाड़ी केंद्र की भूमि पर अतिक्रमण है। जिस कारण वहां पर आंगनबाड़ी केंद्र नहीं बन पा रहा है। ऐसी भूमि का चिन्हित करते हुए तत्काल सीओ के माध्यम से अतिक्रमण हटाया जाए। इसमें किसी तरह का विलंब नही किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार पदाधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि इसकी समीक्षा प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में निश्चित रूप से की जाय। पंचायत सरकार भवन के क्रियाशीलता की समीक्षा के क्रम में प्रगति खेदजनक पाया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पंचायत सरकार भवन पर आम जनों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की कार्य योजना बनाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पंचायत स्तरीय बैठक को पंचायत सरकार भवन में कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, डुमरांव ने बताया कि पंचायत सरकार भवन, कोरनसराय पर ऑनलाइन सेवाओं को प्रारंभ किया गया है, लेकिन आवेदनों की संख्या संतोषप्रद नहीं है। सोलर स्ट्रीट लाईट की समीक्षा के क्रम में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन नहीं उपलब्ध कराया। इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण करते हुए वेतन भुगतान को स्थगित करने का निर्देश डीएम ने दिया। प्रबंधक, जिला निबंधन परामर्श केन्द्र बक्सर को निर्देश दिया गया कि जिला निबंधन परामर्श केन्द्र अंतर्गत संचालित योजनाओं यथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भता एवं कुशल युवा कार्यक्रम का पंचायतों में कैम्प लगाकर प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में छात्रों एवं जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दे उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को तक पहुंच सके।

# मणिया पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक पर 44 लाख से अधिक के धान गबन का मामला दर्ज

- डीसीओ के निर्देश पर नावानगर के सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी ने सोनवर्षा ओपी में दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/नावानगर**

अनुमंडल के नावानगर प्रखंड के मणिया पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक पर धान गबन का मामला दर्ज हुआ है। जिला सहकारिता पदाधिकारी के निर्देश पर नावानगर के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार ने पैक्स अध्यक्ष मणिया निवासी नीरज कुमार तथा प्रबंधक मनकी गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार पर सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में 44 लाख 11 हजार 32 रूपए मूल्य के 1997.75 क्विंटल धान के गबन का आरोप लगाया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने बताया है कि खरीफ वर्ष 2023-24 में मणिया पैक्स द्वारा कुल 34 किसानों से 4109 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति की गई थी, जबकि इस मुकाबले राज्य खाद्य निगम ( बीएसएफसी ) को मात्र 1460 क्विंटल धान की आपूर्ति ही की गई है। शेष 1997.75 क्विंटल धान के संबंध में कई बार पैक्स अध्यक्ष तथा प्रबंधक से स्पष्टीकरण पूछा गया था, जिसका एक बार भी जवाब उनलोगों ने नहीं दिया। मंगलवार को ही सहकारिता प्रसाद पदाधिकारी ने उक्त पैक्स के गोदाम का भौतिक सत्यापन किया था, जिसमें गोदाम में धान नहीं मिला। इसके बाद सभी पहलूओं पर जांच किया गया। परंतु संतोष जनक जवाब नहीं मिला था। जाहिर है मणिया पैक्स प्रबंधन द्वारा उक्त धान का गबन कर लिया गया है। इसके बाद बीसीओ ने इसकी जानकारी डीसीओ को दी। डीसीओ के निर्देश पर पैक्स अध्यक्ष व प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद दोनों की मुश्किलें बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर सोनवर्षा ओपी प्रभारी नवीन कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# बक्सर के नये डीईओ बने अमरेन्द्र कुमार पांडेय

**बक्सर।** अमरेन्द्र कुमार पांडेय को बक्सर जिले का नया जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है। वे पूर्व में भी बक्सर में डीपीओ रह चुके है। शिक्षा विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वही, प्रभारी डीईओ मो. शारिक अशरफ भी अभी बक्सर जिले में ही बने रहेंगे। बता दें कि पूर्व डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी के सेवा निवृत होने के बाद से बक्सर में डीईओ का पद प्रभार में चल रहा था। इस दौरान तेज तर्रार डीपीओ शारिक अशरफ को डीईओ का प्रभार दिया गया था। लेकिन, विभाग द्वारा अब बक्सर में स्थानीय डीईओ की नियुक्ति कर दी गई है। हालांकि, उन्होंने अभी पदभार नहीं लिया है। शीघ्र ही पदभार लेगें।

# शादी की नीयत से युवती का अपहरण, तीन पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/नावानगर**

बासुदेवा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का अपहरण शादी की नियत से करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में युवती के मां ने अपने ही गांव के युवक व उसके माता पिता पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए बासुदेवा थाना में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में पीड़िता के मां ने बताया है कि उनकी बेटी घर से चौगाई बैंक से पैसा निकासी करने गई थी। जो देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी। युवती के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन करने लगे। इसी क्रम में परिजनों को मालूम हुआ कि गांव के ही एक युवक ने शादी की नियत से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया है। बताया कि उनकी बेटी के अपहरण करने में युवक के माता पिता का भी सहयोग है। इस संबंध में बासुदेवा थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि युवती के मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। युवती की तलाश की जा रही है।

# बुनियाद केंद्र के रास्ते से हटेगा गैरेज, डीएम ने दिया आदेश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थिति बुनियाद केन्द्र में जाने के लिए कच्चा और सकरा रास्ता है। इस रास्ते में एक पीएचसी का गैरेज मौजूद है। उक्त गैरेज को हटाने के लिए इसके पहले निरीक्षण के दौरान पीएचसी प्रभारी डा. आरबी प्रसाद और बीडीओ संदीप कुमार पांडेय को आदेश दिया था, लेकिन उसे नहीं हटाया गया था।

बीते सोमवार को डीएम अंशुल अग्रवाल निरीक्षण में डुमरांव आए थे। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीएचसी में जाकर बुनियाद केन्द्र जाने वाले रास्ते से होकर गुजरे। गैरेज नहीं हटाए जाने पर उन्होंने पीएचसी प्रभारी का जमकर क्लास लगाया। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि दिव्यांग इस रास्ते से कैसे गुजरेंगे। जब पीएचसी प्रभारी की क्लास लग रही थी तो वहीं पर बीडीओ और एसडीओ भी मौजूद थे। फिर उन्होंने गैरेज को हटाने का आदेश दिया। बता दें की बुनियाद केन्द्र जाने के लिए पीएचसी होकर यदि गैरेज हटा दिया जाता है तो असान रास्ता हो जाएगा। फिर एक रास्ता है पुलिस बैरक के पीछे से होकर, उसे बनाने में काफी खर्च आ सकता है। लिहाजा गैरेज जो है, उसकी कोई उपयोगिता नहीं है, उसे तोड़ रास्ता बनाया जा सकता है।

# पुराना थाना रोड़ में नाली की सफाई 15 वर्षों ने नहीं हुई, डेंगू की आशंका

- डेढ़ दशक से पुराना थाना रोड में नया थाना से डा. जगनारायण सिंह मोड़ तक नहीं हुई नाले की सफाई

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद सफाई के मामले में नगरवासियों को कभी संतुष्ट नहीं कर पाया है। कभी नाली जाम तो कभी कूड़े ढेर रोड पर दिखाई पड़ते रहता है। शहर के पुराना थाना रोड के नाली की सफाई नप द्वारा विगत 15 सालों से नहीं हो पायी है। पानी बदबू देता है, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं है। इधर डेंगू और डायरिया का प्रकोप जिले में फैलने से नगरवासियों में दहशत व्याप्त है। शहर के विस्तारित क्षेत्रों में शामिल बनकट गांव और महरौरा में विगत दिनों डायरिया फैल हुआ था। इसके चपेट में आने थे दो की मौत हो गई थी। नाले की सफाई नहीं होने और पानी के सड़ जाने से गंद आने से मोहल्लेवासियों में दहशत फैल गया है। पुराना थाना रोड में नयाथाना से डा. जगनारायण सिंह मोड़ तक नाली की सफाई विगत पंद्रह सालों से नहीं हो पायी है। इतना ही मोड़ के पास नाली को जाम कर दिया गया है। नाली जाम होने से इसका पानी विगत पंद्रह सालों से नहीं निकल रहा है। पानी नहीं निकलने की दिशा में सड़कर दुर्गंध दे रहा है। इस संबंध में जदयू के नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता, भाजपा अल्पसंख्यक के जिला महामंत्री अब्दुल्ला हाशमी, राजद के जिला सचिव श्रीभगवान सिंह यादव का कहना है कि इस नाले की सफाई पंद्रह साल से नहीं हुआ है, इस दरम्यान कई बोर्ड बना, लेकिन सफाई पर किसी ने नहीं ध्यान दिया। उसे इस पर ध्यान देना होगा, नहीं तो किसी दिन यह घातक साबित हो सकता है। इस संबंध में जब चेयरमैन सुनीता गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा की इसकी जानकारी मुझे नहीं है। चौबीस घंटे के भीतर नाले की सफाई करायी जाएगी।

## चौसा में लगे कैम्प में एसआईएस सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती के लिए निकाला आवेदन

# एसआईएस ने नौकरी के लिए लगाया कैंप, 32 ने जमा किये फार्म

**केटी न्यूज/बक्सर**

- जिला नियोजन के तहत प्रखंड व ग्रामीण क्षेत्र के युवकों को प्रखंडवार भर्ती के लिए किया था आवेदन की मांग

जिले में स्थानीय व ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देने हेतु मंगलवार से एसआईएस सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए प्रखंडवार भर्ती कैम्प लगाया जा रहा है। जिसके तहत दूसरे दिन बुधवार को चौसा प्रखंड सभागार भवन में भर्ती कैम्प लगाया गया। जहां क्षेत्र के सैकड़ों युवा कैम्प में पहुंचे थे। हालांकि, 32 लोगों ने ही रोजगार हेतु आवेदन जमा किये गए। बता दें कि जिला नियोजन के तहत प्रखंड व ग्रामीण क्षेत्र के युवकों व बेरोजगारों के लिए सिक्युरिटी सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर के प्रखंडवार भर्ती का आयोजन किया गया है। जिन्हें कम्पनी द्वारा एक महीने की ट्रेनिग दी जाएगी। जिसके लिए आवेदक को 22 सितंबर को भोजपुर जिले के बहियारा कमांडेंट कार्यालय पहुंचना होगा। इसमें काम करने वालो को 17 हजार से 25 हजार का प्रति माह वेतन मिलेगा। जबकि, सुरक्षा सुपरवाइजर को 19500 से



30,000 तक वेतनमान दिए जाएंगे। इसके लिए प्रखंडवार शिविर के लिए तिथि का प्रकाशन किया गया। जिसमे 10 सितम्बर को राजपुर प्रखंड परिसर में, 11 सितम्बर को चौसा प्रखंड परिसर में, 12 सितम्बर को इटाढी प्रखंड परिसर में, 13 सितम्बर को संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई. परिसर में, 14 को डुमरांव प्रखंड परिसर में, 17 सितम्बर को नावानगर प्रखंड परिसर में, दिनांक 18 सितम्बर को ब्रह्मपुर प्रखंड परिसर में, 19 सितम्बर को केसठ प्रखंड परिसर में, 20 सितम्बर को चौगाई प्रखंड परिसर में एवं 21 सितम्बर को सिमरी प्रखंड परिसर में निर्धारित किया गया है। ट्रेनी अफसर सतेंद्र नारायण ने बताया कि बुधवार को लगे कैम्प में चौसा प्रखंड से कुल 32 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किये गए। उन्होंने बताया कि उक्त शिविर में आवेदकों का चयन एसआईएस इंडिया लिमिटेड के माप दण्ड के अनुसार की जाएगी। जिसमें चयनित अभ्यर्थियों का एक माह का आवासीय प्रशिक्षण एवं किट सामग्री दी जायेगी। जिसका शुल्क अभ्यर्थियों को वहन करना होगा।



## पदभार ग्रहण करते ही रोहतास की जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी कई लोगों की समस्याएं

# जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को दिया निर्देश लोगों की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करें

♦ जिला के विभिन्न प्रखंडों से फरियादियों की उमड़ी थी भीड़

**केटी न्यूज/रोहतास (सासाराम)**



जनता दरबार में जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कई फरियादियों की समस्याएं सुनी और उन्होंने उन समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया। जिला मुख्यालय में बुधवार को जनता दरबार में ज्यादातर महिला फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर आई थीं। नटवार थानांतर्गत खैरहीं गांव की निवासी सोनी देवी ने अपने आवेदन में बताया कि इसी गांव के निवासी भरत साह ने उन्हें जमीन खरीदने के नाम पर धोखा देकर 4.50 लाख रुपए ले लिया है और उनके नाम से जमीन भी नहीं खरीदा है। सोनी देवी अपने आवेदन में बताती हैं कि जब वे भरत साह से पैसे मांगने जाती हैं तो उन्हें गाली-गलौज और मारपीट कर भगा दिया जाता है और पैसे देने में टालमटोल किया जाता है। जिलाधिकारी ने उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। फजलगंज निवासी एक लड़की ने अपने आवेदन में बताया कि उनके घर वाले उनकी जबरदस्ती शादी कर रहे हैं। उन्होंने अपने आवेदन में आगे बताया कि वे पढ़ना चाहती हैं, लेकिन घर वाले उनकी एक नहीं सुन रहे हैं। इसलिए वह अपनी अर्जी लेकर जिलाधिकारी के पास आई हैं। जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह ने वीमेन हेल्पलाइन के पदाधिकारी को बुलाकर निर्देश दिया कि वे लड़की और उनके घर वालों को बुलाकर बातचीत करें और उनकी काउंसलिंग कर हर संभव सहायता पहुंचाएं। शिवसागर थाना अंतर्गत पहाड़पुर गांव के निवासी अमरदीप कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पिता स्वर्गीय नागेंद्र कुमार की मृत्यु एक साल पहले रोहतास अंचल कार्यालय में आदेश पाल के पद पर रहते हुए हो गई थी। उनकी मां की भी मृत्यु हो गई है और अब वे केवल दो भाई हैं। दो भाइयों की आपसी कलह की वजह से अभी तक उन्हें पिताजी की मृत्यु उपरांत सेवांत लाभ, अनुकंपा सेवा लाभ इत्यादि नहीं मिला है।

उन्होंने अपने आवेदन में जिलाधिकारी से सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है। दिनारा थाना अंतर्गत विछियाव गांव की निवासी रानी देवी ने अपने आवेदन में बताया कि असामाजिक तत्वों के द्वारा धमकी दिए जाने से उनका पूरा परिवार सहमा हुआ है और अभी तक उस व्यक्ति के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने उनके आवेदन को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक रोहतास से इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। नासरीगंज के निवासी उदय राम ने अपने आवेदन में बताया कि उनका जन वितरण प्रणाली अनुज्ञप्ति रद्द कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने उनके आवेदन के संबंध में निर्देश दिया कि वे इस मामले को जिलाधिकारी के कोर्ट में प्रस्तुत करें। रोहतास ब्लॉक के चुटिया थाना अंतर्गत परछा गांव के निवासी गोरख राम ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पिताजी को भू-बंदोबस्ती वाद संख्या 15/9394 के द्वारा खाता संख्या 407, प्लॉट संख्या 39 में रकबा 84.5 डिसमिल जमीन बंदोबस्त है। उन्होंने अपने आवेदन में आगे बताया कि जमीन पर जाने के लिए उन्होंने अंचलाधिकारी को रास्ता चालू करने का आवेदन किया था, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी ने डेहरी के अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को मामले पर सुनवाई आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। नोखा के निवासी मुन्ना कुमार ने बताया कि वह विकलांग है और उनकी बैटरी साइकिल खराब हो गई है। जिलाधिकारी ने एडीएसएस को उक्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। गिरधरिया के निवासी रोहित कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि शिवसागर प्रखंड स्थित शिवसागर गांव में पिछले कई वर्षों से तालाब की सफाई नहीं हो पाई है, जिससे तालाब में बहुत गंदगी हो गई है। उन्होंने अपने आवेदन में आगे बताया कि तालाब में गंदगी के कारण आगामी छठ पूजा में गांव के निवासियों को पूजा अर्चना करने में काफी दिक्कत हो सकती है, इसलिए तालाब की सफाई अति आवश्यक है। जिलाधिकारी ने उक्त आवेदन पर संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है।

## आज छपरा आएंगे सीएम, डीएम-एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**छपरा।** आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सारण जिले में आगमन है। राज्य मुख्यालय ने गुरुवार को सीएम के सारण आगमन की सूचना आयुक्त, डीएम-एसपी व अन्य वरीय पदाधिकारियों को दी। मुख्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण होगा। मंत्रिमंडल सचिवालय से सीएम के आगमन की हरी झंडी मिलने के बाद जिला प्रशासन के स्तर पर अलग-अलग विभागों में बैठकों का दौर बुधवार को दिनभर चलता रहा। जिला पदाधिकारी से लेकर डीडीसी, एडीएम व अन्य पदाधिकारी आगमन को ले अलर्ट मोड में थे।मुख्यमंत्री आज कई विभागों की विकास योजनाओं का उ?द्घाटन और शिलान्यास करेंगे।इसमें स्वास्थ्य विभाग,नल-जल योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा से जुड़े योजनाओं, सड़क, पुल, जीविका, प्रखंड परिवहन, स्कूली योजनाएं से जुड़ी योजनाएं, अल्पसंख्यक कल्याण, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अति पिछड़ा आवासीय विद्यालय, सड़क परियोजना, कृषि परियोजना, नहर परियोजना, लघु सिंचाई परियोजना आदि शामिल हो सकते हैं।

## खबरें फटाफट

### अनियंत्रित ट्रक ने रौंदा, मौके पर मजदूर की मौत

**छपरा।** छपरा मुजफ्फरपुर मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई।घटना महम्मदा जहरी बाबा के समीप का बताया जा रहा है। मृतक महम्मदा निवासी राम नाथ मांझी के पुत्र धरमेंद्र मांझी है। जो ईंट भट्टे से मजदूरी करके अपने घर जा रहा था। आक्रोशित ग्रामीणों ने उचित मुआवजे के मांग के लिए छ्परा मुजफ्फरपुर एनएच-722 को बंद कर दिया। घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटनास्थल पर पहुंची प्रशिक्षु थाना प्रभारी ईशा गुप्ता ने स्थानीय ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को हटवाया।

### बंदूक की नोक पर बाइक सवार से लूट

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र के बेनसागर गांव के निकट बाइक सवार तीन लुटेरों ने गन प्वाईंट पर बाइक सवार से तीस हजार रुपये नगद व मोबाइल फोन व बटुआ लूट लिया। लूट के बाद तीनों लुटेरा मौके से फरार हो गया । इस संबंध में पीड़ित ने काराकाट पुलिस थाने में शिकायत दी है। बताया गया की राजपुर थाना क्षेत्र के बरना डिहरी निवासी विजय साह संझौली बाजार से अपना काम निपटा कर वापस अपना गांव बरना डिहरी की तरफ जा रहा था। रास्ते में बेनसागर गांव के नजदीक बाइक सवार तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और लूट शुरू कर दी। विजय साह ने लूट का विरोध किया तो उसे बंदूक दिखाकर गोली मारने की धमकी दी।

# गांव में शिविर लगाकर जमीन सर्वे से जुड़ी प्रपत्र 2 व 3 की दी गई जानकारी

♦ वंशावली नहीं होने पर भी मुख्य फॉर्म भरने से भी हो जायेगी जमीन सर्वे

**केटी न्यूज/तिलौथू (रोहतास)**



तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के फॉर्म भरने में हो रही रैयतों के कठिनाइयों को दूर करने को लेकर शिविर प्रभारी शक्ति कुमार , कानूनगो नाजिम काजिम एवं लिपिक पंकज कुमार के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के रामडीहरा ,अमरा गांव में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया गया । शिविर में प्रपत्र 2 व 3 भरने को लेकर चर्चा किया गया। शिविर प्रभारी शक्ति कुमार ने बताया कि प्रपत्र 2 और 3 ये दोनों ही स्व-घोषणा पत्र हैं। प्रपत्र 2 में आपकी जमीन से जुड़ी सभी जानकारी जैसे खाता, खेसरा, रकबा आदि भरनी होती है। वहीं, प्रपत्र 3 में वंशावली की जानकारी देनी होती है। जो प्रपत्र 2 को स्व-घोषणा पत्र भी कहा जाता है। जिसमें सरकार द्वारा मांगी गई कई जानकारियां भरनी होती हैं। सबसे पहले आपको रैयत का नाम, पता, खाता, खेसरा, रकबा जैसी बुनियादी जानकारी भरनी होगी। इसके बाद आपको अपनी जमीन के प्रकार के बारे में बताना होगा। अगर आपके पास जमाबंदी नहीं है तो चिंता न करें, उस कॉलम को खाली छोड़ दें। अगर कोई अन्य जानकारी आपसे मांगी गई है और आपको उसके बारे में पता नहीं है, तो आप उसे भी खाली छोड़ सकते हैं। हालांकि, आपको यह जरूर बताना होगा कि आपकी जमीन पर आपके दावे का अधिकार कैसे है। यानी, क्या यह संपत्ति आपको दान में मिली है, विरासत में मिली है, आपने इसे खरीदा है (केवाला) या बंदोबस्ती में मिली है।

# चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधियों ने नए डीएम का किया स्वागत

**केटी न्यूज/सासाराम (रोहतास)**



चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने बुधवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने उनसे जिले में उद्योग की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि रोहतास जिला न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बिहार के अन्य जिलों से अग्रणी है बल्कि यह जिला बेहद संपन्न भी है। उन्होंने कहा कि रोहतास जिले में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। आने वाले समय में वे इस दिशा में बेहतर काम करेंगी। उद्योग संघ के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला एवं अनुमंडल स्तर पर एक ट्रेड मीट कराए जाने की आवश्यकता है, जिससे इस जिले में उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग डेढ़ सौ ट्रैडर काम कर रहे हैं। उद्योग संघ के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को अतिक्रमण की समस्या, नो वेंडिंग जोन आदि से भी अवगत कराया। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि पूरे मार्केट प्लेस पर महिलाओं के लिए टॉयलेट आदि की समुचित व्यवस्था नहीं है। अगर इसकी व्यवस्था हो जाए तो इसके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी उद्योग संघ करेगा।

# देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग से सहमे काराकाट के तिरासी बीघा के लोग

**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट थाना क्षेत्र के तिरासि बीघा गांव में अचानक चली गोलियों की गड़गड़ाहट ने गांव के लोगों की रात की नींद उड़ दिया। बताया गया की तिरासी बीघा गांव निवासी स्वर्गीय इंद्रदेव सिंह के पुत्र राजकिशोर सिंह के घर के ऊपर उसी गांव के स्वर्गीय राम इकबाल सिंह के पुत्र अजय सिंह ने रात के करीब एक बजे ताबड़तोड़ गोली चला दी ।जिसके बाद से ही गांव के लोग सहमे हुए हैं।

बताया गया की संध्या करीब छह बजे राजकिशोर सिंह अपने गांव की पश्चिम ओर रोड़ पर खड़े थे तभी उसी गांव के अजय सिंह बाइक पर सवार होकर उनमें बाइक सटा दिया जिसका विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए अजय ने राजकिशोर का गला दबाने लगा। इस बीच हो-हल्ला सुन आस पास के लोग दौड़े तो अजय सिंह ने अपना बाइक चालू कर मौके से यह कह कर निकल गया की तुम्हे बाद में बताएंगे। राजकिशोर सिंह ने बताया की रात करीब एक बजे मेरे घर के बाहर अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई देने लगी। छत से देख गया तो कोई गोली चलाकर भाग रहा था। उन्होंने बताया की हमारे पड़ोस के लालदेव सिंह के पुत्र रामेश्वर सिंह ने अजय सिंह को गोली चलाते देखा और मुझे बताया की आपके घर के खिड़की पर अजय सिंह ने ताबड़तोड़ गोली चला कर भाग निकला ।

# प्राचार्य विनोद ने की 8 वर्षो से बकाया अनुदान राशि विमुक्त करने की मांग

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय संबंध महाविद्यालय प्रधानाचार्य एसोसिएशन आरा के महासचिव डॉ बिनोद कुमार सिंह प्रधानाचार्य ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी से शीघ्र बढ़ती मंहगाई दर से 8 वर्षों का बकाया अनुदान राशि विमुक्त करने की मांग की है। डॉ सिंह ने बताया कि 8 सितम्बर 2008 को माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्ति की घोषणा कर बिहार सरकार ने परीक्षा फल आधारित वेतनादि अनुदान राशि देने का व्यवस्था किया गया इसके तहत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र 8500 छात्रा 8700 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र 8000 छात्रा 8200 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र 7500 छात्रा 7700 भुगतान करने का निर्णय लिया गया था। परन्तु बिहार सरकार की उपेक्षा पूर्ण नीति,शिक्षा विभाग की लापरवाही एवं विश्वविद्यालयों की संवेदनहीनता व शोषणात्मक प्रवृति का नतीजा है कि महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारीगण को उक्त राशि 2017 से 2024 तक अर्थात कुल आठ शैक्षणिक सत्र का बकाया है। जबकि मंहगाई लगातार बढ़ती जा रही है और शिक्षाकर्मी मजबूर एवं बेबस लचार जिन्दगी जीने को मजबूर हैं। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा संबंध महाविद्यालय प्रधानाचार्य एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह, महासचिव डॉ बिनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ कमला कान्त सिंह यादव , मुख्य संरक्षक डॉ अनिल कुमार, संरक्षक डॉ बीरेंद्र सिंह, डॉ एन एम ठाकुर डॉ शशि कान्त, डॉ संजू कुमारी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ शम्भू नाथ सिंह, डॉ अमर सिंह चौधरी डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह, डॉ जनेश्वर सिंह, डॉ बिनोद कुमार उज्जैन एसोसिएशन के सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने एक स्वर में बढ़ती हुई महंगाई दर से एक मुस्त बकाया अनुदान राशि भुगतान करने की मांग की है।

## एक नजर

### बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने आभूषण समेत हजारों का सामान किया गायब

**छपरा।** जिले के पानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीपुरा गांव में बीती रात चोरों ने बंद एक घर का ताला तोड़ आभूषण, कपड़ा एवं अन्य सामान की चोरी कर ली।प्राप्त जानकारी अनुसार मोरिया गांव निवासी रामप्रवेश ठाकुर की विवाहिता पुत्री खुशबू देवी बगल के गांव जीपुरा में जमीन खरीदकर घर बनायीं हैं।खुशबू अपने पति के साथ बाहर रहती है,जबकि उसके पिता घर की देखभाल करते हैं।मंगलवार की रात रामप्रवेश ठाकुर अपने पुत्री के नवनिर्मित घर मे बत्ती जलाकर एवं ताला बंदकर अपने घर वापस आ गए थे।जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर के पिछले दरवाजे को तोड़कर चोरी की इस घटना को अंजाम दिया। बुधवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पाकर जब वे पहुंचे तो टूटे दीवान पलंग,बक्से एवं बिखरे सामान देख उनके होश उड़ गए।घटना की सूचना मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि ललन महतो वहां पहुंचे एवं पुलिस को सूचना दी। इस मामले में पीड़ित के दिए आवेदन पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### जेपीयू में 14 तक भरें पीजी का फॉर्म

**छपरा।** जेपी यूनिवर्सिटी के पीजी सत्र 2022-24 के फॉर्म भरने की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। अब 14 सितंबर तक सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में ऑफलाइन फॉर्मेट में फॉर्म भरा जाएगा। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक ने पत्र जारी करते हुए निर्देश दिया है। इसके साथ ही सभी पीजी कॉलेज के नोटिस बोर्ड और यूनिवर्सिटी के वेबसाइट पर पत्र को जारी कर दिया गया है। जिसमे फॉर्म भरने के निर्देश और शुल्क को लेकर भी जानकारी दी गई है। मालूम हो कि पहले 10 सितंबर तक फॉर्म भरने की तारीख तय की गई थी।परीक्षा नियंत्रक ने जानकारी देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को कॉलेज और विवि के पीजी विभाग से परीक्षा फॉर्म मिलेगा। उसे भरने के बाद स्नातक थर्ड ईयर परीक्षा का अंक पत्र, प्रवेश पत्र, पंजीयन और अन्य जरूरी कागजातों को लगाकर विभाग में वेरीफाई कराना होगा। सभी पीजी कॉलेजों और जेपीयू के पीजी विभागों में भी नोटिस बोर्ड पर सूचना प्रकाशित कर दी गई है। पीजी के तहत सैद्धांतिक विषयों के लिए 700 रुपए, वहीं अन्य विषयों के लिए 900 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है।

### नि: शुल्क आंख जांच शिविर में उमड़ी भीड़

**भगवानपुर (कैमूर)।** भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत सरैंया पंचायत के मसही गांव में अखण्ड ज्योति आई हौस्पीटल से डॉ० अरविंद कुमार के द्वारा नि: शुल्क आख जांच का शिविर सरैंया पंचायत के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष उमेश दुबे उर्फ मंटु दुबे के नेतृत्व में लगभग 100 लोगो का आख जांच किया गया। साथ ही डाक्टर अरविन्द कुमार ने जाच के अनुसार सभी लोगों को उचित सलाह भी दिए। मुखिया के इस कार्य से ग्रामीण जनता में मुखिया उमेश दुबे के प्रति सहानुभूति देखी गयी। वृद्ध लोगों के द्वारा मुखिया कों आशीर्वाद भी दिया गया। जिसमें बंसरोपन पाण्डेय,नागा बाबा,शिवराती देबी, रामजी राम सुदामा खरवार, विरेन्द्र मल्लाह,सहीत सभी लोगों ने अपने अपने आख जांच करवाए।

### चार वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**काराकाट (रोहतास)।** कछवां पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत धनहरा से एक और अमौना से तीन यानी कुल चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनहरा से सुरेंद्र प्रसाद एवं ग्राम अमौना से महेश महतो, वीरेंद्र महतो और विनोद महतो को गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था ।

### शराब कांड का प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

**दिनारा (रोहतास)।** पुलिस ने पूर्व शराब कांड के एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । भानस थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि दिनारा(भानस) थाना कांड संख्या 335/24 के आलोक में सुसंगत धारा बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम 2018 के प्राथमिकी अभियुक्त 45 वर्षीय रामा शंकर राम पिता स्वर्गीय रामा नंद राम ग्राम खैरही कला को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### पुलिस ने पांच वारंटियों को भेजा जेल

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट पुलिस ने न्यायालय से वांछित पॉच वारंटियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि सभी वारंटी न्यायालय के समन प्राप्त करने के बाद भी कोर्ट नही पहुचें, जिसके बाद कार्यवाही की गई। थानाध्यक्ष ने बताया की पड़सर गांव निवासी रामपति रजक के दो पुत्र सुरेन्द्र रजक और ललन रजक, तथा लोरीबंध गांव निवासी अवधेश ठाकुर के दो पुत्र भीम ठाकुर और धर्मवीर ठाकुर सहित बुढ़वल गांव निवासी नथुनी साह के पुत्र दयाशंकर साह कोर्ट से समन मिलने के बाद भी कोर्ट में नहीं पहुचें। जिसके बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी कर दिया। पुलिस को आरोपियों के गिरफ्तारी के आदेश दिये गये। बुधवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पानी में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन बरामद

**आरा।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के राजापुर पचरुखिया गांव स्थित नदी में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव गांव में ही स्थित गदहिया घाट के किनारे से बुधवार की सुबह बरामद किया गया है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत छात्र कोईलवर थाना क्षेत्र के राजापुर पचरुखिया गांव निवासी विजय राय का 16 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार उर्फ हैप्पी है एवं इंटर का छात्र था। इधर मृतक के भाई विकास कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे गाय चराने के लिए बधार में गया था। दोपहर में उसके साथ गए सभी युवक खाना खाने के लिए घर पर आए। लेकिन वह नहीं आया था। इसके बाद परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया तो उन्हें पता चला कि गांव में ही स्थित गदहिया घाट के समीप वह नदी में डूब गया है। जिसके बाद परिजनों ने उसकी काफी खोज की। लेकिन वह मंगलवार की देर शाम तक नहीं मिल पाया। इसके बाद बुधवार की सुबह उसका गदहिया घाट के किनारे से शव बरामद किया गया।

## दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभा में की गयी प्रार्थना

# पत्रकार रजनीश त्रिपाठी की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

♦ जिले के पत्रकार, मीडिया कर्मी, रंगकर्मी, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी रहे मौजूद

**केटी न्यूज/आरा**



शहर के जेपी स्मारक मंच पर भोजपुर प्रेस क्लब के तत्वावधान में पत्रकार सह रंगकर्मी रजनीश त्रिपाठी की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत पत्रकार रजनीश त्रिपाठी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता पत्रकार प्रशांत रंजन एवं संचालन रंगकर्मी अशोक मानव ने किया। वहां मौजूद लोगों ने दिवंगत पत्रकार रजनीश त्रिपाठी के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया। सभा में उपस्थित लोगों ने रजनीश त्रिपाठी को एक निर्भीक पत्रकार के साथ-साथ कुशल रंगकर्मी बताया। कहा कि रजनीश त्रिपाठी ने जो समाज में अपनी पहचान को स्थापित किया है, उसे कभी भुला नहीं जा सकता। सभा में जुटे पत्रकार, रंगकर्मी, साहित्यकार, राजनीतिज्ञ और अन्य कई क्षेत्रों से आएं बुद्धिजीवियों ने बारी-बारी से दिवंगत पत्रकार रजनीश त्रिपाठी को याद कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

इस दौरान दिवंगत पत्रकार के परिवार को आर्थिक सहयोग करने, पत्रकार, रंगकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिज्ञ एवं बुद्धिजीवियों का एक ग्रुप बने। ताकि विषम परिस्थिति में लोग एक-दूसरे की मदद कर सके। वहीं इस शोकसभा में प्रोफेसर नीरज सिंह पूर्व विधायक भाई दिनेश संभावना स्कूल के प्रिंसिपल अर्चना सिंह जिला पार्षद भीम यादव राजद नेता मनोज कुमार सिंह युवा राजद सोनू राय भाजपा नेता तारकेश्वर ठाकुर जितेंद्र शुक्ला चंद्रभानु गुप्ता समाजसेवी सुनीता सिंह रेड क्रॉस सचिव विभा कुमारी डी राजन भास्कर मिश्रा अशोक मानव राहुल चौरसिया माले नेता अमित कुमार बंटी,पत्रकार अनील त्रिपाठी,सोनू सिंह दीनानाथ मिश्रा प्रशांत रंजन,गौरव सिंह,समीर अख्तर,निक्की अख्तर,आजाद भारती,मोहम्मद नसीम,विशाल कुमार,जितेंद्र कुमार,धर्मेंद्र आशुतोष पांडे,कृष्णा कुमार, विजय कुमार पांडे,नरेंद्र सिंह दिनेश प्रसाद,कमलेश दुबे,अमरेंद्र कुमार,गौतम कुमार,विक्की कुमार,विकास कुमार,संजय श्रीवास्तव,पिंटू कुमार,पुष्कर आदि लोगों उपस्थित थे।

# पहलवानों को प्रशिक्षण के लिए हरियाणा भेजेंगे उद्योगपति अजय

**केटी न्यूज/नावानगर**



भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति व वरीय समाजसेवी अजय सिंह ने भोजपुर जिले के कायमनगर गांव पहुंच रंजन कुमार के पुत्र और पुत्री तथा आरा के श्री टोला मोहल्ले में स्व० योगेंद्र शर्मा की पुत्री राधा पहलवान को सम्मानित किया। उद्योगपति व समाजसेवी ने मेडल जीते तीनों प्रतिभागियों के घर बारी बारी से पहुंच कर अंग वस्त्र के साथ 11-11 हजार रूपए नगद देकर पुरुस्कृत किया। और आगे खेल में बढ़ावा के रुचि के लिए उनके हौसले अफजाई किया। सादे सम्मान समारोह में श्री सिंह ने प्रतिभागियों सहित उपस्थित लोगों से कहा कि खेल व शिक्षा के विकास में आर्थिक समस्या कभी नही बनेगी।देश से विदेश जाने तक का सभी खर्च हम उठाएंगे।

ज्ञात हो कि नेपाल में आयोजित दक्षिण एशिया चैंपियनशिप कॉम्बैट कुश्ती प्रतियोगिता में श्री टोला आरा मोहल्ले के निवासी राधा पहलवान ने 69 किलो ग्राम के भार वर्ग में गोल्ड मेडल तथा कायम नगर में सहोदर भाई बहन अर्चना 57 किलोग्राम भार वर्ग में एवं अनुपम 86 किलो ग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता था। यह प्रतियोगिता नेपाल के काठमांडू में 30 अगस्त से 1 सितंबर तक प्रतियोगिता चली थी।

# धूमधाम से हुआ कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ लिया हिस्सा

**केटी न्यूज/बलिया**

♦ शास्त्रीय नृत्य में अगरसंडा सनबीम ने मारी बाजी

कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार गुप्ता के निदेर्शानुसार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह व दम खम के साथ हिस्सा लिया।

कला प्रतियोगिता के जिला नोडल अधिकारी डॉ. इफ्तेखार खान ने बताया कि जनपद स्तर पर विभिन्न विधाओं में कला उत्सव प्रतियोगिता संपन्न हुई,जिसमें समूह लोक नृत्य बालिका वर्ग में श्याम सुंदरी बालिका इंटर कॉलेज बेल्थरा रोड की प्रिया, नंदिनी,आराधना,साक्षी को प्रथम स्थान, राजकीय उ.मा. वि. रजौली की शिल्पी, प्रिया, नेहा, मुस्कान को द्वितीय स्थान वहीं एकल लोक नृत्य में जीजीआईसी की शालिनी को प्रथम, गुलाब देवी बालिका इंटर कॉलेज की पूनम गोंड़ को द्वितीय महर्षी वाल्मिकी विद्या मंदिर की साक्षी को तृतीय तथा बालक वर्ग में कुंवर सिंह इंटर कॉलेज के आदित्य शाह को प्रथम, टाउन इंटर कॉलेज के अशीष शाह को द्वितीय, महर्षी वाल्मिकी विद्या मंदिर के दीपू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ौ शास्त्रीय नृत्य में सनबीम स्कूल अगरसंडा की आकांक्षा को प्रथम, जीजीआईसी की तरन्नुम को द्वितीय एवं गुलाब देवी बालिका इंटर कॉलेज की अमृता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समूह नाटक में जीजीआईसी बलिया ने प्रथम, सेंट जेवियर स्कूल धरहरा ने द्वितीय, बालक वर्ग में टाउन इंटर कॉलेज प्रथम, कुंवर सिंह इंटर कालेज द्वितीय एवं एकल नाटक में महर्षि वाल्मीकि विद्या मंदिर प्रथम स्थान पर रहा ौ लोक गायन बालिका वर्ग में चैन बाबा इंटर कॉलेज की रानी गिरि को प्रथम, सेंट जेवियर स्कूल धरहरा को द्वितीय, गुलाब देवी बालिका इंटर कॉलेज तृतीय तथा बालक वर्ग में टाउन इंटर कॉलेज को प्रथम, महर्षि वाल्मिकी विद्या मंदिर को द्वितीय, गांधी इंटर कॉलेज चिलकहर को तृतीय स्थान मिला, समूह लोक गायन में सनबीम स्कूल बलिया को प्रथम, शास्त्रीय गायन में गुलाब देवी बालिका इंटर कॉलेज की मनीषा गुप्ता को प्रथम, सेंट जेवियर्स स्कूल द्वितीय स्थान पर रहे। लोक संगीत वादन में टाउन इंटर कॉलेज के कृष्ण कुमार को प्रथम तथा बालिका वर्ग में जीजीआईसी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कहानी वाचन में टाउन इंटर कॉलेज के यश गुप्ता को प्रथम स्थान हासिल हुआ। दृश्य कला बालक वर्ग में टाउन इंटर कॉलेज के अमन वर्मा को प्रथम,सनबीम स्कूल के आशिक वर्मा को द्वितीय, श्री संपूर्णनंद इंटर कॉलेज रतसर के राकेश कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वहीं बालिका वर्ग में सनबीम स्कूल अगरसंडा की काजल को प्रथम, श्याम सुंदरी बालिका इंटर कॉलेज बेल्थरा रोड नीतू कुमारी को द्वितीय,एवं सेंट जेवियर्स की आकर्षिका श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मूर्तिकला में श्याम सुंदरी बालिका इंटर कॉलेज बेल्थरा के अंजली कुमारी को प्रथम स्थान, संपूणार्नंद इंटर कॉलेज रतसर की रागनी को द्वितीय स्थान, महर्षी वाल्मिकी विद्या मंदिर की सलोनी कुमारी गुप्ता को तृतीय स्थान एवं बालक वर्ग में टाउन इंटर कॉलेज के मौसम कुमार को प्रथम एवं संपूणार्नंद इंटर कॉलेज रतसर के कृष्णानंद द्वितीय स्थान पर रहे।







## खबरें फटाफट

### रसोइयों को 6 माह से नहीं मिला वेतन भुखमरी की स्थिति

**मऊ।** शिक्षा क्षेत्र रतनपुरा के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को दोपहर में पका हुआ गर्म भोजन उपलब्ध कराने के लिए रसोइयों की नियुक्ति की गई है ।जिन्हें विभाग द्वारा प्रतिमाह 2000 मानदेय दिया जाता हैं। दुखद पहलू यह है कि यह मानदेय भी विभागीय लेटलतीफी के कारण समय से नहीं मिल पाता है। जिसके कारण उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है ।रसोइयों को विगत मार्च माह तक का ही मानदेय मिला है। रसोइयों का कहना है कि अप्रैल माह से वर्तमान माह तक उनका मानदेय जारी नहीं होने से उन्हें अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए कर्ज पर कर्ज लेना पड़ रहा है। मँहगाई के इस दौर में मात्र 2000 के पारिश्रमिक में महीने भर बच्चों को भोजन बनाकर परोसने वाली रसोइयों के घर के चूल्हे पैसों के अभाव में बुझने के कगार पर हैं।

### आधा दर्जन गावों में विद्युत विभाग की मार्निंग रेड

**सेवराई।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी के एमडी शंभू कुमार के निर्देश पर एसडीओ प्रवीन मौर्या के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने इलाके के आधा दर्ज?न गावों में मार्निंग रेड डाली। इसके चलते उपभोक्ताओं में अफरा-तफरी मची हुई है। विद्युत विभाग की टीम की ओर से चोरी, बड़े बकाएदारों के खिलाफ चलाए गए इस सघन चेकिंग अभियान में 40 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। जबकि 10 के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। इस दौरान बीस उपभोक्ताओं से टीम ने एक लाख तीस हजार राजस्व की वसूली भी किया। विद्युत टीम की ओर से अभियान के दौरान ही दस उपभोक्ताओं के कनेक्शन में भार वृद्धि करते हुए पांच नए मीटर भी लगाए गए। अवैध कनेक्शनधारी अपने केबलों को पोल से उतारने में ही भलाई समझते हैं ताकि किसी तरह की कार्रवाई की जद में आने से वह बच सकें। सघन विद्युत चेकिंग अभियान इलाके के सुहवल, बडौरा, हरिशचंद्रपुर, रमवल, गौरा, सुजानपुर, कालूपुर आदि गावों में चलाया गया।

दुबहर थाना क्षेत्र के हरिछपरा का मामला, दो लोगों के आपसी विवाद में पड़ना युवक को पड़ा महंगा

# बलिया में चाकू से गोदकर बदमाशों ने की युवक की हत्या, तीन पर केस दर्ज

♦ पुलिस ने तत्काल तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

♦ रघुवंश वर्मा व भिखारी वर्मा के बीच चल रहा था जमीनी विवाद





**केटी न्यूज/बलिया**

दुबहर थाना क्षेत्र के हरिछपरा (ओझवलिया) गांव निवासी मृत्युंजय तिवारी उर्फ छोटू (22) पुत्र मनोज तिवारी की हत्या मंगलवार की रात चाकू से वार कर बदमाशों ने कर दिया। सूचना मिलते ही दुबहर थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह,पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल किया। इस मामले में पुलिस ने मृतक के पिता मनोज तिवारी के द्वारा दिए गए नामजद तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

आपको बता दें कि दुबहर थाना क्षेत्र के ओझावलिया गांव निवासी रघुवंश वर्मा एवं भिखारी वर्मा के बीच काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि रघुवंश वर्मा की तरफ से हरिछपरा (ओझवलिया) गांव निवासी मृत्युंजय तिवारी पुत्र मनोज तिवारी ने दो-चार दिन पहले भिखारी वर्मा के परिवार के लोगों से बुलाने और और आकर मिलने की बात कही थी जो भिखारी वर्मा के लोगों को नागवार लगी। उधर, मंगलवार की शाम करीब सात बजे मृत्युंजय तिवारी उर्फ छोटू प्रतिदिन की भांति पूजा जनरल स्टोर का तगादा व खाना लेकर जा रहा था।

जैसे ही वह गांव के कृपा शंकर तिवारी के ट्यूबवेल के पास पहुंचा, वैसे ही पहले से घात लगाए भिखारी ठाकुर के लड़कों ने जान से मारने की नीयत से मृत्युंजय तिवारी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटना जंगल में आग की तरफ फैल गई। मौके पर सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हो गई और किसी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दुबहर थानाध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक सहित फोर्स मौके पर पहुंच गई और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

वहीं घायल को जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरीमें रखवा दिया। इस मामले में मृतक के पिता मनोज तिवारी के तहरीर पर पुलिस ने अजीत वर्मा, गुड्डू वर्मा पुत्रगण भिखारी वर्मा तथा विशाल वर्मा पुत्र छोटेलाल वर्मा निवासीओझवलिया थाना दुबहर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। इस बाबत एएसपी उत्तरी अनिल कुमार झा ने बताया कि मृतक के पिता के तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### तहसील प्रशासन के खिलाफ फिरोजपुर गांव के लोगों ने किया प्रदर्शन



**बलिया।** सिविल जज के स्थगन आदेश के बावजूद बुलडोजर चलाकर तहसील प्रशासन द्वारा पिलर को तोड़ने व घर को भी तोड़ने की धमकी देने के विरोध में फिरोजपुर गांव के लोगों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में जिक्र किया कि राजवंशी देवी पत्नी रामजतन राम ग्राम फिरोजपुर तहसील सिकंदरपुर के अनुसूचित जाति के गरीब परिवार के हैं। यह परिवार सन 1996 में सरकार द्वारा मिले पट्टे की भूमि पर काबिज चले आ रहे हैं। जिसमें उनके पक्के घर, बाग बगीचा, टीन शेड आदि बनाकर रह रहे हैं। पड़ोस के कुछ लोगों द्वारा परेशान किए जाने पर तहसील प्रशासन द्वारा पिलर को तोड़ने और घर को भी तोड़ने की धमकी देना कहीं से भी जायज नहीं है।

### 13 सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षकों का धरना




**बलिया।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के प्रांगण में बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित अपनी 13 सूत्रीय मांग पर डीआईओएस को सौंपा। उन्होंने पत्रक के माध्यम से मांगे पूरी होने की मांग की है। पत्रक के माध्यम से मांग किया है कि पुरानी पेंशन योजना यथावत बहाल की जाये। योग्यधारी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की शिक्षक पद पर पदोन्नति का कोटा तय कर पदोन्नति का प्रावधान बनाया जाये। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्त के समय अधिकतम 300 दिनों के उप?ाजिर्तत अवकाश का नगदीकरण प्रदान किया जाये। उन्होंने अपनी तेरह सूत्रीय मांग के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। इस मौके पर मुजतबा हुसैन, संतोष तिवारी, शिवनारायण दीक्षित, संजय कुमार सिंह,ओम प्रकाश यादव आदि तमाम शिक्षकगण मौजूद रहे।

### राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में एमए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने आरंभिक बाल्यावस्था में सुरक्षा एवं शिक्षा (एउउए ) पेपर के अंतर्गत बाल्यावस्था की शिक्षा का महत्व ,आवश्यकता और समस्याओं के विस्तृत समझ प्राप्त करने के लिए गाजीपुर ददरीघाट में स्थित 'कांति मेमोरियल पब्लिक स्कूल ' का शैक्षणिक भ्रमण प्राध्यापिका डॉ नेहा कुमारी के निर्देशन में किया ।फ्रेडरिक फ्रोबल के अनुसार -प्रारंभिक बाल शिक्षा व देखभाल संपूर्ण जीवन की प्रथम व प्रमुख सीढ़ी है ! पूर्वबाल्यावस्था शिक्षा के प्रमुख केंद्र आंगनबाड़ी ,डे केयर, शिशु सदन ,मोंटेसरी स्कूल, किंडरगार्डन , बालवाड़ी स्कूल इत्यादि है ।आज के भ्रमण में छात्राओं ने दृश्य श्रव्य माध्यमों (कठपुतली ,मॉडल, पोस्टर ,खिलौने) का प्रयोग करके बच्चों को कविता एवं कहानी सिखाया तथा खेल विधि का प्रयोग कर बच्चों को अनेकों पाठ्य सहगामी क्रियाएं कराई । प्री स्कूल एजुकेशन हेतु संसाधन, सहायक सामग्री ,दैनिक क्रियाएं,खेल उपकरणों ,भवन की। स्थिति , स्वच्छ पानी और शौचालय की सुविधा का अवलोकन किया एवं उसकी रिपोर्ट भी तैयार की। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं में पूर्वबाल्यावस्था शिक्षा देने के लिए आवश्यक कौशल और तकनीक का विकास करना था।

## डीडू सिंह दोबारा बने बलिया मीडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष



**केटी न्यूज/बलिया**

♦ जिला कार्यकारिणी चुनाव में मुकेश मिश्र महामंत्री व करूणेश बने कोषाध्यक्ष

एएनआई/एनडीटीवी के संवाददाता करुणासिन्धु सिंह 'डीडू' को बलिया इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। जबकि टीवी नाइन भारतवर्ष के संवाददाता मुकेश मिश्र को महामंत्री व इंडिया वाइस के संवाददाता करुणेश पाण्डेय कोषाध्यक्ष बनाए गए। यह चुनाव इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन की बुधवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में हुई बैठक के दौरान सम्पन्न हुआ।

वरिष्ठ पत्रकार अनूप कुमार हेमकर की अध्यक्षता में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के चुनाव में अनिल अकेला व धनंजय सिंह को संरक्षक नामित किया गया। उपेंद्र तिवारी और मुमसाद अहमद को उपाध्यक्ष, जेपी तिवारी को संगठन मंत्री व श्रवण कुमार पाण्डेय को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। चुनाव सम्पन्न होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष करुणासिन्धु सिंह ने कहा कि पत्रकारों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। पत्रकारों के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। सभी समस्याओं का हल निकालने के लिए आपसी सहमति से कार्य करूंगा। उन्होंने बलिया में पीत पत्रकारिता के बढ़ते प्रभुत्व पर चिंता जताई। विश्वास दिलाया कि संगठन की नई कार्यकारिणी पत्रकारिता की प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कार्य करेगी।

## स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज में एनसीसी ट्रेनिंग कैम्प का उद्घाटन

**सेवराई।** नगर के स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज में दस दिवसीय एनसीसी ट्रेनिंग कैम्प -288 का उद्घाटन 92 बटालियन के सीओ कर्नल अनुभव राज के नेतृत्व में किया गया। जिसमें गाजीपुर के 13 कॉलेज और मऊ के एक महाविद्यालय के पूरे 550 कैडेट ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। एनसीसी की बी सर्टिफिकेट की परीक्षा मैं बैठने लिए एक कैंप एवं सी सर्टिफिकेट की परीक्षा के लिए दो कैंप करना अनिवार्य होता है। सीओ कर्नल अनुभव राज ने कैंप के उद्घाटन सत्र में कहा कि एनसीसी कैंप एक सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम है। जिसमें कैडेट का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास किया जाता है। कैंप के दूसरे दिन ग्रुप कमांडर वाराणसी ए ब्रिगेडियर कुलवीर सिंह द्वारा कैंप का निरीक्षण किया गया। क्वार्टर गार्ड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर सलामी शस्त्र देने के पश्चात कैडेट के द्वारा कैंप ले आउट ब्रीफिंग दी गई। कैंप के कैडेट्स को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर कुलवीर सिंह ने बताया कि कैंप का उद्देश्य छात्र सैनिकों में नेतृत्व एवं टीम की भावना उत्पन्न करना है।

## जनपद स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में दिखा खेल का जज्बा



**केटी न्यूज/मऊ**

♦ पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुई प्रतियोगिता

खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय मऊ द्वारा जनपद स्तरीय जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ रंजीत सिंह नागर (वायु सेना अधिकारी) तथा अंजनी पाण्डेय क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा किया गया। सर्वप्रथम क्रीडाधिकारी डी0 पी0 सिंह द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि का स्वागत बुके देकर तथा बैज लगाकर किया। उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच डाइमंड क्लब मऊ तथा एफ0 सी0 एकेडमी मऊ के मध्य खेल गया। जिसमे डाइमंड क्लब मऊ ने 01-00 से मैच जीत लिया।

उक्त अवसर पर ओमेंदर सिंह, हाजी मनौअर, लल्लन यादव, राजीव जायसवाल, रितेश दास, भूपेंद्रनाथ, रीमा यादव, मनोज यादव, मोईन अली, अखिलेश खरवार सहित खिलाड़ी उपस्थित रहें। अन्त में डी0पी0सिंह क्रीडाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी जनपद वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

युवाओं, छात्रों और आमजन में जागरूकता बढ़ाना कार्यक्रम का उद्देश्य : सीएमओ

# आत्महत्या रोकने के लिए अवसाद से निकालना जरूरी

♦ आत्महत्या को रोकने के लिए मऊ जनपद में कार्यशाला का आयोजन

**केटी न्यूज/मऊ**



विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस जागरूकता कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में हुआ। सीएमओ डा राहुल सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समग्र लक्ष्य दुनिया भर में आत्महत्या की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उद्देश्यों में निवारक कार्रवाई के माध्यम से आत्म-क्षति और आत्महत्या को संबोधित करने के लिए हितधारक सहयोग और आत्म-सशक्तिकरण को बढ़ावा देना शामिल है।

इसके अंतर्गत छात्रों, अध्यापक, व्यक्तियों की क्षमता निर्माण, सामान्य आबादी और जोखिम वाले समूहों जैसे कि युवा लोगों को लक्षित सकारात्मक और सूचनात्मक संदेश, तथा घर, स्कूल, कार्यस्थल आदि में मानसिक स्वास्थ्य पर खुली चर्चा की सुविधा प्रदान करके प्राप्त किया जा सकता है। आत्महत्या पर विचार करने वाले या इससे प्रभावित लोगों को भी अपनी कहानियां साझा करने और पेशेवर मदद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

नोडल उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके यादव ने बताया कि कार्यशाला में मौजूद लोगों को आत्महत्या की रोकथाम के लिए बहुत से महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई जिसमें समस्त अधीक्षक स्वास्थ्य केंद्र, बीपीएम आत्महत्या की मनः स्थिति को रोकने के लिए आम जनमानस को किस प्रकार जागरूक किया जाए।

इस कार्यक्रम के प्रभारी सुनील कुमार सिंह अपर शोध अधिकारी ने बताया कि सभी को टेली मानस टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वाथ्य विभाग, जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं टेली मानस हेल्पलाइन 1800 891 4416 से 24*7 सहायता ली जा सकती है। इससे कार्यक्रम का उद्देश्य आत्महत्या को रोकना और लोगों को जागरूक करना है।

कार्यशाला में डॉ आर एन सिंह, डीपीएम रविंद्र नाथ, दुर्गा सिंह, सौरभ शाहनी, अंजू, समस्त अधीक्षक, समस्त बीपीएम, अरविंद वर्मा, प्रशांत, युसूफ शाह, बबलू कुमार, केवल सिसोदिया पीएसआई आदि उपस्थित रहे।

# भूजल निष्कर्षण के लिए ड्रिलिंग मशीनों का पंजीकरण कराना अनिवार्य : डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद मऊ ने बताया कि भूगर्भ जल के संचयन, संवर्धन एवं विनियमन के उद्देश्य से प्रदेश में दिनांक 02 अक्टूबर, 2019 से उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन एवं विनियमन) अधिनियम-2019 लागू किया गया है। अधिनियम-2019 के अंतर्गत अधिसूचित /गैर अधिसूचित क्षेत्र से भूजल उपयोग किये जाने हेतु समस्त उपयोक्ताओं यथा-वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक, औद्योगिक, व्यवसायिक, आर०ओ० प्लांट और सामूहिक उपयोक्ता (अस्पताल, अपार्टमेन्ट, वाहन धुलाई केन्द्र, होटल एवं रेस्टोरेन्ट, वाटर पार्क इत्यादि) द्वारा स्थापित किए जाने वाले नवीन बोरेवेल एवं पूर्व से स्थापित किए गए बोरेवेल / ट्यूबवेल के माध्यम से किए जा रहे भूजल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (ठडउ) एवं कूपों (बोरेवेल / ट्यूबवेल) का पंजीकरण कराया जाना एवं इस क्षेत्र में कार्य करने वाले ड्रिलिंग मशीनों का पंजीकरण संबंधित जनपद के 'जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद' के माध्यम से अनिवार्य रूप से कराया जाना है। जबकि अवैध रूप से चल रहे अभिकरणों अथवा भूजल उपयोक्ताओ द्वारा बिना अनुमति भूजल दोहन किए जाने तथा भूजल प्रदूषण किए जाने हेतु दंड के भी प्राविधान निहित है। अतः जनपद मऊ में भूजल के मौजूदा /प्रस्तावित भूजल उपयोक्ताओ तथा भूजल निष्कर्षण हेतु भूनि वेधन के क्षेत्र में कार्य करने वाले समस्त अभिकरणों/ ड्रिलिंग एजेंसी से अपेक्षा की जाती है की जनपद मऊ में गठित जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद को अपना आवेदन इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर निवेश मित्र पोर्टल niveshmitra.up.nic.in एवं ऑनलाइन पोर्टल www.upgwdonline.in के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए सम्बंधित बोरवेल/ट्यूबवेल के माध्यम से किये जा रहे भूजल निष्कर्षण का अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) / पंजीकरण प्रमाण पत्र/जनपद में कार्य किये जाने हेतु ड्रिलिंग एजेंसी का पंजीकरण करना सुनिश्चित करें।

# सीएम योगी ने निवेशकों को प्रदेश में हर संभव मदद का दिया भरोसा, निवेशकों ने उप्र को निवेश का बेहतरीन गंतव्य कहा

- सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन के अवसर पर सीएम ने इन्वेस्टर्स से की मुलाकात
- इन्वेस्टर्स ने माना देश और प्रदेश में बढ़ा रहा है सेमीकंडक्टर का स्कोप



**केटी न्यूज/ग्रेटर नोएडा/लखनऊ**

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल लीडर्स और इन्वेस्टर्स के साथ वन टू वन मुलाकात भी की। इस दौरान सीएम योगी ने इन्वेस्टर्स को प्रदेश में सुरक्षित निवेश के साथ-साथ हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का भरोसा दिलाया। वहीं इन्वेस्टर्स ने भी इस इवेंट को महत्वपूर्ण बताया, जबकि उन्होंने उत्तर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य करार दिया। देशी और विदेशी दोनों इन्वेस्टर्स ने माना कि भारत में सेमीकंडक्टर का काफी स्कोप है और पीएम मोदी के नेतृत्व में जल्द ही भारत सेमीकंडक्टर का हब बन सकता है।

### भारत में बढ़ा सेमीकंडक्टर का स्कोप

"हमारी साउथ कोरिया की कंपनी है। भारत में सेमी कंडक्टर का स्कोप ज्यादा है। भारत की हाल के वर्षों में तरक्की पूरी दुनिया ने देखी है। यहां लोग उन्नत तकनीक अपना रहे हैं, जिसकी वजह से सेमीकंडक्टर का स्कोप लगातार बढ़ता जा रहा है।

**डेहून ली,** हानयांग इंजीनियरिंग

### भारत में तेजी से बढ़ेगा सेमीकंडक्टर उद्योग

"भारत में सेमीकंडक्टर का बिजनेस भले ही अभी छोटा है, लेकिन उम्मीद है कि मोदी के विजन से यह बहुत जल्द बहुत बड़ा हो जाएगा। भारत में पहली बार इस तरह का इवेंट हो रहा है। दुनिया के अलग-अलग देशों से कंपनियां आई हैं। यह प्रभावित करने वाला है।

**केन उकावा,** सिंगापुर

### यूपी में सुधरी कानून व्यवस्था तो बढ़ रहा निवेश

"सीएम योगी के राज में कानून व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है, जिसके कारण विदेशी कंपनियां भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश आ रही हैं। हमारी कंपनी लगातार साल दर साल यहां निवेश बढ़ा रही है।

**राहुल,** जर्मन कंपनी विस्को टेक के प्रतिनिधि

### यूपी को लेकर निवेशकों में उत्साह

"यूपी में निवेश करना अब बहुत अच्छा हो गया है, क्योंकि सरकार यहां जिस तरह सुविधाएं उपलब्ध करा रही है वह निवेश बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा कदम है। योगी जी ने जिस तरह सहयोग का भरोसा दिया है, राज्य में निवेश बढ़ाने को लेकर काफी कारगर साबित होगा।

**अलंकार ढोब्ले,** पिनेटिक्स

## खबरें फटाफट

### हलधरपुर में स्कूली जीप पलटने से बाल-बाल बचे छात्र



**मऊ।** जिले के हलधरपुर थानान्तर्गत कड़वरा मानिकपुर मार्ग परे स्कूली जीप पलटने से चंद्राशंकरे पब्लिक स्कूल हलधरपुर बच्चे बाल बाल बच गए। बताया जाता है कि स्कूल की गाड़ी बच्चों को लाने के लिए मानिकपुरे गांव में गई थी। उधर से वापस लौटते समय अभी मानिकपुर गांव के पासे पहुंची थी कि रोड के किनारे जलजीवन मिशन के तहत रोड की खोदाई हुई थी, जिसमे जीप का बायां हिस्सा फंस जाने से स्कूल की गाड़ी पलट गई। गाड़ी पलटने की सूचना मिलते ही आसपास के 50 लोग दौड़कर पहुंच गए। लोगो ने बच्चो को सुरक्षित निकाला । किसी को भी चोट नही आई ।जिसमे जीप का डाइबर संजय को हलका फुल्का चोट आई है ।ग्रामीण द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। जिसमे पुलिस ने जीप को कब्जे मे लेकर थाने पहुंची। थानाध्यक्ष का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर नही पडी है।

### मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में आपत्ति/सुझाव की अंतिम तिथि 17 सितंबर तक

**मऊ।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवस्थित विधानसभा यथा 353-मधुबन, 354-घोसी, 355-मुहम्मदाबाद गोहना (अ०जा०) तथा 356-मऊ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के पश्चात लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 25 के उपबन्धों के अधीन आलेख्य मतदेय स्थलों की सूची तैयार कर ली गयी है, जिसका आलेख्य प्रकाशन दिनांक 11.09.2024 को कर दिया गया है। अतः जनसामान्य से अपील है कि यदि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव हो तो दिनांक 17.09.2024 तक सम्बन्धित तहसील कार्यालयों/जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं।

## एडवांस्ड अर्बन एमिनिटीज वाले आधुनिक शहर के तौर पर पहचान को किया जाएगा मजबूत

# नोएडा को 'डायनामिक सिटी' बनाने के लिए टास्क फोर्स बनाएगी योगी सरकार

- नोएडा क्षेत्र के कलेवर को बदलने पर है विशेष फोकस

**केटी न्यूज/लखनऊ / नोएडा**



उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने नोएडा क्षेत्र के कलेवर को बदलने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा पर कार्य करना शुरू कर दिया है।

सीएम योगी का विजन है कि नोएडा को डायनामिक सिटी के रूप में पहचान मिले और केवल औद्योगिक ही नहीं बल्कि एडवांस्ड अर्बन एमिनिटीज वाले आधुनिक शहर के तौर पर उसकी ब्रांडिंग और मजबूत हो सके। इस क्रम में नोएडा में वाइब्रेंट कल्चरल स्पेस को चिह्नित कर उनके विकास प्रक्रिया को गति देने के लिए बाकायदा एक टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इस क्रम में प्रक्रिया शुरू करते हुए नॉलेज पार्टनर के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसके पूरा होने से टास्क फोर्स के गठन प्रक्रिया को गति मिलेगी। उल्लेखनीय है कि टास्क फोर्स में प्राधिकरण व जिला स्तर के विभिन्न अधिकारी भी शामिल होंगे और यह टास्क फोर्स विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर जारी कार्य की प्रोग्रेस रिपोर्ट, मॉनिटरिंग, डीटेल्स के संकलन से डाटाबेस निर्माण, निवेश के अवसर तलाशने, टूरिस्ट अट्रैक्शंस को डेवलप करने और क्षेत्र की रचनात्मकता बढ़ाने जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा।

**इंटीग्रेटेड इंप्लिमेंटेशन विंग के तौर पर कार्य करेगा टास्क फोर्स :** सीएम योगी के विजन अनुसार टास्क फोर्स इंटीग्रेटेड इंप्लिमेंटेशन विंग के तौर पर कार्य करेगी। इसके द्वारा नोएडा की ब्रांडिंग की एक कार्ययोजना बनाई जाएगी जिसे एक्शन प्लान नाम दिया जाएगा। यह शहर को लेकर शेयर्ड विजन, यूनीक लोकल कैरेक्टर का आइडेंटिफिकेशन, नोएडा के प्राइड प्वॉइंट्स को पहचानने और उन्हें विभिन्न स्तरों पर प्रमोट करने जैसी गतिविधियों को पूरा करने पर बेस्ड होगी। इसे इंटीग्रेटेड स्ट्रैटेजी के तौर पर प्राधिकरण व जिला प्रशासन के साथ शेयर किया जाएगा जिसके बाद क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू होगी। इस दौरान पब्लिक एंगेजमेंट, कमर्शियल व इनवेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज और टूरिज्म प्रमोशन पर भी फोक किया जाएगा। माना जा रहा है कि सितंबर के तीसरे हफ्ते से इस परियोजना पर कार्य शुरू हो जाएगा।

### जीवंत और आत्मनिर्भर शहर के रूप में पहचाना जाएगा नोएडा

नोएडा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने कई लाभ के बावजूद, नोएडा को उभरते शहरों या 'नियोजित शहरों' से जुड़ी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में, इसकी चुनौतियों को दूर करके से एक जीवंत, आत्मनिर्भर और रहने योग्य शहरी समुदाय के तौर पर ब्रांडिंग की जाएगी जो जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि पर फोकस्ड होगा। नोएडा की ब्रांडिंग केवल औद्योगिक शहर तक ही सीमित नहीं होगी बल्कि नोएडा को डायनामिक सिटी के तौर पर ब्रांडिंग की जाएगी जो अपने यंग जेनरेशन बेस्ड पॉपुलेशन, मॉडर्न सिविक एमेनिटीज और आधुनिक सुख सुविधाओं युक्त शहर के तौर पर फोकस किया जाएगा। यहां पर टूरिस्ट अट्रैक्शंस डेवलप करने, सेल्फी प्वॉइंट डेवलप करने, इन स्थानों के चिह्नांकन, वहां जरूरी विकास व निर्माण कार्य को गति देने और उसकी ब्रांडिंग करने पर फोकस किया जाएगा।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी एजुकेटर की भर्ती के विरोध में कार्यकर्त्रियों ने डीएम कार्यालय घेरा



**चंदौली।** उत्तर प्रदेश में 10 हजार आंगनबाड़ी एजुकेटर की बिना परीक्षा निकली भर्ती के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित डीएम कार्यालय पर पहुंची सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने जमकर धरना प्रदर्शन कर भर्ती का विरोध किया और उक्त विरोध से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस बाबत आंगनवाड़ी कार्यकर्त्तियों का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिका तथा अन्य कर्मचारियों को उसका मानदेय/वेतन देने के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है और अलग से भर्ती निकाली जा रही है। उनलोगों की मांग है कि पहले सरकार उनके मानदेय का नियमित भुगतान करें उसके बाद ही कोई भर्ती निकाली जाए। इस दौरान पूरे जनपद से आई सैकड़ों कार्यकर्त्रियां धरना प्रदर्शन में मौजूद रहीं।

### डीएम व एसपी ने लघु फिल्म के माध्यम से बच्चों को यातायात के प्रति किया जागरूक



**जौनपुर।** आए दिन सड़कों पर एक्सीडेंट और गाड़ियों की टक्कर के कारण हो रही मौत को बचाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा बच्चों और उनके परिजनों को जागरूक करने के लिए नगर के होली चाइल्ड स्कूल में यातायात के प्रति जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान को लेकर बच्चों के बीच अभियान चलाया। बच्चों को जागरूक करने के यातायात से संबंधित वॉलपेपर बच्चों को दिखाई गई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदण्ड व पुलिस अधीक्षक डॉ अजय कुमार ने लघु फिल्म का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न तरीके के नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर देवेश कुमार सिंह ने बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि घर से निकले तो बाइक की चाबी बाद में पहले हेलमेट का नारा लेते हुए बाइक चलाएं ।जिससे कि असमायिक दुर्घटनाओं से बचा जा सके। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए बच्चों को जागरूक किया और उन्हें एक उम्र से पहले सड़कों पर गाड़ी चलाने से मना किया।

### रहमानिया सीरत कमेटी ने मांगों को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** नगर के डढीयाना टोला मल्हनी पड़ाव पर ईद मिलादुन्नबी स अ व एवं जुलूस ए मदहे सहाबा को सम्पन्न कराने वाली रहमानिया सीरत कमेटी के पदाधिकारियों ने आज अध्यक्ष शाहनवाज मंजूर की अगुवाई में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। जिसके माध्यम से मांग की कि उक्त प्रोग्राम में साफ सफाई,जल की व्यवस्था,बिजली के साथ पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे। और पूर्व की भांति मिल रही सभी सुविधाओं को इस बार भी दिया जाए। बता दें कि इस वर्ष उक्त जलसा व जुलूस 1 व 2 अक्टूबर को मानना निश्चित हुआ है। 1 अक्टूबर को मोहल्ला डढ़ियाना टोला में कौमी यकजहती राष्ट्रीय एकता का प्रोग्राम होगा। उसी दिन शाही बड़ी मसज़िद के उत्तरी गेट से शाम 6 बजे से अंजुमन व फन ए सिपाहगरी के अखाड़ों का जुलूस उठकर अपने परंपरागत निर्धारित रास्तों से होता हुआ मोहल्ला बाग ए हाशिम रौजा कदम रसूल पर पहुंच कर समाप्त होगा। 2 अक्टूबर की शाम 7 बजे से मोहल्ला डढ़ियाना टोला में नातिया कलाम का आयोजन होगा।

## 17 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा



**केटी न्यूज/चंदौली**

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी व संबंधित विभागों की बैठक हुई। इसमें 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा के तहत संचालित होने वाली गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

सीडीओ ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण अभियान चलाने, शैक्षिक व सार्वजनिक प्रदर्शनी के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करने, डिजिटल प्लेट फार्म के माध्यम से केंद्रों को चिन्हित करने का निर्देश दिया संबंधित अधिकारियों को दिया। कहा कि पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता के संदेश को प्रचारित व प्रसारित करना, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैलियां, मानव श्रृंखला, स्वच्छता चौपाल विशेष वार्ड की बैठकें और ग्राम सभा की बैठकें आयोजित करना, वार्ड/ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत सफाई की स्थिति का मूल्यांकन करते हुए स्वच्छ वार्ड / स्वच्छ ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन, विशेष ग्राम सभा की सामुदायिक बैठकों के माध्यम से साफ-सफाई व स्वच्छता के विषय व उनके समाधान पर केंद्रित चर्चा, ब्लैक स्पाट की पहचान ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों व सार्वजनिक उप क्रमों में सबसे गंदे ब्लैक स्पाट की पहचान करना, मैराथन दौड़ आयोजित किया जाना, स्कूली बच्चों के साथ शैक्षिक संस्थानों / स्कूलों / आंगनबाड़ी केंद्रों में कविता, निबंध, चित्रकला और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित नारे लेखन, प्रश्नोत्तरी और जिंगल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सफाई कार्य में लगाए गए श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य व कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपचार केंद्र शिविर आयोजित कराया जाएगा।

### सर्वांगीण विकास के लिए विद्यार्थियों में अनुशासन जरूरी : प्रो. राजेश शर्मा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री एवं एनवायर्नमेंटल साइंस के संयुक्त तत्वावधान में दीक्षारम्भ 2024 का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम वर्ष के एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, एनवायरमेंटल साइंस तथा बीएससी ऑनर्स एवं बायो ग्रुप पाठ्यक्रम के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को शिक्षकों ने विश्वविद्यालय से जुड़ीं विविध जानकारी दी।

विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष एवं बायोटेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने विज्ञान संकाय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए, परीक्षा से संबंधित विषयों , अकादमिक , सांस्कृतिक, खेल एवं कौशल विकास तथा विश्वविद्यालय परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। दीक्षारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैय्या संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए हर सुविधाएं उपलब्ध है।

### अंकित पांडेय का उत्तराखंड पीसीएस में हुआ चयन



**केटी न्यूज/जौनपुर**

सिराजे हिंद की सरजमी जौनपुर हमेशा से आईएएस- पीसीएस अधिकारियों का मंडी कहा जाता रहा है। जिले के माधोपट्टी गांव इसका उदाहरण है जो पूरे विश्व पटेल पर अंकित है। इस गांव में सबसे ज्यादा इस आईएएस-पीसीएस अधिकारी हुए हैं। इस कड़ी को एक बार फिर आगे बढ़ाते हुए जनपद के होनहार छात्र ने उत्तराखण्ड पीसीएस में चयनित होकर परिवार सहित पूरे जनपद का मान बढ़ा दिया। अंकित पांडेय का चयन जिला आपूर्ति अधिकारी के पद पर उत्तराखंड में हुआ है।

अंकित पाण्डेय नगर के बसन्त कुंज कालोनी पॉलिटेनिक चौराहा निवासी डा. यूके पाण्डेय एवं गीता पाण्डेय के पुत्र हैं। जिनका उत्तराखण्ड पीसीएस में जिला आपूर्ति अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। अंकित ने बताया की इनकी प्रारम्भिक शिक्षा हरिहर सिंह पब्लिक स्कूल तथा टीडी कालेज जौनपुर से हुआ है। जिसके बाद उच्च शिक्षा दिल्ली से पूरी हुई। इनके बड़े भाई एम्स दिल्ली में सर्जन हैं। मूलतः ये लोग प्रतापगढ़ जिले के कुण्डा के निवासी हैं जो पिछले कई वर्षों से जौनपुर में रहते हैं। फिलहाल अंकित के चयन ने जौनपुर एवं प्रतापगढ़ जिला गौरवान्वित हुआ है।

अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की कृपा, माता-पिता की तपस्या, बड़े भाई और दीदी का सहयोग तथा गुरुजनों का मार्गदर्शन बताया। अमित ने कहा कि कोई क्षेत्र में जाकर आम जनता के लिए अपने गरीबों की सेवा करना चाहते हैं मेरे विभाग द्वारा जो भी संभव होगा मदद करने का प्रयास करुंगा। अंकित पांडेय ने दो बार यूपीएससी की परीक्षा दी है जिसमे वह इंटरव्यू तक पहुंचे है। लेकिन वह कुछ अंको से पीछे रह गए। किस्मत ने उनका साथ नही दिया जिससे उनका चयन नही हो पाया।

## गंदगी देख नाराज चंदौली के डीएम ने इसके लिए जिम्मेदार को कोतवाली भेजा

# समय पर पूरा करायें मेडिकल कॉलेज का निर्माण: डीएम

**केटी न्यूज/चंदौली**

- डीएम ने जिला चिकित्सालय परिसर का औचक निरीक्षण किया



जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे बुधवार को जिला चिकित्सालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। इसमें मेडिकल कालेज के निमार्णाधीन बिल्डिंग का किया निरीक्षण, निर्माण बिल्डिंग के प्लास्टर, बीम, जोड़ाई आदि में गुणवत्ता को गहनता से देखा तथा समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिया। चेतावनी दिया कि जिला अस्पताल परिसर में निर्माणधीन मेडिकल कालेज की बिल्डिंग का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने को निर्देश दिया।वही परिसर में गंदगी देख नाराज जिलाधिकारी ने सफाई इंचार्ज को सदर कोतवाली भेज दिया तथा नामित सफाई एजेन्सी का भुगतान रोकने का निर्देश दिया।

उन्होंने गुणवत्ता की जांच टेक्निकल टीम द्वारा समय समय पर कराते रहे।कहा कि कार्य की गुणवत्ता अच्छी रखते हुये समय सीमा में कार्यदायी संस्था कार्य पूर्ण कराए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परिसर में जल भराव की समस्या सामने आई। जिसमें पाया गया कि वर्तमान में सीवर लाइन जाम होने एवं ओवरफ्लो के कारण यह समस्या बन रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सीएमएस व एच एम सी एच के प्रभारी से स्पष्टिकरण मांगा।जिलाधिकारी ने एच एम सी एच प्रभारी को दो दिन में पानी का रिसाव तथा सीवर लाइन ठीक कराने को कहा तथा सीएमएस और कार्यदाई संस्था को तत्काल मोटर पम्प लगा कर परिसर का सारा पानी निकलने के निर्देश देते हुए कहा कि। दो दिन बाद पुनः मेरे द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान आम जनमानस को किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े उनकी सुगमता के लिए हर संभव प्रयास कर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करे।अगर परिसर के अन्दर जल भराव,आवागमन इलाज के दौरान लापरवाही,परिसर से बाहरी दुकानों का संचालन सहित अन्य किसी भी प्रकार की दुर्व्यवस्था दिखाई दी तो सम्बंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुये जुमार्ना तय कर वसूल किया जायेगा जिसके जिम्मेदार ओ खुद होने। कहा कि इलाज के लिए बाहरी दवा ना लिखी जाय।ऐसा करने वाले के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी वाई के राय, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, सी एम एस,कार्यदाई संस्था सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न को रोकने के लिए आंतरिक परिवार समिति का होगा गठन

- कार्यालय में किसी भी प्रकार का यौनिक उत्पीड़न पर समिति को महिलाएं कर सकेंगीं शिकायत

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के संबंध में समस्त कार्यालयाध्यक्षों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी ने लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में विस्तार पूर्वक सभी कार्यालयाध्यक्षों के समक्ष जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 है। यह अधिनियम 22 मार्च 2013 से संपूर्ण भारत में लागू है। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यस्थल चाहे संगठित क्षेत्र, विस्तारित क्षेत्र या असंगठित क्षेत्र के संबंध में बताया कि किसी आयु की ऐसी महिला, चाहे नियोजित है या नहीं, तथा एक ऐसा स्थान जहां कोई भी व्यक्ति कार्य करता हो, सरकारी या गैर सरकारी कार्यालय, संस्था, संगठन अस्पताल शैक्षिक संस्थान, खेलकूद का स्थान, प्रशिक्षण संस्थान या अन्य व्यावसायिक स्थान तथा किसी का घर, खेत या ईट भट्ठा या दुकान जहां कोई महिला कार्य करती हो।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

# संपादकीय

बक्सर, 12 सितंबर 2024
website: keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## सुभाषितम्

जो बात आप आमने सामने नहीं कर पाते, वह पत्र द्वारा आसानी से सभ्य शब्दों में कही जा सकती है। - अज्ञात

## पिछले 10 साल धर्म की राजनीति के, अब जाति की राजनीति के

भारतीय राजनीति मे इन दिनों धर्म और जाति के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा हो रही है। पिछले 10 साल की राजनीति में धर्म आधारित राजनीति प्रमुख कारण था। 2014 का लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंदुत्व को आधार बनाकर जीता। गुजरात मॉडल के धार्मिक ध्रुवीकरण ने भाजपा को केंद्र एवं राज्यों की सत्ता में मजबूती से स्थापित किया। धार्मिक ध्रुवीकरण का यह मॉडल सारे देश में फैलाया गया। केंद्र एवं राज्यों में डबल इंजन की सरकारें बनी। जिससे देश में धर्म आधारित राजनीति को बढ़ावा मिला। धार्मिक आधार पर राजनीति का ध्रवीकरण हुआ। भाजपा ने इसे ही राजनीति का सत्य मान लिया था। विपक्षी दल भी लगभग 10 साल तक बदली हुई परिस्थितियों में कोमा में चले गए थे। 80:20 की राजनीति का गणित विपक्षी दल नहीं समझ पा रहे थे। धर्म की राजनीति अपने चरम पर पहुँच गई। धर्म के आधार पर भगवान राम और हिंदुत्व के नाम पर जो राजनीतिक सफलता नरेंद्र मोदी और भाजपा ने प्राप्त की थी। उसका आम जनता को कोई लाभ नहीं मिला। 2014 में जो वादे किए गए थे। वह पूरे नहीं हुए। उल्टे महंगाई, बेरोजगारी और कर्ज आम लोगों पर बढ़ता चला गया। पिछले 10 सालों में जनता के ऊपर कई तरह के टैक्स और शुल्क लगाकर सरकारों ने भारी राजस्व कमाया। पिछले 10 सालों में जनता की परेशानी शनेः- शनेः बढ़ती चली गई। धर्म की राजनीति का तिस्लिम अब टूटता हुआ दिख रहा है। भविष्य के चुनावों में अब धर्म का स्थान जाति के आधार पर तैयार हो रहा है। भारत में परिवार एवं जाति समुदाय की भूमिका हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। आने वाले समय में आर्थिक कारणों से जाति आधारित राजनीति अधिक सशक्त होना तय है। भारतीय राजनीति मे जाति के मुद्दे को इस्तेमाल कर, विपक्षी दलों ने सत्ता पक्ष के चुनावी समीकरणो को पूरी तरह से चुनौती देने की तैयारी कर ली है। दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग का बड़ा समूह विभिन्न जाति और समुदाय में बंटा हुआ है। सभी विपक्षी दल मिलकर आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन के आधार पर 67 फीसदी आबादी को अपने साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव धर्म आधारित राजनीति के लिए मुफीद नहीं रहा। चुनाव के पहले भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी, चुनाव परिणाम आने के बाद 240 पर सिमट गई। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राज्यों में जो चुनाव हो रहे हैं। उसमें यह बदलाव स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। आने वाले विधानसभा चुनावों में भारतीय राजनीति के लिए निर्णायक मोड़ साबित हो सकता हैं। भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों को इस बदलाव का एहसास हो गया है। भविष्य की रणनीति, जाति-समुदाय के आधार पर बनाने की रणनीति सभी राजनैतिक दल तैयार कर रहे हैं। इस बदलाव में अब भारतीय जनता पार्टी भी अब शामिल होती हुई दिख रही है। भारतीय राजनीति में, हमेशा से धर्म, जाति और गरीबी अमीरी की लड़ाई चुनाव का मुख्य मुद्दा बनती रही है। समय-समय पर राजनीतिक दल इन्हीं तीन आधारों पर चुनाव जीतने की कोशिश करते रहे हैं। वर्तमान स्थिति में जाति का मुद्दा भारतीय राजनीति में प्रभावी हो गया है। बीते 10 साल धर्म आधारित राजनीति के थे। आर्थिक महंगाई,बेरोजगारी और बढ़ते कर्ज के कारण अब भारतीय राजनीति परिवार और जाति पर केंद्रित हो रही है। इसका लाभ विपक्षी दलों को बड़े पैमाने पर मिलता हुआ दिख रहा है। समय के साथ चीजें बदलती हैं। अब समय बदल रहा है। समय के साथ राजनीतिक हालात भी बदल रहे हैं। कमंडल के बाद मंडल की राजनीति 35 वर्ष बाद नए रुप में सामने आ रही है। 2021 की जनगणना जो 2024-25 में होगी। उसमें जाति आधारित जनगणना लगभग तय हो चुकी है। भारतीय राजनीति समय के साथ तेजी से बदल रही है।

## चिंतन-मनन

### क्या हैं आध्यात्मिक होने का अर्थ

यह प्रश्न किसी भी जिज्ञासु के मन में उठ सकता है कि हमें ठीक-ठीक ऐसा क्या करना चाहिए ताकि वह जो परम है, जो परमेश्वर है, वह मेरे जीवन में घटित हो सके? सदगुरु इसका उत्तर देते हैं कि अध्यात्म भीगी बिल्लियों के लिए नहीं है, क्या तुम समझ रहे हो? तुम अपने जीवन में और कुछ भी नहीं कर सकते हो, लेकिन सोचते हो कि मैं आध्यात्मिक हो सकता हूँ, ऐसा नहीं है। अगर तुम इस संसार के किसी भी काम को अपने हाथ में लेकर कर सकते हो, फिर तुम्हारे आध्यात्मिक होने की एक संभावना पैदा हो सकती है, अन्यथा नहीं। अगर तुम्हारे पास इस संसार के किसी भी काम को लेकर और अच्छी तरह से करने की शक्ति और साहस है, तब तुम संभवतः आध्यात्मिक हो सकते हो। यह उन लोगों के लिए नहीं है, जो कुछ भी नहीं कर सकते। अभी, पूरे देश के मन में यही बैठा हुआ है, संभवतः पूरे संसार के मन में, कि वे निकम्मे और नालायक लोग, आध्यात्मिक लोग होते हैं, क्योंकि वे तथाकथित आध्यात्मिक लोग वैसे ही हो गए हैं। वे लोग जो किसी भी चीज को करने के लायक नहीं हैं, वे बस यही करते हैं कि एक गेरुआ वस्त्र पहन कर और किसी मंदिर के सामने बैठ जाते हैं; उनका जीवन सँवर जाता है। यह अध्यात्म नहीं है, यह वर्दी पहनकर बस भीख माँगना है। अगर तुम्हें अपनी चेतना पर विजय प्राप्त करनी है, अगर तुम्हें अपनी चेतना के शिखर पर पहुँचना है, वहाँ एक भिखारी कभी नहीं पहुँच सकता। दो तरह के भिखारी होते हैं। गौतम बुद्ध तथा उस स्तर के लोग उच्चतम श्रेणी के भिखारी हैं। दूसरे सभी निपट भिखारी हैं। मैं तो कहूँगा कि एक सड़क का भिखारी तथा राजगद्दी पर बैठा हुआ एक राजा, दोनों ही भिखारी हैं। वे निरन्तर बाहर से कुछ माँग रहे होते हैं। सड़क का भिखारी हो सकता है कि पैसा, भोजन या आय माँग रहा हो। राजा हो सकता है कि किसी दूसरे राज्य पर विजय, खुशी या कुछ इस तरह की अनर्गल चीजें माँग रहा हो।

# घुटती सांसों से कम होती औसत आयु की चिन्ता

- ललित गर्ग

वायु प्रदूषण का संकट भारत की राष्ट्रव्यापी समस्या है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हाल ही में जारी रिपोर्ट इस चिन्ता को बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु तीन से पांच वर्ष एवं दिल्ली में दस से बाहर वर्ष कम कर रहा है। बहरहाल प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की जरूरत है। अध्ययन कहता है कि देश की एक अरब से अधिक आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। दरअसल, देश के बड़े शहर आबादी के बोझ से त्रस्त हैं। बढ़ती आबादी के लिये रोजगार बढ़ाने व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो औद्योगिक इकाइयां लगायी गई, उनकी भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका रही है। डीजल-पेट्रोल के निजी वाहनों को बढ़ता काफिला, निर्माण कार्यों में लापरवाही, कचरे का निस्तारण न होना और जीवाश्म ईंधन ने प्रदूषण बढ़ाया है। यह बढता वायु प्रदूषण हमारी जीवन शैली से उपजे प्रदूषण की देन भी है।

यह निराशाजनक खबरों के बीच उत्साहवर्धक खबर यह भी है कि भारत में सूक्ष्म कणों से पैदा होने वाले जानलेवा प्रदूषण में गिरावट आई है। लेकिन अभी जीवन प्रत्याशा घटाने वाले प्रदूषण को लेकर जारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट ह्यवायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024ह्व बताती है कि भारत में साल 2021 की तुलना में 2022 के वायु प्रदूषण में 19.3 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, यह उपलब्धि मौजूदा हालात में बहुत बड़ी तो नहीं कही जा सकती है, लेकिन यह बात उत्साहवर्धक है कि प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इक्यावन दिन की वृद्धि हुई है। हालांकि, हम अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं, लेकिन एक विश्वास जगा है कि युद्ध स्तर पर प्रयासों से भयावह प्रदूषण के खिलाफ किसी हद तक जंग जीती भी जा सकती है। लेकिन इसके साथ ही सूचकांक-2024 में यह चेताया भी है कि यदि भारत में डब्ल्यूएचओ के वार्षिक पीएम 2.5 के सांद्रता मानक के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में करीब साढ़े तीन साल की कमी आने की आशंका पैदा हो सकती है। पीएम 2.5 श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकता है और सांस संबंधी समस्याओं को जन्म देता है। यह स्वास्थ्य को एक बड़ा खतरा है और वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है। हालांकि, राजधानी समेत कई अन्य राज्यों में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद प्रदूषण में काफी कमी आई है। इस दिशा में हमें दीर्घकालीन नीतियों के बारे में सोचना होगा। हमारी कोशिश हो कि घनी आबादी के बीच चलायी जा रही औद्योगिक इकाइयों को शहरों से दूर स्थापित किया जाए। हमारे उद्यमियों को भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देना चाहिए। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि प्रदूषण में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद दिल्ली आदि महानगरों में चलाये जाने वाले ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप जैसी व्यवस्था को नियमित रूप से लागू क्यों नहीं किया जा सकता? ताजा कुछ अध्ययनों में बताया गया है कि बढ़ता प्रदूषण नवजात शिशुओं तथा बच्चों की जीवन प्रत्याशा पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में हमें पराली के निस्तारण, औद्योगिक कचरे के नियमन तथा कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन पर रोक लगाने जैसे फौरी उपाय तुरंत करने चाहिए। ऐसे तमाम प्रदूषण स्रोतों को नियंत्रित करने की जरूरत है जो हमारे जीवन पर संकट पैदा कर रहे हैं।

अध्ययन कहता है कि भारत के सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित हैं। हम न भूलें कि देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की गिनती लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में होती रही है। दीवाली के बाद जब दिल्ली गहरे प्रदूषण के आगोश में होती है तो कोर्ट से लेकर सरकार तक अति सक्रियता दर्शाते हैं। लेकिन थोड़ी स्थिति सामान्य होने पर परिणाम वही ह्यढाक के तीन पातह्व। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय होते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में प्रदूषण कम करने को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था। चार साल बाद पता चला कि किसी भी शहर ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया। विकासशील देश पहले ही निर्धारित वायु गुणवत्ता के मानक पूरा नहीं कर पा रहे हैं, वहीं डब्ल्यूएचओ ने मानकों को और कठोर बना दिया है। सभी सरकारों व नागरिकों का दायित्व बनता है कि अपने-अपने स्तर पर प्रदूषण को कम करने वाली जीवन शैली अपनाएं। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि पूरी दुनिया में सत्तर लाख मौतें हर साल प्रदूषित वायु के चलते हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुसार हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 के वार्षिक स्तर की सुरक्षित सीमा क्रमशः चालीस माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और साठ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होनी चाहिए। हालांकि, ये मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित मानकों से कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की लालसा एवं भौतिकतावादी जीवनशैली की चमक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? रिपोर्ट में उल्लेखित प्रदूषण में आई गिरावट की वजह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां बतायी गई हैं। हालांकि, हकीकत यह भी है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये चलायी जा रही कई योजनाओं के सकारात्मक परिणामों का भी इसमें योगदान रहा है। खासकर भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत जिन शहरों को शामिल किया गया था, वहां भी पीएम-2.5 सांद्रता में गिरावट देखी गई है। वहीं स्वच्छ ईंधन कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव प्रदूषण नियंत्रण पर नजर आया है। इससे भारत के रिहाइशी इलाकों में कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिली है। ऐसी योजनाओं को पूरे देश में लागू करने का सुझाव भी दिया गया है। बहरहाल, हमें वर्ष 2022 के उत्साहजनक परिणामों के सामने आने के बाद व्यापक लक्ष्यों के प्रति उदासीन नहीं होना है। यह एक लंबी लड़ाई है और इसमें सरकार व समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। हमें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि सरकारों के भरोसे ही लगातार गहराते पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। निश्चित ही वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। वायु प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। सरकारें अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य देकर समस्या को कमतर दिखाने की कोशिशें करती है। लेकिन हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे राष्ट्र को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? वास्तव में यह विभिन्न राज्य सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा।

# विदेशों की चाह में लुटते भारतीय युवा?

- नरेन्द्र भारती

डालरों की चमक व सोने के सिक्कों की खनक की चाह में भारतीय युवाओं को कबूतरवाज जिस तरह से लूट रहे हैं किसी से छिपा नहीं है ठगी के मामलों बहुत इजाफा हो रहा है केंद्र सरकार को इन घटनाओं पर संज्ञान लेना चाहिए 'प्रतिदिन समाचार पत्रों में युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर ठगी के सैंकडों मामले सुर्खियां बनते है एक समाचार के अनुसार ऐसा ही एक ताजा मामला हिमाचल प्रदेश के मंडी व ऊना मे घटित हुआ है मंडी मे युवाओं को विदेश भेजनें के नाम पर 20 लाख की ठगी हुई है और ऊना मे 30 लाख की ठगी हुई है ' ऐसे ठगों को आजीवन कारावास देना चाहिए 'कुछ वर्ष पहले भी कांगडा.में ही दो युवकों से दस लाख रुपये की ठगी की गई थी पहले उन्हे विदेश बुला लिया और बाद में वीजा न लगने का कारण बताकर स्वदेश वापस भेज दिया दोनों युवकों से पांच-पांच लाख की रकम ठग ली थी ।कुछ दिनों पहले हिमाचल के जिला मण्डी के युवको के साथ भी ऐसा ही हादसा हुआ था जो बड़ी मुशिकल से मलेशिया से वापस आए थें। ऐसे ठगी के मामले निरंतर बढ़ते जा रहे हैं लेकिन प्रशासन व सरकारें इस गोरखधन्धे पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक लोग कबूतरबाजों के कारण ठगे जा रहे हैं अगर केन्द्र सरकार इन कबूतरबाजों पर शिंकजा कसे तो यह मामले रुक सकते हैं ।फर्जी ट्रेवल एजेटों का जाल हर जगह फैलता जा रहा है,मगर सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी है जब कोई मामला प्रकाश में आता है तब जरा सी हलचल होती है मगर फिर वही सिलसिला बदस्तूर जारी रहता है ।ठगो व कबूतरबाजों द्वारा आज तक देश में पता नहीं कितने लोगों को शिकार बनाया होगा। कबूतरबाजी में पुरुष ही नहीं महिलाएं भी लोगों को लाखों का चूना लगा रही हैं। महिलाओं के झासें में आकर काफी लोग अपनी संपतियां गंवा चुके हैं। लोग जमीन जायदाद बेचकर और खून पसीने की कमाई अपने बच्चों को रोजगार हेतू विदेश भेजते है मगर ऐजेंट लोग पैसा हड़प लेते हैं कभी तो ऐसे हालात बनते हैं कि इन्हे अवैध तरीके से ले जाते है और पकडे जाने पर जेलों में भेजे जाते हैं ।आज पता नहीं कितने ही लोग जेलों में सड़ रहे हैं और नारकीय जीवन जिन्दगी बिता रहे हैं। कबूतरबाजी के ज्यादातर मामले पंजाब,हरियाणा ,दिल्ली व उतरप्रदेश में हो रहे हैं हर रोज पंजाब के किसी न किसी कोने से ऐसी वारदातों की खबरें आती रहती हैं ।हिमाचल प्रदेश में भी कबूतरबाजों का साया फैलता जा रहा है। समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों के मुताबिक बीते सालों में होशियारपुर में कनाडा भेजने के नाम पर एक युवक से 6 लाख 55 हजार रुपये की ठगी की गई ।वर्ष 2009 में बंठिडा में जापान भेजने के नाम पर लुधियाना के एक युवक से 9 लाख रुपयों की ठगी हुई थी। गत वर्ष हिमाचल के मण्डी जिले की बल्ह घाटी के दर्जनों युवकों से भी एक एजेन्ट ने ठगी की थी ।पुलिस ने एजेंट को पकड़ लिया था।2012 में कांगड़ा के जसूर में भी एक महिला ने इराक भेजने के नाम पर युवकों को ठगा और विदेश में नौकरी के नाम पर आधा दर्जन युवको से 1.40 लाख,दूसरे युवक से 1.50 लाख और तीसरे युवक से 80 हजार रुपये ठगे ।कागंडा के पालमपुर में भी एक युवक को मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपये की ठगी कर युवक को शिकार बनाया था एंजेट ने उसे विदेश तो भेज दिया मगर ओपचारिकताएं पूरी न होने के कारण उसे वहां से बैरंग लौटना पड़ा। युवक के पिता ने बेटे को विदेश भेजने के लिए अपनी जमीन तक बेच दी थी। एंजेट ने न तो पैसे लौटाए और न ही नौकरी दिलवाई। ऐसे बहुत से मामले हैं मगर प्रकाश में नहीं आते हैं लोागों की मेहनत का पैसा लूटा जा रहा है। ।आज झूठे विज्ञापन देकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और पैसा लूटा जा रहा है ।देश में हर रोज ऐसे मामले हो रहे हैं मगर युवाओं में विदेश जाने की ललक कम नहीं हो रही है। कुशल लोगों को तो विदेश में अच्छा पैसा मिलता है मगर अकुशल लोगों को मुशिकल होती है, अक्सर देखा गया है कि लोग भी साम, दाम, दंड,भेद से वीजा हासिल कर लेते है मगर जब फंसते हैं तब अक्ल आती है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि विदेश भेजने के लिए देश कें प्रत्येक राज्यों के मुख्यालयों में सरकारी एंजैसियां स्थापित करनी चाहिए ताकि युवाओं को वैध तरीके से विदेश भेजा जाए। यदि सरकार ऐसे कदम उठाती है तो युवा ठगने से बच सकते हैं। क्योकि जब सारा काम वैध होगा तो लोगों में भी विदेश जाने की ललक बढेगी। कबूतर बाजों को उम्रकैद की सजा देनी चाहिए ताकि इस प्रवृति पर पूर्ण रुप से अकुश लगाया जा सके। दूतावासों के माध्यम से अगर लोगों को विदेश भेजने की योजना बनाई जाए तो लोग ठगने से बच सकते हैं। सरकारों को इन मामलो को अनदेखा नहीं करना चाहिए। सरकार को ठगी करने वाले लोगों व फर्जी तरीके से विदेश भेजने वालों के खिलाफ छापेमारी करनी चाहिए तथा इनकी जमीन-जायदाद की नीलामी करवानी चाहिए। देश के प्रत्येक नागरिक को इसमें योगदान देना चाहिए तथा ऐसे लागों का पदार्फाश करना चाहिए। अवैध रुप से चल रही ट्रैवल एजेसियों पर प्रतिबन्ध लगाया जाए तथा इनके मालिको को गिरफतार करके कारावासों में डाला जाए। अगर सरकार सक्रिय हो जाए तो इस गोरखधंधे पर रोक लग सकती है और लोगो का पैसा भी सुरक्षित रह सकेगा ।ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करना होगा। लोगों को भी चाहिए कि पूरी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद ही विदेश जाना चाहिए। येन-केन-प्रकारेण तरीको को न अपनाएं तथा विदेश भेजने वाले ट्रैवल एंजैटो की पूरी छानबीन करके ही जोखिम उठाएं ।सरकार को जागरुकता शिविर लगाने चाहिए तथा लोगों को विदेश जाने के नियमों की जानकारी देनी चाहिए ।क्योकि नियमों का पता न होने के कारण ही कबूतरबाज लोगो को शिकार बनाते हैं ।विदेशों मे स्थापित दूतावासों को भी समय-समय पर लोगों को फर्जी एंजेटों की सूची जारी करते रहना चाहिए ताकि लोगो की खून पसीने की कमाई बच सके। पुलिस प्रशासन को इनके विरुद्व धारा 420 के तहत मामला दर्ज करना चाहिए। कबूतरबाजों को सबक सिखाने का समय आ गया है ।सामूहिक रुप से इनका खात्मा करना होगा यह देश हित में है। केन्द्र सरकार को ऐसे मामलो पर संज्ञान लेना चाहिए ताकि भारतीय युवा विदेशों में रोजगार के लिए जा सके और ठगने से बच सके। यह देश हित मे है।

# देवभूमि उत्तराखंड में है एक अनूठा पुस्कालय गांव!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

देवभूमि उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों के बीच पुस्तकों का एक अनूठा गांव बसा हुआ है,जिसे पुस्तकों का गांव भी कहते है। इस गांव में 17,500 से अधिक पुस्तकों का संग्रह देखने को मिलता है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि ब्लॉक के मणिगुह गांव को पुस्तकालय गांव के नाम से जाना जाता है। ह्यहमारा गांव घरह्व फाउंडेशन के माध्यम से पुस्कालय गांव को देखने व पुस्तकों के ज्ञान को प्राप्त करने के लिए लोग इस गांव में दूर दूर से आते है। इस पुस्तकालय गांव से मनदाणी, सतोपंत, केदारनाथ, भारतखुंड, खरचकुण्ड, थलय सागर आदि पर्वत श्रृंखलाओं के दर्शन भी किये जा सकते हैं ।समुद्र तल से 1664 मीटर की ऊंचाई पर बसे मणिगुह गांव देखने में बेहद खूबसूरत लगता है। इस गांव में 250 परिवार रहते हैं। गांव में कई होमस्टे भी बनकर तैयार हो चुके हैं ।पुस्तकालय गांव के संचालक महेश नेगी बताते हैं कि हमारा गांव घर फाउंडेशन की स्थापना 26 जनवरी सन 2023 को रखी गई । बीना मिश्रा, सुमन मिश्रा, राहुल रावत, आलोक सोनी ने मिलकर इस फाउंडेशन को शुरू किया था,फाउंडेशन का उद्देश्य गांव का आर्थिक व शैक्षणिक विकास करना है। गांव के किशोर व बड़े भी एकदम तो पुस्तकालय से नहीं जुड़ पाए लेकिन धीरे-धीरे जब उनको पता चला कि यहां पढ़ने का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, तो पाठकों की संख्या बढ़ने लगी। प्रतिदिन 10 से 12 बच्चे स्कूल खत्म होने के बाद गांव के पुस्तकालय में पढ़ने के लिए पहुंच जाते हैं,साथ ही कई बड़े भी ज्ञानवर्धन करते है। पुस्तकालय गांव की शुरूआत के समय तीन दिवसीय गांव घर महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें किसान, कवि, रंगकर्मी समेत सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े हुए लोग शामिल हुए थे ।इनके द्वारा उत्तराखंड के कई इलाकों में पुस्तकालय खोले गये हैं, लेकिन वहां लोगों की आवाजाही अभी भी कम है। ऐसे में उनके द्वारा यह प्रयास किया गया कि पुस्तकालय को लोगों के व्यक्तित्व का हिस्सा बनाया जाए, इसके लिए ग्रामसभा के विभिन्न क्षेत्रों में 8 पुस्तक मंदिरों की स्थापना की गई है, ताकि दूरस्थ क्षेत्र के लोग भी आसानी से पुस्तकें पढ़ सकें ।साहित्य से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें यहां के पुस्तकालय में मिलती है,साथ ही विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तक, प्रतियोगी परीक्षाओं, साहित्य से जुड़ी पुस्तकों के अलावा जाने-माने लेखकों की पुस्तकें भी पढ़ने को मिल यहां जाएंगी ।उत्तराखंड आंदोलन से जुड़े दस्तावेज भी यहां के पुस्तकालय में मौजूद हैं। वहीं कई दुर्लभ पुस्तकों का भी संकलन यहां मौजूद है। सालभर कई शैक्षणिक गतिविधियां यहां आयोजित की गई हैं। यहां आकर मन को शांति मिलने के साथ-साथ ज्ञान की प्राप्ति भी होती है ।पुस्तकों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए यह एक नया कदम कहा जा सकता है। इस गांव से निकलकर बड़े शहरों में नौकरी करने वाले युवा भी वापस अपने गांव को एक नई पहचान देने में जुट गए हैं। हालांकि किसी गांव में पुस्तालयों का निर्माण कोई नई बात नहीं है, लेकिन मणिगुह गांव में ह्यहमारा गांव घर फाउंडेशनह्व के सहयोग से बने पुस्तकालय में गांव के बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास और मुफ़्त कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था भी की जा रही है। मणिगुह गांव अपने प्राकृतिक संसाधनों के लिए भी जाना जाता है, यहां खुमानी, संतरे, अंजीर और अन्य फलों को उगाया जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज करियर में लाभ का दिन है और ऑफिस में आपको कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं।

**वृषभ** आपके भाग्य पर ग्रहों की शुभ दृष्टि है और आपको सांसारिक सुख भोग के साधनों की प्राप्ति होगी।

**मिथुन** आज दिन शुभ है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**कर्क** आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**सिंह** आप अपने लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें।

**कन्या** आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**तुला** योजनाएं सफल होंगी। अकस्मात आपके कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा उलटफेर हो सकता है।

**वृश्चिक** लाभ का दिन है। दिन खुशी में बीतेगा। सोचे गए कार्य पूर्ण होने से आपको लाभ होगा।

**धनु** आज दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं।

**मकर** आज दिन धन संपत्ति से भरा होगा और कारोबार में भाग्य आपका साथ देगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

**कुंभ** आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। राजनितिक क्षेत्र में दिन सफलताकारक है।

**मीन** आज दिन लाभ से भरा होगा और आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी।

## विशेष

### बीमार अस्पताल कैसे सुधरे स्वास्थ्य

देश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अक्सर ही सरकारें सुधार के बड़े-बड़े दावे करती चली आ रही हैं, लेकिन हकीकत में ग्रामीण क्या शहरी क्षेत्रों के अस्पताल भी बीमार नजर आ रहे हैं। इसमें दोराय नहीं कि समय के साथ मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हो चुकी है, लेकिन प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की हालत अब भी चिंताजनक है। विशेषज्ञों की कौन कहे यहां सामान्य चिकित्सकों की भी भारी कमी बनी हुई है। यह राजनीतिक बयान नहीं बल्कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से इस बात का खुलासा हुआ है।

### विदेशों में क्यों बढ़ी पूछ-परख

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर हैं। इस दौरान राहुल गांधी क्या कह रहे हैं, किससे मिल रहे हैं और क्या-क्या कर रहे हैं आदि आदि पर भाजपा नेताओं की खासी नजर है। कहें तो राहुल पर इतना ध्यान तो खुद कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता नहीं दे रहे होंगे, जितना कि भाजपा के लोग देते दिख रहे हैं। दरअसल राहुल के बयानों और उनकी ग्रुप फोटोज को लेकर भाजपा नेताओं ने लगातार उन पर हमला बोला है और घेरने की पूरी कोशिश की है। इसे लेकर अब सवाल किए जा रहे हैं कि क्या भाजपा राहुल से इस कदर डरी और सहमी हुई है कि वह अपने आकाओं के बयानों और कार्यों पर ध्यान देने की बजाय राहुल पर ध्यान दे रहे हैं। बात जो भी हो राहुल भारतीय राजनीति के केंद्र में तो हैं ही साथ ही भाजपा के विरोध के कारण विदेश में भी उनकी पूछ-परख बढ़ गई है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1398: तैमूर ने सिंध नदी अटक में उसी स्थान से पार की जहां से 7700 साल पहले सिकंदर ने पार की थी. 1494: फ्रांस नरेश फ्रांसिस प्रथम का जन्म. 1711: फ्रांसीसी फौजें रियोडी जेनेरो की खाड़ी में पहुंची. 1772: रूस ने बाकू पर कब्जा किया. 1786: लार्ड कार्नववालिस भारत के गवर्नर जनरल बने. 1801: अलेक्जेंडर प्रथम ने जार्जिया पर रूस द्वारा अधिकार कर लेने की घोषणा की. 1848: स्विटजरलैंड ने नया संविधान स्वीकार किया. 1890: रोडेशिया में ब्रिटिश साऊथ अफ्रीका कंपनी की स्थापना हुई. 1944: द्वितीय विश्व युद्ध में अमरीकी सैनिक जर्मनी पहुंचे. 1964: दक्षिण वियतनाम में असंतुष्ट सैनिकों ने सत्ता पर कब्जे की असफल कोशिश की. 1970: फिलीस्तीनी छापामारों ने तीन अपहत विमानों को जार्डन में बम से उड़ा दिया.

## दैनिक पंचांग

**12 सितम्बर 024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.09 बजे से |
| चंद्र | धनु में | तुला | 08.19 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.34 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.50 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.55 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 16.42 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.15 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.45 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 21.25 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.23 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | कर्क | 01.37 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.53 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 256 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 23.33 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मूल 21.53 बजे को समाप्त।
**योग** आयुष्मान 22.41 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 11.46 बजे तदनन्तर कौलव 23.33 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 08.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 04'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872100
**जूलियन दिन** 2460565.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रवि उलावल
**तारीख** 08
**विशेष** गौरी विसर्जन।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



## डिस्टेंस मोड में करें ये शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स, करियर बनाने में नहीं होगी दिक्कत

कई लोग पैसे के कारण दूसरे शहर में जाकर पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। हालांकि अगर आपको पढ़ने की चाह है तो आपको कोई रोक नहीं सकता। जी हां, अगर आप अपनी शिक्षा को बेहतर बनाना चाहते हैं और कम फीस में स्किल्स सीखना चाहते हैं, तो जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के डिस्टेंस मोड के शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। इसे आप आसानी से कर सकते हैं।

### डिस्टेंस मोड में शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्सेज

जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में केवल रेगुलर डिग्री कोर्सेज ही नहीं बल्कि डिस्टेंस मोड में शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स करने का भी मौका दे रहा है। ये कोर्स करने के बाद आप आसानी से काफी कुछ सीख सकते हैं। इन कोर्स की फीस भी बहुत कम होती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को काफी ज्यादा मदद मिल जाती है।

- डिस्टेंस मोड में करें ये शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स
- बैचलर ऑफ आर्ट्स
- बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- बैचलर ऑफ कॉमर्स
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन एजुकेशन
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इंग्लिश
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हिस्ट्री
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हिंदी
- मास्टर ऑफ आर्ट्स ज्योग्राफी
- मास्टर ऑफ आर्ट्स पॉलिटिकल साइंस
- मास्टर ऑफ आर्ट्स उर्दू
- मास्टर ऑफ आर्ट्स सोशियोलॉजी
- मास्टर ऑफ कॉमर्स





# इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र में कैसे बनाएं करियर

**आजकल किसी भी इवेंट को भव्य तरीके से ऑर्गेनाइज करने का चलन जोरो पर है और इसके लिए लोग इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में इसकी मांग को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अगर आपको भी इस तरह के प्रोग्राम को हैंडल करना और ऑर्गेनाइज करना अच्छा लगता है, तो आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकती हैं।**

आज हर इवेंट की पहली मांग ग्लैमर और स्टाइल है। शादी समारोह हो या गेट-टुगेदर, ऑफिस की पार्टी हो या घर का कोई फंक्शन, इवेंट मैनेजर के बिना ये सारे समारोह सही तरीके से ऑर्गेनाइज नहीं हो सकते। हर इवेंट को बिल्कुल सही तरह से ऑर्गेनाइज करने का जिम्मा इवेंट मैनेजर कंधों पर होता है। आजकल किसी भी इवेंट को भव्य तरीके से ऑर्गेनाइज करने का चलन जोरो पर है और इसके लिए लोग इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में इसकी मांग को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अगर आपको भी इस तरह के प्रोग्राम को हैंडल करना और ऑर्गेनाइज करना अच्छा लगता है, तो आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको क्या करना होगा।

### इवेंट मैनेजर का काम क्या है

इवेंट मैनेजर प्रोफेशनल, फोकस्ड और पर्सनल इवेंट्स ओर्गेनाइज करते हैं। जिसमें कॉरपोरेट मिटिंग्स, सेमिनार, प्रॉडक्ट् लॉन्चिंग, मैरिज सेलिब्रेशन, फिल्म अवार्ड फंक्शन, थीम पार्टीज, फैशन और सेलिब्रिटी शो, एग्ज़ीबिशन, म्यूजिकल कॉन्सर्ट आदि शामिल हैं।

### इवेंट मैनेजमेंट कोर्स करवाने वाले प्रमुख संस्थान-

- अमेठी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट, मुंबई
- एकैडमी ऑफ एनिमेशन आर्ट एंड टेक्नोलॉजी, कोलकाता
- इंटरनेशनल सेंटर फ़ॉर इंवेट मैनेजमेंट, दिल्ली
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ एज्युकेशनल लीडरशीप, देहरादून
- अजमेर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मीडिया स्टडीज़, बरेली
- एकैडमी ऑफ़ ब्रॉडकास्टिंग, चंडीगढ़

### क्वालिफिकेशन

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपका 12वीं पास होना बहुत जरूरी है। 12वीं के बाद आप इस क्षेत्र में आगे की पढ़ाई कर सकती हैं।

### कोर्सेस उपलब्ध हैं

इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में करियर बनाना है तो आप डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट एंड पब्लिक रिलेशन्स जैसे कोर्स (इंटीरियर डिजाइनर कोर्स से जुड़ी बातें) कर सकते हैं।

### क्वालिटी क्या होनी चाहिए

परफेक्ट प्लानिंग, गुड कम्युनिकेशन स्किल, गुड पब्लिक रिलेशनशीप, बेहतर बजटिंग, प्रेजेंटेशन स्किल, लीडरशीप क्वलिटी, नॉलेज, अच्छी कल्पना शक्ति, ज्यादा समय तक काम करने की क्षमता, मार्केटिंग और बिजनेस क्षेत्र की कुशल जानकारी होना बहुत जरूरी है।

### जॉब की संभावनाएं

- इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में आप एक इवेंट मैनेजर या कंसल्टेंट के तौर पर जॉब कर सकती हैं।
- आप अपनी खुद की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी भी खोल सकती हैं।
- टेलीविजन शोज और एड फील्ड से जुड़कर उनके प्रॉडक्ट के लिए काम कर सकती हैं।

इवेंट इंडस्ट्री में फंडिंग बहुत ही जरूरी होती है। पैसों की कमी के कारण आप कुछ क्रिएटिव नहीं कर पाएंगी और ना ही इवेंट के लिए जरूरी साजों-सामानों की व्यवस्था कर पाएंगी। इसलिए आपके पास अच्छा बजट होना बहुत जरूरी है। ताकि आप अपना बिजनेस शुरू कर सकें।

### नेटवर्किंग स्किल का होना

इवेंट मैनेजमेंट का काम एक अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता। इसके लिए आपको एक टीम के साथ काम करना होता है। इवेंट स्टार्टअप को सफल बनाने के लिए इंडस्ट्री से जुड़े सभी लोगों के साथ आपकी अच्छी जान पहचान होनी चाहिए। आपका नेटवर्क मजबूत होना चाहिए, ताकि आपको किसी भी तरह के समान की जरूरत पड़ने पर वह आपको तुरंत मिल जाए।

### मार्केटिंग बहुत जरूरी

इवेंट मैनेजमेंट सिर्फ एक ऑर्गेनाइजिंग इवेंट नहीं होता, बल्कि इसके लिए प्लानिंग प्रोसेस में टाइम और मार्केटिंग अहम होती है, जो इवेंट को सफल बनाते हैं। अपने इवेंट को सफल बनाने के लिए आपको सोशल मीडिया का सहारा लेना होगा और उसपर भी मार्केटिंग करनी होगी। मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया एक बड़ा प्लेटफॉर्म है।

### सैलरी कितनी

इस क्षेत्र में महीने की सैलरी के अलावा प्रति इवेंट के हिसाब से भी सैलरी दी जाती है। मैनेजमेंट कोर्स कंपलीट करने के बाद फ्रेशर्स की कमाई कम से कम पांच सौ से एक हजार रुपए प्रतिदिन होती है। अपने अनुभव और क्रिएटिविटी के आधार पर आप आठ हजार से दस हजार रुपए तक प्रति इवेंट कमा सकती हैं। इस क्षेत्र में ज्यादा अनुभव हो जाने पर आप पचास हजार से एक लाख रुपए प्रति इवेंट कमा सकती हैं।






# विदेश में रहते हैं तो इन तरीकों से बढ़ाएं अपने कम्युनिकेशन स्किल्स

**विदेश जाने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है कम्युनिकेशन की। किसी और देश के कल्चर के हिसाब से भाषा सीखना थोड़ा पेचीदा हो सकता है।**

अधिकतर भारतीयों को इंग्लिश बचपन से ही सिखाई जाती है, लेकिन अगर इसे आप यूके या फिर अमेरिका में बोलेंगे, तो भी कम्युनिकेशन गैप आएगा ही। किसी नए देश में जाकर ठीक से कम्युनिकेट करने में बहुत ज्यादा दिक्कत होती है। यह समझने में समय लगता है कि किसी अन्य देश में आप सही कम्युनिकेशन कैसे करें। अगर यूरोप, थाईलैंड जैसे किसी देश में गए हैं, तो वहां की भाषा सीखने और सही कम्युनिकेट करने में समय लगता है।

### बोलने से ज्यादा सुनने की कोशिश करें

कम्युनिकेशन स्किल बेहतर बनाने के लिए आपको पहले एक अच्छा लिसनर बनना होगा। लोगों को यह अच्छा लगता है कि उन्हें सुना जाए। ऐसे में आप किसी और देश में हैं, तो लोगों के हाव-भाव को समझें और उनकी बातों को सुनने की कोशिश करें। खुद से ही उनके सवालों के जवाब ढूंढने की जगह पहले उन्हें ठीक से सवाल पूछने दें। कई बार हम एंग्जाइटी में ही बोल जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना है। जब भी आप किसी से फोन पर बात कर रहे हैं, तो टेक्स्ट मैसेज का जवाब देना, ईमेल करना आदि बहुत खराब होता है। ऐसे में आपके कम्युनिकेशन स्किल कभी बेहतर नहीं हो पाएंगे। विदेशों में इस तरह की चीज को असभ्य माना जाता है।

सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करें

कई बार हम अगर किसी अन्य नेशनालिटी के व्यक्ति से बात करते हैं, तो हम बहुत ही कॉन्शियस हो जाते हैं। यह कई बार अशिष्ट लगता है। कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर बनाने का यह एक बहुत सही तरीका है कि आप अपने व्यवहार को बेहतर बनाएं।

### बॉडी लैंग्वेज ऑफेंसिव ना रखें

कई बार हम किसी वेटर या फिर किसी सब्जी बेचने वाले से भारत में बहुत रूड तरह से बात करते हैं। बाहरी देशों में प्लंबर, कारपेंटर, वेजिटेबल वेंडर, वेटर और ऐसे सभी काम स्किल्ड लेबर में आते हैं। चाहे भारत हो या कहीं और आपको हर काम की इज्जत करनी चाहिए और अपने व्यवहार और बॉडी लैंग्वेज को ऑफेंसिव नहीं रखना चाहिए।

### धीमे बोलें, लेकिन फैक्ट्स का ध्यान रखें

कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर बनाने के लिए फैक्ट्स का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। आपको ध्यान से बोलना होगा और सही बोलना होगा। हम कई बार अपनी तारीफ के चक्कर में कुछ एक्स्ट्रा ही बोल जाते हैं। ऐसा नहीं करना है। ऐसा करने से आपके साथ समस्या बढ़ेगी।

### पॉजिटिव बोलें और स्माइल का ध्यान रखें

अगर आपको किसी को इम्प्रेस करना है, तो स्माइल से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता है। ऐसे में आप हमेशा पॉजिटिव रहें और स्माइल करते रहें। गर्मजोशी से हाथ मिलाएं और फिर आगे बढ़ें। कई बार फर्स्ट इम्प्रेशन ही इससे बहुत अच्छा पड़ता है।

### ज्यादा लंबे टेक्स्ट या ईमेल ना करें

हिंदुस्तान में कॉर्पोरेट ईमेल्स भी बहुत लंबे होते हैं पर यह सही तरीका नहीं है। मेल पर सिर्फ प्वाइंटर आदि होने चाहिए और बाकी चीजों के लिए कॉल या फेस टू फेस कंवर्जेशन ज्यादा बेहतर है। कई बार हम इसे अवॉइड करने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह सही तरीका नहीं है। इससे यह दिखता है कि आप एक अच्छे स्पीकर या लिसनर नहीं हैं।

### लिखने से पहले पढ़ जरूर लें

कम्युनिकेशन का एक अहम नियम है। आप कुछ भी गलत ना बोले ना ही लिखें। आप कोई मेल या टेक्स्ट कर रहे हैं, तो उसे ठीक से पढ़ लें। अगर टेक्स्ट या ईमेल में कोई गलती जाती है, तो लोगों पर आपका इम्प्रेशन सही नहीं पड़ेगा। लिखने के बाद पढ़ने की आदत आपको एम्बैरेस्मेंट से बचा सकती है।



# इन स्किल्स की बदौलत स्कूल स्टूडेंट्स कर सकते हैं अपने सक्सेसफुल करियर की शुरुआत

सक्सेसफुल करियर की चाह सभी रखते हैं। अगर आप भी अपने बच्चों को सक्सेसफुल बनाना चाहती हैं, तो उनके करियर की शुरुआत करने से पहले ही उन्हें कुछ खास स्किल्स सिखाएं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आप उन्हें करियर की शुरुआत में क्या-क्या सिखा सकती हैं, ताकि आगे जाकर उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

### ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी

ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का चलन काफी ज्यादा चल रहा है। ऐसे में आपको भी अपने बच्चों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के बारे में बताना चाहिए। आने वाले समय में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल काफी बढ़ने वाला है। यह उनके फ्यूचर के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है।

### ट्रेडिंग

शेयर मार्केट और ट्रेडिंग के क्षेत्र में भी काफी अवसर हैं। ऐसे में आप चाहें तो अपने बच्चों को इसके बारे में भी बता सकती हैं। आजकल लोग ट्रेडिंग करके हर महीने करोड़ों रुपये कमा लेते हैं। ऐसे में आपको अपने बच्चों को शुरू से ही ट्रेडिंग की जानकारी देनी चाहिए। ऐसे में अगर आपके बच्चे को इस क्षेत्र में रुचि होगी, तो उन्हें इसका काफी फायदा होने वाला है।

### डिजिटल स्किल्स

डिजिटल स्किल्सजैसी कि कोडिंग वगैरह के बारे में बच्चों को जरूर सिखाना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी अपने बच्चों का फ्यूचर सक्सेसफुल बनाना चाहती हैं, तो उन्हें डिजिटल इकोसिस्टम से जुड़ी सारी चीजें जरूर बताएं। अगर जरूरी हो, तो उन्हें डिजिटल स्किल्स से जुड़ी चीजों को सीखने के लिए कोचिंग भी करवा सकती हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड सचिवालय के 1 हजार अफसर 3 दिवसीय हड़ताल पर, सचिवालय, निदेशालय सहित पांचों कमिश्नरी का काम ठप



**रांची, एजेंसी।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के 1000 कर्मी 3 दिवसीय सामूहिक अवकाश पर चले गये हैं। कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो के साथ झारखंड सचिवालय सेवा संघ के विभिन्न मांगों पर वार्ता के बाद सहमति नहीं बनी है इसलिए कर्मी हड़ताल पर चले गये हैं। सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद व महासचिव सिदार्थ बेसरा ने कहा कि संघ के प्रत्येक सदस्य की यह जिम्मेदारी है कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से सफल हो। हम सब मिल कर यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे हक की आवाज सरकार तक पहुंचे। मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सचिवालय, नेपाल हाउस, एफएफपी भवन, एमडीआई बिल्डिंग सहित सभी सचिवालय संलग्न कार्यालय में काम ठप रहा। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा पदाधिकारी, अवर सचिव, उप सचिव से संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी सामूहिक अवकाश पर रहे। इससे सचिवालय का काम ठप हो गया, फाइलों का मूवमेंट रूक गया। इसे लेकर सचिवालय के अफसरों ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है।

### राज्यसभा सांसद ने हिंदपीढ़ी में चाला भवन का किया शिलान्यास कहा- पीएम के सपने को कर रहे साकार

**रांची, एजेंसी।** बीजेपी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रांची विधायक सीपी सिंह के साथ मिलकर हिंदीपिढ़ी स्थित चाला भवन निर्माण का शिलान्यास किया। हिंदीपिढ़ी के वार्ड संख्या 23 स्थित चाला भवन के ऊपर तल्ला का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश की विकास निधि से राशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में जनजातीय समाज बसता है। मोदी जी हमेशा इस समाज की उन्नति और विकास की चिंता करते हैं। इस समाज के स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका को देश और दुनियां जाने। इसके लिए उन्होंने धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। सांसद ने कहा कि एक जनजातीय परिवार की बेटी को राष्ट्रपति जैसे देश के सबसे सर्वोच्च पद पर आसीन कराया। आज मैंने मोदी जी के मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक छोटी सी पहल की है। मैं यह उम्मीद करता हूं कि यह चाला भवन% सह बहुद्देश्यीय विकास केंद्र जनजातीय समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, हिंदपीढ़ी मंडल अध्यक्ष ऋषि खखड़, रवि कुमार, अमन जायसवाल, रोहित सिन्हा चंकी और फिरंगी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जामताड़ा डीसी को दिया आदेश, पहाड़िया गांव में हुई मौतों पर कार्रवाई करने को कहा

**जामताड़ा , एजेंसी।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। पोस्ट में उन्होंने जामताड़ा के डीसी को जामताड़ा जिले के करमाटांड़ के नेंगराटांड़ पहाड़िया गांव में ही मौतों पर संज्ञान लेने का आदेश दिया है। स्वास्थय मंत्री को जैसे ही इस घटना की जानकरी मिली, उन्होंने जामताड़ा डीसी को विशेष टीम गठित कर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जानकारी हो कि जामताड़ा के करमाटांड़ के नेंगराटांड़ पहाड़िया गांव में 6 लोगों की मौत अज्ञात बीमारी के कारण हो गयी है। वहीं दर्जनों लोग बीमारी से पीड़ित हैं। पहाड़िया गांव के लोगों में स्वास्थय विभाग के प्रति आक्रोश है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के लोग सिर्फ दवा देकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। गांव के लोगों को अपने मवेशियों को बेच कर निजी डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ रहा है। वहीं सड़क सुविधा ना होने के कारण लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहकारिता महासम्मेलन का किया उद्घाटन, किसानों को दी 236 पशु एम्बुलेंस की सौगात

**रांची , एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन ने आज द कार्निवल बैंक्विट हॉल, डिबडीह में प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का उद्घाटन किया। मौके पर 236 पशु एम्बुलेंस का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा कि पशु एम्बुलेंस से पशुओं को मुफ्त अस्पताल पहुंचाया जायेगा और इलाज भी मुफ्त किया जायेगा। हेमंत ने आगे कहा कि उनकी सरकार तथा कृषि विभाग का उद्देश्य एवं लक्ष्य राज्य में किसान वर्ग को मजबूती प्रदान करना रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोगों का जुड़ाव खेती-बाड़ी के कार्यों से है। पिछले 4 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किसान वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन और नीति निर्धारण की किया गया है। कहा कि जब गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा। उनकी सरकार राज्य के गांवों की जड़ों को मजबूत करने पर लगी है। जब गांव की जड़े मजबूत होगी तब स्थायी तौर पर राज्य भी मजबूत होगा।



**2 लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफः** हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार सदैव यहां के किसान परिवारों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों के 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफी का निर्णय भी लिया गया है। राज्य सरकार अब कृषि कार्य के लिए किसान परिवारों को बेहतर गुणवत्ता वाले पशु प्रदान कर रही है। राज्य सरकार ने पहली बार ऐसी नीति बनाई जिसमें कृषकों को प्रदान किए जाने वाले सभी पशुओं का इंश्योरेंस किया जाता है ताकि पशुओं के मरने पर उन्हें बीमा की राशि उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर लोग मछली पालन के व्यवसाय से भी जुड़े हैं। राज्य सरकार यहां विभिन्न पशुपालन योजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

### खेत-खलिहान और पशुधन ग्रामीणों का बैंक एवं एटीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों का मूलधन खेत-खलिहान और पशुधन होता है। आप इसे यह कह सकते हैं कि किसानों का बैंक और एटीएम कार्ड खेत-खलिहान और पशुधन ही है। ग्रामीण किसान परिवारों की हर जरूरत इसी से पूरी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने वनोपज को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा कर रही है। ग्रामीणों को वन उपज का सही मूल्य मिल सके इसके लिए भी उनकी सरकार संकल्पित है। खेती-कृषि, विभिन्न पशुपालन तथा वनोपज को एक उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराई जाए तो आने वाले कई समस्याओं से ग्रामीण किसानों को बचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि देश, समाज और परिवार में कृषक वर्ग का स्थान बहुत महत्व रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी चीजों को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार द्वारा किसान पाठशाला, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई अन्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण परिवार इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, सांसद सुखदेव भगत, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता पर मुख्य सचिव के बंगले पर अवैध कब्ज़ा का लगाया आरोप

### बोले- यह सरासर छिछोरापन है



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के बीच रार रुकने का नाम नहीं ले रही है. मंगलवार की शाम सरयू राय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर मंत्री बन्ना गुप्ता पर मुख्य सचिव के सरकारी बंगला पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग करके लिखा है - हेमंत सोरेन जी आपके लाडले बन्ना गुप्ता जी ने मुख्य सचिव के सरकारी बंगला पर महीनों से अवैध कब्ज़ा कर रखा है। यह सरासर छिछोरापन है। चंपाई सोरेन ने इसका आवंटन किया है. सरकार के मंत्री ही ऐसी गुंडागर्दी करेंगे तो शासन में अधीनस्थ को कौन रोकेगा।

### क्या है मामला जानिए

दरअसल मंत्री बन्ना गुप्ता को डोरंडा में सरकारी आवास सरकार की तरफ से आवंटित था लेकिन वहां जहाज छोटा पड़ जाने के कारण वे रांची प्रेस क्लब के बगल में स्थित बंगले में शिफ्ट हो गए हैं. इसी बंगला का जिक्र सरयू राय कर रहे हैं. अब तक इस मामले में मंत्री की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है.

# 2 लाख का इनामी नक्सली मुनेश्वर गंझू ने डाले हथियार, आत्मसमर्पण नीति से हुआ प्रभावित

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर लगातार उग्रवादी सरेंडर कर रहे हैं। सोमवार को टीएसपीसीएस संगठन का सक्रिय उग्रवादी मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम जी ने सरेंडर कर दिया। मुनेश्वर गंझू ने झारखंड की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर रांची एसएसपी चंदन सिन्हा की मौजूदगी में सरेंडर कर हथियार डाल दिया है। बता दें कि मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम जी पर झारखंड पुलिस ने 2 लाख रूपये की नकद राशि का इनाम रखा था।

### एरिया कमांडर था मुनेश्वर गंझू

मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम जी मूल रूप से हजारीबाग के केरेडारी का रहे वाला है। महज 22 वर्ष की उम्र में उसे टीएसपीसी संगठन का एरिया कमांडर बना दिया गया। मुनेश्वर गंझू पर झारखंड के विभिन्न थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुनेश्वर पर हत्या, लेवी वसूली और आर्म्स एक्ट जैसे कई संगीन धाराएं लग चुकी हैं। वह आज से 8-9 साल पहले टीएसपीसी संगठन में शामिल हुआ था। मुनेश्वर टीएसपीसी संगठन के लिए बतौर एरिया कमांडर के रूप में सक्रिय था।

### आत्मसमर्पण का बताया कारण

मुनेश्वर गंझू ने आत्मसमर्पण करने के बाद बताया कि संगठन अब पहले जैसा नहीं रहा। उसने बताया कि टीएसपीएस संगठन शोषण और लेवी वसूली करने में लगी हुई है। यह पार्टी न्याय-अन्याय की बात अब नहीं कर रही है। इस संगठन के शीर्ष नेताओं को सिर्फ लेवी का पैसा चाहिए। उक्त संगठन के शीर्ष नक्सली कमाण्डर नीचे के कमाण्डरों का शोषण एवं सिद्धान्त के विपरित काम कर रहे हैं। वे इलाकों के ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से लेवी के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। मुनेश्वर ने बताया कि नक्सलियों द्वारा की जा रही ग्रामीणों की प्रताड़ना से तंग आकर परिवार के साथ रहकर सामान्य जीवन जीने के लिए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर रहे हैं। उसने संगठन के सक्रिय नक्सली साथियों से अपील की है। वे लोग भी झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेकर हथियार डालें और पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें।

# रांची में नदी किनारे चार युवकों के शव मिलने से मचा हड़कंप, घरवालों ने लगाया पीटकर हत्या करने का आरोप

**रांची, एजेंसी।** बीआइटी इलाके में रकोटी नदी के किनारे से पुलिस ने मंगलवार की देर रात बजे एक साथ चार युवकों के शवों को बरामद किया। मृत युवकों में शाहिद नुरूहुल्लाह, मकसूद अंसारी, शोएब अंसारी और आशिफ अंसारी शामिल हैं। इन चारों युवकों में एक के दोनों हाथ कपड़े से बंधे हुए थे, इसे लेकर पुलिस भी चारों युवकों हत्या की आशंका जता रही है।

एक अन्य युवक के बाल और टीशर्ट जले थे। इसलिए पुलिस गहनता से हर बिंदु की छानबीन कर रही है। सूचना मिलते ही स्वजनों ने भी थाना के समक्ष हंगामा करते हुए चारों युवकों की पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ थाने पहुंच गई। उग्र भीड़ शवों को पोस् मार्टम के लिए रिम् भेजने को तैयार नहीं थी। कुछ देर हंगामा करने के बाद पुलिस ने उन्हें शांत कराया और तब जाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। वहां शवों का पोस्टमार्टम बुधवार को होगा। मृत युवकों में से तीन चेते गांव के निवासी थे, जबकि एक अन्य युवक नेवरी का रहने वाला था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि चारों युवक देर शाम तक घर नहीं पहुंचे हैं। वे मछली मारने नदी की ओर गए थे।



पुलिस ने युवकों का मोबाइल लोकेशन खंगाला तो नदी किनारे का मिला। लोकेशन के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो चारों युवकों के शव बरामद हो गए। चारों युवकों के घरवालों का कहना है कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस यह भी आशंका जता रही है कि बिजली गिरने से भी युवकों की मौत हो सकती है। पुलिस हत्या व बिजली गिरने दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है।

सूचना मिलने पर ग्रामीणों व घरवालों ने मिलकर थाना का घेराव किया और जमकर हंगामा किया। घरवालों का कहना था कि नदी किनारे युवकों को पीट पीट कर मार डाला गया और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। घरवालों ने जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उग्र लोगों ने सड़क जाम करने का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा बुझा कर शांत करा दिया। मृतकों के घरवालों ने थाना को लिखित दिया है कि चारों युवकों की पीट पीट कर हत्या हुई है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है ताकि घटना के बारे में और जानकारी मिल सके।

पुलिस का कहना है कि चारों युवक अक्सर नदी किनारे मछली मारने जाते थे। इसकी जानकारी घरवालों को भी रहती थी। लेकिन मंगलवार की रात ऐसी घटना हो गई इसपर कोई कुछ स्पष्ट नहीं कर रहा है। पुलिस चारों युवकों के दोस्तों से भी पूछताछ कर ही है। चारों युवकों का मोबाइल डिटेल खंगाला जा रहा है ताकि पुलिस को इस मामले में कुछ सुराग मिल पाए। एक युवक का हाथ सामने की ओर से बांधा हुआ था। एक युवक का बाल और टीशर्ट जला हुआ था।

# विभिन्न पार्टियों के 400 से अधिक लोगों ने थामा जेएमएम का दामन, मिथिलेश ठाकुर ने किया स्वागत



**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा प्रखंड के जाटा एवं जोबरईया पंचायत के 400 से अधिक महिला-पुरुष एवं युवा विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से जाटा पंचायत के लालू कुमार मेहता, बबलू कुमार रवि, कुमरिया देवी, संगीता देवी, शितली देवी, अंजू देवी, अमरावती देवी, सरिता देवी, रीमा देवी, मुनिया देवी, सकुंती देवी, बबीता देवी, फुल कुमारी देवी, आलोक रवि, जगमतिया कुंवर, राजेश भुईयां, शीला देवी, किरण मेहता, असलम अंसारी, नागेंद्र कुशवाहा, दीपक कुमार, सुरेश मेहता, बुधन राम, कलावती देवी, राहुल कुमार, विवेक कुमार, बुटन साव, जोबरईया पंचायत हरिजन टोला के पप्पु कुमार रवि, पुरूषोत्तम रवि, रामलखन राम, अर्जुन कुमार, संतोष कुमार, मंतोष रवि, सुनेश राम, चंदन कुमार, आशुतोष राम, सगीर खलीफा, रौशन कुमार रवि, सबीर अंसारी, राजू राम, संग्रहे से दुलारी कुंअर, कुंती कुंअर, रामप्यारी कुंअर, कुमारी कुंअर सहित 400 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि प्रतिदिन झामुमो परिवार काफी बड़ा और मजबूत हो रहा है। पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने से पार्टी और भी मजबूत बन रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्य एवं पूरे राज्य में महिलाओं सहित हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर चलाई जा रही जनोपयोगी योजनाओं से पूरे राज्य के लोग प्रभावित हैं। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने राज्य में पुनः हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

# मंदिर के पास शराब की दुकान का होना समाज के नैतिक मूल्यों पर हमला- वेदांत कौस्तव

**रांची , एजेंसी।** रांची के कडरू स्थित श्री श्री शिव पौराणिक मंदिर के समीप ओना रेस्टोरेंट और बार में शराब की बिक्री एवं परोसने को लेकर स्थानीय नागरिकों में रोष है। इस विषय को लेकर आज युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह एवं युवा नेता वेदांत कौस्तव के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने एनडीसी डॉ सुदेश कुमार के माध्यम से रांची के उपायुक्त के नामित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में युवा आजसू ने रांची जिले के धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार और शराब दुकानों को बंद करने की मांग की है। मंदिरों और शैक्षणिक संस्थानों के निकट शराब परोसे जाने या बिक्री किए जाने संबंधी गतिविधियाँ न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही हैं, बल्कि समाज में भी असंतोष उत्पन्न कर रही हैं। युवा आजसू के वेदांत कौस्तव ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए गए निर्देशों के बावजूद, मंदिरों के बगल में मदिरालय का संचालन चिंताजनक है। हम प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वे इन बार और शराब दुकानों को तत्काल बंद करवाएं और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के समीप शराब की बिक्री और परोसना समाज के नैतिक मूल्यों पर सीधा हमला है।

# मुख्य अभियंता हो या अभियंता प्रमुख, देरी के लिए जिम्मेदार सभी अफसरों पर कार्रवाई करें, जानकारी भी दें: हाईकोर्ट

**रांची, एजेंसी।** साहिबगंज जलापूर्ति योजना में हो रही देरी पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की खंडपीठ ने कार्यपालक अभियंता द्वारा गलत शपथ पत्र दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा-इस योजना में देरी होने के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों पर कार्रवाई करें। चाहे वह कार्यपालक अभियंता हो, मुख्य अभियंता हो या फिर अभियंता प्रमुख या ठेकेदार। कार्रवाई के बाद शपथ पत्र के माध्यम से हाईकोर्ट को जानकारी दें।

कोर्ट ने कहा कि पानी लोगों की मूलभूत जरूरत है। इसके बिना सामाजिक दायित्व का पूरा होना असंभव है। गुड गवर्नेंस के तहत राज्य सरकार को प्राथमिकता के आधार पर पेयजल उपलब्ध कराना होगा। मुख्य सचिव की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संवेदनशील रहें। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि गलत शपथ पत्र देने वाले कार्यपालक अभियंता को शोकॉज किया गया है। इस योजना के लिए रेलवे से एनओसी मिल चुका है। तीन माह में योजना में प्रगति दिखेगी। कुछ जगहों पर पाइपलाइन का काम बचा है, जिसे जल्दी पूरा कर लिया जाएगा।




**210 दिन का समय देने से कोर्ट का इनकारः** कोर्ट ने कहा-यह मामला 16 साल से चल रहा है। सरकार की ओर से जल्दी पानी उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद वर्ष 2016 में एक जनहित याचिका निष्पादित कर दी गई थी। लेकिन लोगों को पानी नहीं मिला। दो साल बाद सिद्धेश्वर मंडल ने फिर याचिका दायर कर काम जल्द पूरा करने का निर्देश देने का आग्रह किया। वहीं सरकार ने 210 दिन का समय मांगा था। कोर्ट ने कहा कि सरकार को 210 दिन का समय नहीं मिलेगा।

# जलमग्नः सड़क पर दो से तीन फीट पानी जमा होने से वाहन सवार हुए काफी परेशान

**रांची, एजेंसी।** राजधानी में मूसलाधार बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया। रात 9 बजे के बाद एक बार फिर बारिश शुरू हुई, जो देर रात तक जारी रही। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को राज्य में सबसे अधिक 20 मिमी बारिश रांची में हुई। शाम में हुई बारिश से शहर की सड़कों पर तालाब जैसा नजारा बन गया। सबसे खराब स्थिति बड़ा तालाब के पास और सेवा सदन रोड की हुई। औघड़ बाबा आश्रम के पास और सेवा सदन रोड में भारी जल जमाव हो गया। सड़क पर दो से तीन फीट पानी जमा होने से वाहन सवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दर्जनों वाहनों के साइलेंसर में पानी घुस गया। इससे वाहन वहीं बंद हो गया। वाहन सवारों को धक्का मारकर अपनी गाड़ी निकालनी पड़ी।



**यहां भी बारिश से स्थिति बिगड़ीः** रातू रोड, मेकॉन से राजेन्द्र चौक और कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण की वजह से जगह-जगह खोदी गई सड़कों की वजह से भी स्थिति बिगड़ गई। रातू रोड कब्रिस्तान से न्यू मार्केट चौक तक और पिस्कामोड़ से आईटीआई रोड पर कीचड़ जम गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के लिए केंद्र सरकार ला रही है ये स्कीम, झारखंड समेत पूरे देश में लागू करने की तैयारी

**रांची, एजेंसी।** सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम ला रही है. असम व चंडीगढ़ में पायलट योजना का ट्रायल सफल रहा है. अनुमानतः इस योजना को झारखंड सहित पूरे देश में सितंबर के मध्य में लागू करने की तैयारी है. इस कड़ी में सड़क परिवहन व राज्यमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए छह सितंबर को झारखंड सहित अन्य राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की है.

कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम से पहले चरण में गोल्डन ऑवर (एक घंटे के अंदर इलाज शुरू करना) में घायलों के इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपये आयुष्मान योजना के लिए इंपैनल अस्पतालों को दिये जायेंगे. ताकि पैसे के अभाव में घायलों का इलाज करने से अस्पताल मना नहीं कर सके. वहीं समय पर इलाज होने से लोगों की जान बच सकेगी. प्रति घायल को सात दिनों के इलाज के लिए केंद्र सरकार डेढ़ लाख रुपये कैशलेस इलाज के लिए देगी. संभव है कि राज्य स्तर पर भी इस योजना के लिए कैशलेस स्कीम कोष बनाया जायेगा. योजना को आइटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से क्रियान्वित किया जायेगा. किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहनों के कारण होनेवाली सड़क दुर्घटनाओं के कारण आघात और पॉली ट्रॉमा की देखभाल की आवश्यकतावाले सभी पीड़ित इस योजना के पात्र होंगे. उल्लेखनीय है कि झारखंड में औसतन 10 से 11 लोगों की मौत सड़क हादसा में हर रोज होती है. किसी व्यक्ति का किसी भी जगह सड़क दुर्घटना होती है, तो उसे कोई भी व्यक्ति अस्पताल में भर्ती करा सकता है. भर्ती के बाद अस्पताल तत्काल इलाज शुरू कर देगा. वहीं जिस जगह पर व्यक्ति दुर्घटना में घायल हो गया है, वहां के थाना व जिले के एसपी को तत्काल अस्पताल उस व्यक्ति के बारे में सूचित करेगा. तीन घंटे के अंदर पुलिस को यह रिपोर्ट देनी होगी कि संबंधित व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है. इस रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम से घायल के इलाज के लिए पैसा ले सकेगा.

सड़क हादसे के लिए जिम्मेदार वाहनों के थर्ड पार्टी बीमा से घायल के इलाज पर खर्च हुए पैसे वसूले जायेंगे. वह पैसा कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम में जमा होगा. यह सड़क दुर्घटना की पुलिस जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी. अगर कोई अज्ञात वाहन घटना को अंजाम देता है, तो भी घायल को कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम का लाभ मिल सकेगा. वहीं जिस वाहन का थर्ड पार्टी बीमा नहीं होगा, तो वैसे वाहन के मालिक के खिलाफ पुलिस की जांच के बाद आगे की कार्रवाई हो सकेगी. किसी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में घायल होने पर अगर पुलिस उसे अस्पताल में भर्ती कराती है, तो वह उसी समय अस्पताल को दुर्घटना की रिपोर्ट देगी. उस आधार पर कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के तहत अस्पताल मरीज का अगले एक सप्ताह तक इलाज करेगा.



# जसप्रीत बुमराह की फाइव ए साइड फुटबॉल टीम में होंगे नामी क्रिकेटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सुपर लीग के एक प्रमोशनल इवेंट में पहुंचे भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने क्रिकेटरों की अपनी आदर्श फाइव-ए-साइड फुटबॉल टीम चुनी जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। बुमराह आखिरी बार टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में दिखे थे जहां उन्होंने मैच ऑफ द मैच रहते हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हरा कर खिताब जीता था।

बुमराह से बातचीत के दौरान पूछा गया कि अगर वह फुटबॉलर होते तो किस पोजीशन पर खेलते। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि मैं एक मिडफील्डर बनूंगा। मुझे बहुत सारा काम करना पसंद है, इसलिए मुझे लगता है कि मैं रक्षा के साथ-साथ आक्रमण में भी मदद कर पाऊंगा। इसके बाद भारतीय क्रिकेटर को एक फाइव-ए-साइड फुटबॉल टीम बनाने के लिए कहा गया, जिसमें भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्रिकेटर शामिल हों। बुमराह ने आक्रमण के लिए एमएस धोनी और विराट कोहली को चुना।

30 वर्षीय ने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने इंग्लिश टीम के बारे में सकारात्मक बातें सुनी थीं, इसलिए उन्होंने डिफेंस में जोस बटलर और स्टुअर्ट ब्रॉड को शामिल किया। गोलकीपर के लिए बुमराह ने मजाकिया अंदाज में खुद को चुना।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा कप्तान बने रहेंगे, जबकि जसप्रीत बुमराह टी20 विश्व कप के बाद पहली बार एक्शन में लौट आए हैं। केएल राहुल और ऋषभ पंत भी शामिल हैं, और यश दयाल को अपना पहला राष्ट्रीय कॉल-अप मिला है।

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में रविचंद्रन अश्विन पूरा करेंगे दोहर शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी और दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 19 सितंबर से शुरू होने वाली भारत-बांग्लादेश की 2 मैच की टेस्ट सीरीज में एक्शन में नजर आएंगे। एशियाई पिचों पर अश्विन का कद और भी ज्यादा ऊंचा हो जाता है। अश्विन की जादुई गेंदबाजी के सामने बड़े से बड़ा बल्लेबाज ढेर हो जाता है। बता दें कि अश्विन टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। वह सिर्फ महान अनिल कुंबले (619 विकेट) से ही इस लिस्ट में पीछे हैं। हालांकि अब बहुत जल्द अश्विन एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं।



### रविचंद्रन अश्विन बनाएंगे यह महारिकॉर्ड

दरअसल, रविचंद्रन अश्विन ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक 34 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 174 विकेट झटके हैं। वह डब्ल्यूटीसी में 200 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बनने से सिर्फ 26 विकेट दूर हैं। वह यह कारनामा जल्द ही कर सकते हैं। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ 2 और इसके बाद अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। वहीं 22 नवंबर से फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैच की रोमांचक टेस्ट सीरीज का भी आगाज हो जाएगा। इन आगामी 10 टेस्ट मैच में अश्विन यह खास दोहरा शतक लगा सकते हैं।

### रविचंद्रन अश्विन का करियर

37 साल के रविचंद्रन अश्विन ने अब तक भारत के लिए 100 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में अश्विन ने 516 विकेट लेने के साथ-साथ 3309 रन भी बनाए हैं। उनके नाम 5 शतक और 14 अर्धशतक भी हैं। वनडे में अश्विन ने 156 विकेट और 707 रन को टी20 में 72 विकेट और 184 रन बनाए हैं। अश्विन को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने 2009 से अब तक आईपीएल में खेले 212 मुकाबलों में 180 विकेट लिए हैं और 800 रन भी बनाए हैं।

तीसरी बार 5 विकेट झटक शतक किया पूरा

## दलीप ट्रॉफी में नहीं चुने गए भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल का इंग्लैंड में दिखा जलवा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में खेले जा रहे घरेलू टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी में नहीं चुने जाने के बाद इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का जलवा देखने को मिला है। नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलने वाले भारतीय लेग स्पिनर ने 5 विकेट लेकर डर्बीशायर के बैटिंग लाइन-अप की कमर तोड़ दी। लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में 152 अंतरराष्ट्रीय मैचों के अनुभव वाले चहल ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का तीसरा पांच विकेट हॉल था। उनकी शानदार गेंदबाजी के बदौलत डर्बीशायर ने अपने आखिरी छह विकेट 10.2 ओवर में सिर्फ 15 रन पर गंवा दिए।

युजवेंद्र चहल ने इस मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल की। उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 100 विकेट पूरे हो गए। 34 वर्षीय स्पिनर ने पहली पारी में 16.3 ओवर में 45 रन देकर 5 विकेट लिए और अपनी टीम को 54 रन की बढ़त दिलाने में मदद की। उनकी ही टीम से भारत के ओपनर पृथ्वी शॉ भी खेल रहे हैं। पृथ्वी का बल्ला पहली पारी में नहीं चला था। दूसरी पारी में भी वह कुछ खास नहीं कर पाए। वह पहली पारी में 4 और दूसरी में 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

### चहल ने एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है

टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे चहल ने भारत के लिए एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। व्हाइट बॉल क्रिकेट के लिए मेन इन ब्लू के लिए वह आखिरी बार 13 अगस्त, 2023 को सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे। वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, लेकिन इसके बावजूद वह किसी भी टी20 वर्ल्ड कप में एक भी मैच नहीं खेले। उन्हें 2022 टी20 विश्व कप और 2024 टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई टीम में शामिल चुना गया था, लेकिन प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में असफल रहे।

### पृथ्वी शॉ भी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर

भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान पृथ्वी शॉ ने 4 अक्टूबर 2018 को राजकोट में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने पहली पारी में शतक बनाया था। वह भारत के लिए टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज हैं, लेकिन उन्होंने 21 दिसंबर 2020 के बाद से भारत के लिए टेस्ट मैच नहीं खेला है। चहल की तरह उन्हें भी बीसीसीआई चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी 2024 से नजरअंदाज कर दिया था, जिसका दूसरा दौर गुरुवार (12 सितंबर) से अनंतपुर में होने वाला है।

सीपीएल 2024

## शाहरुख ब्रिगेड ने प्रीति की टीम को हराया, बैटिंग कोच ने ठोक दिए 19 गेंद पर 52 रन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के 12वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सेंट लूसिया किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया। दोनों टीमों का इंडियन प्रीमियर लीग से नाता है। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स, कोलकाता नाइट राइडर्स की फ्रेंचाइजी है। इसके मालिकों में बॉलिबुड स्टार शाहरुख खान शामिल हैं। सेंट लूसिया किंग्स, पंजाब किंग्स की फ्रेंचाइजी है। इसके मालिकों में प्रीति जिंटा शामिल हैं। यह मैच सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैदान पर सेंट लूसिया किंग्स को ट्रिनबागो नाइट राइडर्स से कभी जीत नहीं मिली है। इस मैच में लग रहा था कि सेंट लूसिया किंग्स को जीत मिलेगी। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को 2 ओवर में 28 रन चाहिए थे और मुंबई इंडियंस के बैटिंग कीरोन पोलार्ड ने 19 वें में 4 छक्के जड़ दिए। इससे शाहरुख खान की टीम जीत गई।

### ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की बैटिंग

कीरोन पोलार्ड ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने 19 गेंद पर 7 छक्के की मदद से 52 रन बनाए। उनके अलावा शक्केरे पैरिस ने 33 गेंद पर 57 रन बनाए। सुनील नरेन 14, जेसन रॉय 16, निकोलस पूरन 17 और कैसी कार्टी 15 रन बनाकर आउट हुए। अकिल होसेन ने विजयी चौका लगाया। वह 5 रन बनाकर नाबाद रहे। सेंट लूसिया किंग्स के लिए मैथ्यू फोर्ड और नूर अहमद ने 2-2 विकेट लिए खरी कैम्पबेल और सैड्रैक डेसकार्टेस ने 1-1 विकेट लिए।सेंट लूसिया किंग्स के लिए रस्टन चेज ने नाबाद 56 रन बनाए। कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने 34 और भनुका राजपक्षे ने 33 रन बनाए। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सुनील नरेन ने और वकार सलामखेल ने 2-2 विकेट लिए। टेरेंस हिंड्स और कीरोन पोलार्ड ने 1-1 विकेट झटके। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स अंक तालिका में तीसरे और सेंट लूसिया किंग्स पांचवें नंबर पर है।



## संक्षिप्त समाचार

### शुक्रिया श्रीजेश : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान गोलकीपर को लिखा पत्र



**नई दिल्ली**–हॉकी को अलविदा कह चुके महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला पत्र सोशल मीडिया पर साझा किया है जिसमें प्रधानमंत्री ने खेल में उनके योगदान की सराहना करते हुए विश्वास जताया है कि वह नए राष्ट्रीय जूनियर कोच के रूप में भी उतने ही प्रभावी होंगे। तोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस में कांस्य जीतने के बाद श्रीजेश ने हॉकी से विदा ली। भारतीय हॉकी की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और चैम्पियंस ट्रॉफी में दो रजत भी जीत चुके हैं। हॉकी इंडिया ने उन्हें जूनियर टीम का नया मुख्य कोच बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में लिखा, 'मुझे विश्वास है कि नई भूमिका में भी आपका काम उतना ही प्रभावी और प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने 16 अगस्त को लिखे पत्र में कहा, 'आपने खेल से विदा लेने का फैसला किया है और मैं भारतीय हॉकी में आपके अपार योगदान की हृदय से सराहना करता हूं। श्रीजेश ने प्रधानमंत्री मोदी का पत्र साझा करते हुए एक्स पर लिखा, 'मेरे संन्यास पर नरेंद्र मोदी सर का पत्र मिला। हॉकी मेरा जीवन है और मैं खेल की सेवा करता रहूंगा। भारत को हॉकी की महाशक्ति बनाने के लिए काम करता रहूंगा जिसकी शुरूआत 2020 और 2024 ओलंपिक पदकों से हो गई है। मुझ पर विश्वास जताने के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री सर। श्रीजेश के करियर के बारे में मोदी ने 2014 एशियाई खेलों में उनके प्रदर्शन को याद किया। इसके अलावा रियो, तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा, 'ऐसी अनगिनत यादें हैं और इनके लिए एक पत्र पर्याप्त नहीं है। उन्होंने लिखा, 'आपको मिले विभिन्न पुरस्कार, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक बताते हैं कि आपने किन ऊंचाइयों को छुआ है। लेकिन इसके बावजूद आपकी विनम्रता और गरिमा, मैदान से भीतर और बाहर, प्रशंसनीय है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'मुझे विश्वास है कि आपका जुनून, प्रतिबद्धता और समर्पण अगली पीढी के विश्व विजेताओं को तैयार करेगा। मैं आपको आपके अथक समर्पण, शानदार कैरियर और भारत को गौरवान्वित करने के लिये धन्यवाद देता हूं। इन सभी यादों के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिये शुभकामना।

### कोकीन खरीदने की कोशिश करने वाला ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी निलंबित

**सिडनी**–ऑस्ट्रेलिया के हॉकी खिलाड़ी टॉम क्रेग को पेरिस ओलंपिक के दौरान कोकीन खरीदने की कोशिश के आरोप में हॉकी आस्ट्रेलिया ने बारह महीने के लिये निलंबित कर दिया है। क्रेग को सात अगस्त की रात पेरिस में कोकीन खरीदने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया लेकिन बाद में छोड़ दिया गया था। फ्रांस के अभियोजकों ने बयान जारी करके पुष्टि की थी कि 29 वर्ष के ओलंपियन और तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को आपराधिक चेतावनी देकर एक रात हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया गया। हॉकी आस्ट्रेलिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा, 'राष्ट्रीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी टॉम क्रेग की पेरिस ओलंपिक 2024 के दौरान गिरफ्तारी के मामले की जांच के बाद हॉकी आस्ट्रेलिया की नैतिकता ईकाई ने 12 महीने के लिये उन्हें निलंबित करने का फैसला लिया है। इसमें कहा गया, 'छह महीने पूर्ण निलंबन होगा और बाकी छह महीने उनके बर्ताव पर निर्भर करेंगे। हॉकी ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि क्रेग 2025 के लिये टीम में चयन के पात्र होंगे।

## डायमंड लीग: नीरज चोपड़ा डायमंड लीग में करेंगे धमाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ब्रूसेल्स डायमंड लीग के फाइनल में दो भारतीय हिस्सा लेंगे. इनमें एक नीरज चोपड़ा हैं तो दूसरे अविनाश साबले हैं. 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले बुसेल्स में होने वाली डायमंड लीग के फाइनल में चुनौती पेश करेंगे. वह स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के साथ इस इवमेंट में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय है. 29 साल के साबले ने 12 खिलाड़ियों के डायमंड लीग फाइनल में पहली बार जगह बनाई है. उनका इवेंट शुक्रवार को होगा जहां सभी 12 प्रतिभागी सीधे फाइनल रेस में भाग लेंगे. साबले ने इस सीजन में डायमंड लीग के दो आयोजनों में हिस्सा लिया है और वह तीन अंक के साथ तालिका में 14वें स्थान पर थे. उनसे ऊंची रैंकिंग वाले चार खिलाड़ियों के प्रतियोगिता से हटने के बाद उन्होंने फाइनल में जगह बनाई.

दो दिवसीय डायमंड लीग फाइनल का आयोजन 13 और 14 सितंबर को होगा. पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज 13 सितंबर को होगी, वहीं जबकि पुरुषों का भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) इवेंट 14 सितंबर को होगा.

साबले ने सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस हीट में 8:09.91 मिनट के समय के साथ अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार के साथ छठा स्थान हासिल किया था. वह 25 अगस्त को सिलेसिया लेग में 14वें स्थान (8:29.96 मिनट) पर थे. साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में ओलंपिक फाइनल में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय बने लेकिन वह अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर सके. पेरिस ओलंपिक में वह 8:14.18 मिनट के समय के साथ11वें स्थान पर रहे थे.

वहीं दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट चोपड़ा ने चौथे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. चोपड़ा ने दोहा और लुसाने में आयोजित लेग प्रत्येक में दूसरे स्थान पर रहने से 14 अंक अर्जित किए. प्रत्येक डायमंड लीग सत्र के फाइनल के चैंपियन को प्रतिष्ठित 'डायमंड ट्रॉफी', 30,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक वाइल्ड कार्ड से सम्मानित किया जाता है. उपविजेता को 12,000 डॉलर मिलेंगे और इसी तरह आठवें स्थान पर रहने वाले को 1000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे.

लुसाने डायमंड लीग के बाद फाइनल के लिए आखिरी लेग मुकाबला 5 सितंबर को ज्यूरिख में हुआ, जिसमें 26 वर्षीय नीरज नहीं खेले. यानी एक तरह से बिना खेले ही नीरज फाइनल में पहुंच गए. नीरज कुल 2 लेग में खेले.

साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस

# शीना चौहान बॉलीवुड में दम रखने को तैयार



साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस शीना चौहान किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने मलयालम फिल्म 'द ट्रेन' से इंडस्ट्री में कदम रखा था। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने ममूटी के साथ काम किया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद भी किया। इसके बाद शीना ने कई दूसरी फिल्मों में काम किया। सिर्फ साउथ ही नहीं, वह हॉलीवुड फिल्मों और ओटीटी सीरीज में भी काम कर चुकी हैं।

अब जल्द ही एक्ट्रेस संत तुकाराम के साथ बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। ऐसे में उन्होंने अपनी आने वाली मूवी, को-स्टार संग काम का अनुभव समेत कई चीजें शेयर की हैं। चलिए जानते हैं।

➔जल्द ही आप बॉलीवुड मूवी में डेब्यू करने वाली हैं, इस मूवी को लेकर कोई अनुभव और कैसे आपको ये मूवी मिली?

यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि इसमें मुझे अपने किरदार को खुद से गढ़ने और उसमें जान डालने का मौका मिला है। मुझे यह फिल्म इसलिए मिली क्योंकि मैं एक खाली पन्ने की तरह हूं, जिस पर निर्देशक और लेखक अपनी सोच को आकार दे सकते हैं। मुझे किरदारों को निभाना, उन्हें जीवंत करना बेहद पसंद है, और इस फिल्म में यही मेरी सबसे बड़ी चुनौती थी। मैं पूरी तरह से निर्देशक के निर्देशों का पालन करती हूं और किरदार में डूबने की कोशिश करती हूं, ताकि वह पर्दे पर असली लगे।

➔इस फिल्म में आप सुबोध भावे और आदित्य ओम के साथ काम कर रही हैं, तो उनके साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

सुबोध भावे और आदित्य ओम जैसे कलाकारों के साथ काम करना बेहद प्रेरणादायक रहा है। दोनों ही अपने किरदारों के प्रति बहुत समर्पित हैं और मुझे भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। वे अपने काम के प्रति जितने पैशनेट हैं, वह चीज मुझे भी अपने किरदारों में और गहराई से उतरने की प्रेरणा देती है। मुझे हमेशा लगता है कि हम कलाकारों का काम है एक दूसरे को प्रेरित करना और इस फिल्म में मैंने इसे बखूबी महसूस किया।

➔आपने साउथ, हॉलीवुड और बॉलीवुड हर इंडस्ट्री में काम किया है, सबसे ज्यादा काम करके आपको कहां मजा आया?

हर इंडस्ट्री में काम करने का अपना एक अलग ही मजा है। साउथ इंडस्ट्री में जो अनुशासन और तकनीकी उत्कृष्टता है, वह काबिले तारीफ है। हॉलीवुड में किरदारों को गढ़ने का तरीका बेहद खास है, वहां बहुत गहराई से किरदार पर काम होता है, जो मुझे बहुत पसंद है और बॉलीवुड में तो कहानियों की विविधता और दर्शकों से जुड़ाव अपने आप में अद्वितीय है। मुझे तीनों जगहों पर काम करना बहुत पसंद आया है और इन सभी अनुभवों ने मुझे एक बेहतर कलाकार बनाया है।

➔आपने सीरीज भी की हैं, ऐसे में बड़े पर्दे और ओटीटी में आपको क्या फर्क लगा, दोनों में से आप किसे बेहतर मानती हैं?

ओटीटी और बड़े पर्दे, दोनों ही प्लेटफॉर्म के अपने अलग-अलग फायदे हैं। ओटीटी पर आपको किरदार को विस्तार से निभाने का मौका मिलता है, क्योंकि समय की कोई पाबंदी नहीं होती। वहीं, बड़े पर्दे की बात ही कुछ और है, क्योंकि वह दर्शकों के साथ एक सामूहिक अनुभव की तरह होता है। दोनों ही माध्यम अपनी जगह पर सही हैं और मुझे दोनों में काम करने का अलग-अलग आनंद मिलता है, लेकिन जहां तक किरदारों की बात है, मैं अपने हर रोल को एक जैसा समर्पण और गंभीरता से निभाती हूं, चाहे वह ओटीटी हो या बड़े पर्दे पर।

➔आप आगे चलकर किस बॉलीवुड डायरेक्टर और एक्टर के साथ काम करना पसंद करेंगी?

मैं उन निर्देशकों और कलाकारों के साथ काम करना चाहती हूं, जो अपने किरदारों और कहानियों को एक नया आयाम देते हैं। मुझे उन निर्देशकों के साथ काम करने में मजा आएगा जो नए तरीके से सोचते हैं और समाज में कुछ सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं। रणबीर कपूर जैसे कलाकारों के साथ काम करने की इच्छा है, क्योंकि उनका अभिनय बहुत ही विविधतापूर्ण है। वहीं, निर्देशक संजय लीला भंसाली और जोया अख्तर जैसे निर्देशकों के साथ काम करने का सपना है, क्योंकि वे अपने किरदारों को जिस गहराई से पेश करते हैं, वह अद्भुत है।

➔आप मानवाधिकारों के लिए भी काम करती हैं और हाल ही में आपको दक्षिण एशिया के लिए मानवाधिकारों की एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया, इसके बारे में कुछ बताइए?

हाल ही में मुझे दक्षिण एशिया के लिए मानवाधिकारों की एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया गया है और मुझे गर्व है कि मुझे राष्ट्रपति पुरस्कार और संयुक्त राष्ट्र की पहली हीरो अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मेरा लक्ष्य एक अरब लोगों तक पहुंचने का है, ताकि मैं अपना वास्तविक संदेश लोगों, खासकर महिलाओं तक पहुंचा सकूं। मेरा मानना है कि भारत में महिलाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती सुरक्षा और भेदभाव है।

महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए सबसे महत्वपूर्ण समाधान शिक्षा है। युवाओं को उनके मौलिक अधिकारों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है, और लड़कों को महिलाओं के प्रति सम्मान का महत्व सिखाना चाहिए। भविष्य की पीढ़ी को यह समझना होगा कि महिलाओं के अधिकार हैं और उन्हें सम्मान दिया जाना चाहिए। मैं चाहती हूं कि मानवाधिकारों की शिक्षा को स्कूलों में अनिवार्य किया जाए, ताकि समाज में सभी को बराबरी और सम्मान मिल सके।

# करीना ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 25 साल!

## द बकिंघम मर्डर्स से निर्माता के रूप में करेंगी नई शुरुआत!



करीना कपूर खान की मच अवेटिड फिल्म द बकिंघम मर्डर्स की रिलीज को बस 3 दिन रह गए हैं और दर्शकों में उत्साह का स्तर चरम पर है। फिल्म का ट्रेलर यह साफ-साफ दर्शाता है कि यह एक यूनीक मिस्ट्री थ्रीलर होने वाली है। लेकिन यह फिल्म करीना के लिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि वह 25 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में पहली बार डायरेक्टर के रूप में भी कदम रख रही हैं जो उनके करियर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। करीना ने लंबे समय से दर्शकों के दिलों पर राज किया है चाहे वह एक खुशमिजाज लड़की का रोल हो, एक भावुक पात्र हो या एक ग्लैमरस हीरोइन। लेकिन पहली बार वह द बकिंघम मर्डर्स में एक पूरी तरह से तीव्र भूमिका निभा रही हैं। यह फिल्म उनके लिए और भी खास है क्योंकि यह उनके निर्माता के रूप में करियर की शुरुआत का प्रतीक है।

यह सच में एक जश्न का पल है क्योंकि वह 25 साल पूरे कर रही हैं। फिल्म उनके पिछले कामों से एक ताजगी और अनोखापन दर्शाती है और यह उनके ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन ग्रोथ को भी दिखाती है। उन्होंने एक यूनीक और ओरिजनल स्क्रिप्ट को चुना है जो उनके डायरेक्टर के रूप में करियर की एक नई शुरुआत का संकेत देती है। द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में विशेष रूप से रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना कपूर खान, आश तांदन, रणवीर ब्रार और कीथ एलेन जैसे बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है और इसे लिखने का काम आसीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने किया है। यह फिल्म महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स के बैनर तले प्रस्तुत की गई है और इसकी निर्माता शोभा कपूर, एकता आर कपूर और पहली बार निर्माता बनीं करीना कपूर खान हैं।



## सिकंदर में दिखेगा सलमान का धांसू एक्शन

सलमान खान बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा अभिनेता है। सलमान की फिल्में बच्चे, बूढ़े और जवान हर किसी को पसंद आती हैं। भाईजान का हर एक प्रशंसक उनकी हर एक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करता है।

आइए बताते हैं सलमान किन फिल्मों में धांसू एक्शन, रोमांस और कॉमेडी करते नजर आने वाले हैं।

सिकंदर की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है और सलमान खान की इस फिल्म की शूटिंग लगातार जारी हैं। इस फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मिली जानकारी के मुताबिक इस फिल्म से अब काजल अग्रवाल का नाम भी जुड़ गया है। यह फिल्म साल 2025 में ईद के मौके पर रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान निर्देशक सूरज बड़जात्या की आगामी फिल्म में नजर आ सकते हैं। सोशल मीडिया पर अफवाहें है कि इस फिल्म का नाम प्रेम की शादी होगा। यह फिल्म भी सूरज बड़जात्या की बाकी रिलीज हो चुकी पारिवारिक फिल्मों की तरह ही बताई जा रही है।

हालांकि, फिल्म को लेकर अभी तक किसी प्रकार की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टाइगर वर्सेज पठान में शाहरुख खान और सलमान खान एक साथ नजर आ सकते हैं। टाइगर वर्सेज पठान यशराज फिल्म्स का अब तक का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट भी माना जा रहा है, जहां सलमान खान और शाहरुख खान का फेसऑफ देखने को मिलेगा।

# रश्मिका मंदाना का हुआ एक्सीडेंट

**गीता** गोविंदा, एनिमल जैसी बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहीं रश्मिका मंदाना का हाल ही में माइनर एक्सीडेंट हुआ है।



एक्सीडेंट के बाद रिकवरी के लिए एक्ट्रेस बीते लंबे समय से डॉक्टर्स की सलाह पर घर में ही थीं। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को अपनी हेल्थ अपडेट दी है। रश्मिका मंदाना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है, हैलो, आप सब कैसे हैं। मैं जानती हूं कि मुझे यहां आए और पब्लिक में गए काफी टाइम हो गया है। मेरे लंबे समय से एक्टिव न होने का कारण मेरा एक्सीडेंट है। (छोटा सा एक्सीडेंट)। मेरी रिकवरी चल रही थी और डॉक्टर की सलाह पर मैं घर में ही थी। आगे एक्ट्रेस ने लिखा है, अब मैं ठीक हूं और सचेत रहने के लिए मैं अपनी एक्टिविटीज के लिए सूपर एक्टिव होने के फेज में हूं। अपना ख्याल रखते हुए हमेशा खुद को प्रायोरिटी बनाइए। क्योंकि जिंदगी बेहद नाजुक और छोटी है और हम नहीं जानते कि हम कल हैं या नहीं इसलिए हर दिन खुशियां चुनिए। एक और अपडेट ये है कि मैं बहुत सारे लड्डू खा रही हूं।

बताते चलें कि रश्मिका मंदाना की आखिरी रिलीज हुई फिल्म साल 2023 की ब्लॉकबस्टर हिट एनिमल थी। जल्द ही वो 6 बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

# हॉउसफुल 5 का हिस्सा बन ठहाकों का डोज देने को तैयार जैकी श्रॉफ!

## फिल्म की शूटिंग पर भी मिला अपडेट



**अक्षय** कुमार ने बीते साल 2023 में हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 की घोषणा कर फैंस को बड़ा तोहफा दिया था। इसके बाद से ही प्रशंसक हाउसफुल 5 के साथ हंसी की रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हैं। वे लगातार फिल्म से जुडी छोटी से छोटी जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख जैसे पुराने कलाकार हाउसफुल 5 में कुछ नए ट्विस्ट के साथ वापस आ रहे हैं। साथ ही संजय दत्त, फरदीन खान, कृति खरबंदा, नोरा फतेही और पूजा हेगड़े जैसे नए सदस्य भी हैं। वहीं, अब इस फिल्म में एक और नए कलाकार के शामिल होने की खबर सामने आई है।

जैकी श्रॉफ हाउसफुल 5 में शामिल होने के लिए तैयार हैं। साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल फिल्म फ्रेंचाइजी अपनी पांचवीं किस्त के साथ वापस आ गई है, जो इस महीने के अंत में जल्द ही फ्लोर पर आ जाएगी। हाल ही में खबर आई कि बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ को आगामी कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में मुख्य भूमिका में शामिल होने के लिए चुना गया है। हाउसफुल बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक है, जिसमें कई स्टार कलाकार हैं और यह पिछले दो दशकों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

जैकी श्रॉफ के फिल्म में शामिल होने की खबर के बाद से प्रशंसकों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। हाउसफुल फिल्म सीरीज की हर किस्त ने हमें अलग-अलग और कई तरह के हंसी-मजाक वाले पल दिए, जिसने इसे बॉलीवुड में एक लोकप्रिय कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी बना दिया, इसलिए अब दर्शकों को हाउसफुल 5 से क्रेज और हंसी-ठहाकों के साथ रोमांच की उम्मीदें और अधिक हो गई हैं।

हालांकि, हाउसफुल 5 स्टार-कास्ट के विशिष्ट किरदारों को अभी गुप्त रखा गया है, लेकिन एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जैकी श्रॉफ और संजय दत्त दोनों ही कॉमेडी ड्रामा के मुख्य किरदार होंगे। उनके किरदार कहानी में कॉमेडी और ड्रामा का मजा देंगे। अपनी कॉमिक टाइमिंग और आकर्षक स्क्रीन प्रेजेंस के साथ जैकी श्रॉफ और संजय दत्त से फिल्म में हाई-वोल्टेज एनर्जी लाने की उम्मीद है। हालांकि, इन खबरों पर प्रोडक्शन हाउस या निर्माताओं ने चुप्पी नहीं तोडी है। फिलहाल उनकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार बाकी है।

# कभी मां नहीं बन सकतीं सेलेना गोमेज



इंटरनेशनल स्टार सेलेना गोमेज ने हाल ही में खुलासा किया है कि वो कभी मां नहीं बन सकतीं। सेलेना की मानें तो इस खबर ने उन्हें बुरी तरह तोड़कर रख दिया, जिससे वो कई दिनों तक शोक में रही थीं। हाल ही में वैनिटी फेयर को दिए एक इंटरव्यू में सेलेना गोमेज ने कहा है, इससे पहले मैंने ये कभी नहीं कहा है, लेकिन दुर्भाग्य से मैं अपना बच्चा नहीं कर सकती हूं।

मेरे साथ कई मेडिकल इशू हैं जिनके चलते मेरे बच्चे की जिदंगी को खतरा हो सकता है। ये एक ऐसी चीज है, जिसके चलते में लंबे समय तक शोक में रही हूं। इंटरनेशनल सिंगर ने ये भी बताया है कि वो बच्चे चाहती हैं, ऐसे में वो सरोगेसी या एडॉप्शन का सहारा लेंगी। उन्होंने कहा था, मैं एक अच्छी जगह पर हूं। ये एक आशीर्वाद की तरह है कि कुछ वंडरफुल लोग सरोगेसी और एडॉप्शन को चुनते हैं, ये मेरे लिए भी बड़ी पॉसिब्लिटीज हैं।



# अक्षरा सिंह की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

## जारी हुआ गैर जमानती वारंट, 6 साल पुराने मामले में हो सकती हैं गिरफ्तार!

भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह मुश्किलों में फंस सकती हैं। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है, जिसके तहत उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। ये मामला 6 साल पुराना है। वो एक प्रोग्राम में शामिल नहीं हुई थीं, जिसके बाद काफी बवाल हुआ था। उनके फैंस ने गदर काट दिया था। खगड़िया में शहीद किशोर कुमार मुन्ना की याद में एक प्रोग्राम होने वाला था, जिसके लिए चंदा इकट्ठा किया गया था। इस प्रोग्राम में अक्षरा सिंह को बुलाया गया था, लेकिन वो इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं, जिसके बाद काफी बवाल हुआ। उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की। कुर्सियां तोड़ दीं और टेंट उखाड़ दिए। इस घटना में कई लोग जख्मी भी हो गए थे, जिसके बाद एक्ट्रेस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में साल 2020 में एडीजे पंचम की अदालत ने अक्षरा सिंह की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। अब उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है।



# बॉलीवुड में इस एक्ट्रेस ने देखा डरावना दौर

**बॉलीवुड** की दुनिया में एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने हाल ही में अपने करियर की शुरुआती जर्नी के बारे में एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने अपने इंटरव्यू में बताया कि कैसे इंडस्ट्री में कदम रखते समय उन्हें डर और निराशा का सामना करना पड़ा। जानिए, दीया ने अपने संघर्ष और कठिनाइयों के बारे में क्या कहा और कैसे अब हालात में बदलाव आया है। अपने हालिया इंटरव्यू में दीया ने बताया कि कैसे उन्होंने इंडस्ट्री में अपने पहले दिनों में डर और निराशा का सामना किया।

दीया मिर्जा ने हाईजैक में अपनी हालिया भूमिका के लिए प्रशंसा प्राप्त की है, लेकिन उनके करियर की शुरुआत आसान नहीं थी। बात करते हुए, दीया ने उन दिनों की यादें साझा की जब उनकी कुछ फिल्में सफल नहीं हुई और वह बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं।

दीया ने खुलासा किया, मैं दुखी थी और डर से भरी हुई थी। मीडिया और इंडस्ट्री ने हमारे दिमाग में यह बैठा दिया था कि औरतों की शेल्फ लाइफ होती है। अगर आप 20 साल की हैं, तो आपको किसी बड़े स्टार के साथ कास्ट नहीं किया जाएगा। मेल सुपरस्टार्स को आपकी एक निश्चित उम्र चाहिए और एक निश्चित लुक में होना चाहिए। दीया ने अपने इंटरव्यू में बताया कि अब स्थिति में सुधार हुआ है।

साभार-एजेंसी